@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

शुक्रवार, 13 सितंबर 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक – गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 308 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## ममता ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की पेशकश की

कोलकाता, 12 सितंबर। पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मुद्दे पर सरकार और चिकित्साकर्मियों के बीच गतिरोध जारी है। इस मुद्दे पर गुरुवार को डॉक्टरों का एक दल बैठक के लिए नबन्ना पहुंचा। हालांकि, यहां



बैठक नहीं हो पाई। ममता बनर्जी ने बैठक को लेकर कहा कि बातचीत होने पर ही समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए उन्होंने दो घंटे तक डॉक्टरों का इंतजार किया। हालांकि, उन्हें इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद ममता ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की पेशकश की। बताया गया है कि पुलिस सुरक्षा में प्रतिनिधिमंडल शाम करीब साढ़े पांच बजे सचिवालय पहुंचा, जबकि बैठक का समय पहले पांच बजे तय हुआ था। राज्य सरकार की तरफ से 15 लोगों की शर्त के बावजूद 30 चिकित्सक नबन्ना पहुंचे। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य भवन के बाहर धरना शुरू करने से पहले कहा था कि वे बैठक का सीधा प्रसारण करने की मांग से पीछे हटने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। राज्य के मुख्य सचिव बैठक के लिए अपने नये निमंत्रण में पहले ही इस मांग को अस्वीकार कर चुके हैं। बैठक स्थल पर चिकित्सक और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने अलग-अलग बैठक की ताकि यह तय किया जा सके कि बैठक की प्रक्रिया का सीधा प्रसारण किया जाए या नहीं।

# अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला आज

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 12 सितंबर। इससे पहले 5 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें ट्रायल कोर्ट जाने को कहा था। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने दलील दी थी कि दिल्ली सीएम जमानत पर बाहर आने के बाद गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। वह कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में तिहाड़ में बंद थे। इस बीच स्पाइसजेट ने भी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। विमानन कंपनी ने कोर्ट से मांग की है कि वह पट्टेदारों के भुगतान में विफल रहने पर तीन विमान इंजनों का उपयोग बंद करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई करे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया है। कोर्ट ने स्पाइसजेट से कहा कि वह अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने वाला ई-मेल भेजे। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा था कि स्पाइसजेट ने बकाया भुगतान के लिए एक सहमत अंतरिम व्यवस्था का उल्लंघन किया है। खंडपीठ ने भुगतान न करने के कारण



स्पाइसजेट को तीन इंजनों का इस्तेमाल बंद करने के एकल न्यायाधीश के आदेश को बरकरार रखा था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 14 अगस्त को स्पाइसजेट को 16 अगस्त तक तीन इंजनों का इस्तेमाल बंद करके उन्हें पट्टेदारों – 'टीम फ्रांस 01 एसएएस' और 'सनबर्ड फ्रांस 02 एसएएस' को सौंपने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन में शामिल होने वाले ढोल-ताशा समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के एनजीटी के आदेश पर रोक लगाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने महाराष्ट्र सरकार, पुणे के अधिकारियों और अन्य को नोटिस जारी किया और कहा कि उन्हें ढोल, ताशा बजाने दें, यह पुणे के दिल में है। इससे पहले कोर्ट ने भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन में शामिल होने वाले ढोल-ताशा समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमति जताई थी।पीठ ने एक वकील की दलीलों पर गौर किया, जिन्होंने पूछा था कि लोगों की संख्या कैसे सीमित की जा सकती है। एनजीटी ने ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से गणपति विसर्जन में शामिल ढोल-ताशा समूह में लोगों की संख्या 30 तक सीमित कर दी थी। गणेश चतुर्थी का त्योहार सात सितंबर से शुरू हुआ और यह 10-11 दिन तक मनाया जाता है। महाराष्ट्र के कुछ भागों में ढोल-ताशा समूह पारंपरिक त्योहारों का अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

## स्कूल जॉब घोटाला मामले में माणिक भट्टाचार्य को मिली जमानत

कोलकाता, 12 सितंबर। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को जमानत दे दी। माणिक भट्टाचार्य को पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने भट्टाचार्य को इस शर्त पर जमानत दी कि उन्हें अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करना होगा और वे जांच अधिकारी की अनुमति के बिना शहर के बाहर नहीं जा सकते। नादिया जिले के पलाशीपारा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक भट्टाचार्य को राज्य में शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने 2022 में गिरफ्तार किया था। माणिक भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सीबीआई द्वारा शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच की जा रही है। सीबीआई ने गुरुवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में टीएमसी विधायक डॉ. सुदीप्तो रॉय से उनके आवास पर पूछताछ शुरू की। एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी श्रीरामपुर के विधायक रॉय के नर्सिंग होम में भी तलाशी अभियान चला रहे हैं। सीबीआई अधिकारी ने बताया, डॉक्टर की मौत की खबर फैलने के तुरंत बाद वह अस्पताल में मौजूद थे। हम उनसे इस मामले में पूछताछ कर रहे हैं। डॉ. सुदीप्तो रॉय आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष भी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने बुधवार को आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय से पूछताछ की।

# राहुल के अमेरिका में दिए बयानों पर भड़के उपराष्ट्रपति धनखड़

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 12 सितंबर। अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना अधिक निंदनीय और असहनीय है। वह इस बात से दुखी और परेशान हैं कि पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित के बारे में कोई जानकारी नहीं है। राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के तीसरे बैच के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि अगर हम सच्चे भारतीय हैं तो हम कभी भी देश के दुश्मनों का साथ नहीं देंगे। उनको देश के संविधान की कोई जानकारी नहीं है। हमारे राष्ट्रीय हित के बारे में कोई जानकारी नहीं है। धनखड़ ने कहा कि मुझे यकीन है कि आप जो देख रहे हैं उसे देखकर आपका खून खौल रहा होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के लिए लोगों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। माताओं ने अपने बेटे खोए हैं। पत्नियों ने अपने पति खोए हैं। हम अपने राष्ट्रवाद का उपहास नहीं उड़ा सकते। देश के बाहर हर भारतीय को राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। कितना दुखद है कि जो व्यक्ति एक संवैधानिक पद पर है, वह इसका ठीक उल्टा कर रहा है। इससे अधिक



निंदनीय, घृणित और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के दुश्मनों का हिस्सा बन जाएं। धनखड़ ने कहा कि ऐसे लोग आजादी का मूल्य नहीं समझते। वे नहीं समझते कि देश में पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है। संविधान पवित्र है और इसे संस्थापकों ने तीन वर्षों की कड़ी मेहनत से तैयार किया था। संविधान सभा के सदस्यों की बैठक बिना किसी व्यवधान, व्यवधान, नारेबाजी और किसी पोस्टरबाजी होती थी। अब कुछ लोग देश को बांटना चाहते हैं। यह घोर अज्ञानता है। वॉशिंगटन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अगर सरकार हमारे क्षेत्र के 4,000 वर्ग किलोमीटर में चीनी सैनिकों को रखने को किसी चीज से अच्छी तरह से निपटना कहते हैं, तो हो सकता है कि हमने लद्दाख में दिल्ली के आकार की भूमि पर चीनी सैनिकों का कब्जा कर रखा हो। मुझे लगता है कि यह एक आपदा है। अगर कोई पड़ोसी आपके क्षेत्र के 4000 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर ले तो अमेरिका की क्या प्रतिक्रिया होगी? क्या कोई राष्ट्रपति यह कहकर बच निकल पाएगा कि उसने इसे अच्छी तरह से संभाला है? इसलिए मुझे नहीं लगता कि पीएम मोदी ने चीन को बिल्कुल भी अच्छी तरह से संभाला है। मुझे लगता है कि चीनी सैनिकों के हमारे क्षेत्र में बैठने का कोई कारण नहीं है।

## सीताराम येचुरी वामपंथ के अग्रणी प्रकाश थे: पीएम मोदी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 12 सितंबर। वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माक्सर्वादी) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन के बाद राजनेताओ ने शोक व्यक्त किया है। गुरुवार को राहुल गांधी समेत कई राजनेताओं ने सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी। सीपीआई एम के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि सीताराम येचुरी के निधन से दु:ख हुआ। वह वामपंथ के अग्रणी प्रकाश थे और राजनीतिक स्पेक्ट्रम से जुड़ने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने एक प्रभावी सांसद के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा कि सीताराम येचुरी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। पहले एक छात्र नेता और फिर राष्ट्रीय राजनीति में सांसद के रूप में उनकी एक विशिष्ट और प्रभावशाली




पहचान थी। एक प्रतिबद्ध विचारक होते हुए भी उन्होंने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर मित्र बनाए। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीताराम येचुरी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि वह देश की गहरी समझ रखने वाले और भारत के विचार के रक्षक थे। सीताराम येचुरी जी एक मित्र थे। मैं हमारे बीच होने वाली लंबी चर्चाओं को याद करूंगा। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सीताराम येचुरी का निधन हम सभी के लिए एक गहरी क्षति है। हमारे देश के प्रति उनकी वर्षों की सेवा और समर्पण सम्मान के योग्य है। वह स्वाभाविक रूप से एक सभ्य इंसान थे, जो राजनीति की कठोर दुनिया में संतुलन और सौम्यता की भावना लेकर आए। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और उनके प्रियजनों को इस त्रासदी का सामना करने की शक्ति और साहस मिले। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने लिखा कि अनुभवी सीपीआई-एम नेता सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख हुआ। वह भारतीय राजनीति की सबसे सम्मानित आवाज़ों में से एक दिग्गज व्यक्ति थे। वह मुद्दों पर अपनी बौद्धिक सोच और जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ाव के लिए जाने जाते थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ उनकी गहन बहसों ने उन्हें अपनी पार्टी से परे भी पहचान दिलाई। उनके परिवार, साथियों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। उसकी आत्मा को शांति मिले। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने भी सीपीआई नेता सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी।

# 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था : मल्लिकार्जुन खरगे

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 12 सितंबर। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पीएम ने चुनाव से पहले 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था। मगर, अब उनकी गठबंधन सरकार के 95 दिनों में देश उनकी निष्क्रियता के भयानक परिणाम भुगत रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स में कहा, नरेंद्र मोदी जी चुनाव से पहले आपने जोर-शोर से 100 दिन के एजेंडे का ढिंढोरा पीट दिया था। अब 95 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन आपकी गठबंधन सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। खरगे ने कहा, चलिए थोड़ा पीछे ले चलते हैं। आपकी सरकार गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोड़ने के लिए एक जनविरोधी बजट लेकर आई है। जम्मू एवं कश्मीर में, विशेष रूप से जम्मू में आतंकवादी हमले हुए, जहां भारतीय सेना के कई बहादुर जवान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि 16 महीने बीत गए हैं। मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री जी आपके पास राज्य को देखने के लिए समय तक नहीं है।



मोदी-अदाणी महा घोटाले का खुलासा और सेबी अध्यक्ष द्वारा भूल-चूक के कारनामों को अब और दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, चाहे वह नीट पेपर लीक घोटाला हो या बड़े पैमाने पर बेरोजगारी साबित करने वाली घटना, मोदी सरकार ने हर दिन युवाओं को धोखा दिया है। उन्होंने यह भी कहा, चाहे महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा हो, हवाई अड्डों की छत हो, अयोध्या में भगवान राम मंदिर हो, एक्सप्रेसवे, पुल, सड़कें, सुरंग हो, ऐसे कुछ भी जो बनाने का आप (पीएम मोदी) दावा कर रहे हैं, उन सभी में खामियां थीं। रेलवे सुरक्षा गंभीर खतरे में है। शहरों में पानी भर गया है और राज्यों को पर्याप्त राहत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि आपको वक्फ विधेयक को जेपीसी को सौंपना पड़ा, यूपीएस में यू टर्न लेने और लेटरल एंट्री पर संविधान का समर्थन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसका पूरा श्रेय जनता और इंडी गठबंधन के दलों को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कोई नहीं जानता कि 100 दिनों के लिए आपका एजेंडा क्या था।

## चंडीगढ़ बम ब्लास्ट: बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने ली जिम्मेदारी

चंडीगढ़, 12 सितंबर। चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित 575 निवासी रिटायर्ड प्रिंसिपल की कोठी पर बुधवार शाम हुए हैंड ग्रेनेड बम ब्लास्ट की जिम्मेदारी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ग्रुप ने ली है। उन्होंने एक पोस्टर जारी करते हुए कहा कि 1986 में पंजाब के नकोदर में मारे गए सिख शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एसपी जसकीरत सिंह चहल व उसके गनमैन को मार दिया गया है। बीकेआई की तरफ से जारी यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल इस कोठी पर जसकीरत चहल की समझकर यह हमला किया गया था। क्योंकि आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप की तरफ से यही समझकर कोठी पर हैंड ग्रेनेड फेंका गया था कि इस कोठी में पूर्व एसपी जसकीरत चहल परिवार के साथ रहते हैं। पंजाब में आतंकवाद के समय आईपीएस चहल ने काफी काम किया था जिसके चलते वह वह आतंकियों के निशाने पर थे। क्योंकि कुछ साल पहले भी चहल के यहां रहने के समय अज्ञात बदमाशों द्वारा इस कोठी की रेकी करके हत्या करने की योजना बनाई गई थी। हालांकि उस समय जांच टीमों ने रैकी करने से लेकर हत्या करने की योजना बनाने वालों को पकड़ लिया था। उस समय भी चंडीगढ़ व पंजाब पुलिस की संयुक्त टीमों ने मिलकर इस मामले को सुलझाया था। इसी कोठी में कुछ समय पहले तक पंजाब पुलिस के जालंधर से एसएसपी के पद से रिटायर जसकीरत सिंह अपने परिवार के साथ किराए पर पहले फ्लोर पर रहते थे। कोविड के दौरान उनके अधिवक्ता बेटे की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने इस किराए की कोठी को खाली कर दिया था और वह मौजूदा समय में सेक्टर-10 में ही रहते है।

## रूसी राष्ट्रपति से एनएसए अजीत डोभाल ने की मुलाकात

मॉस्को, 12 सितंबर। ब्रिक्स देशों के एनएसए सम्मेलन में भाग लेने रूस गए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस के राष्ट्रपति से रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने को लेकर चर्चा की। साथ ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक का प्रस्ताव रखा। एनएसए सम्मेलन से अलग भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सेंट पीटर्सबर्ग में बैठक की। पुतिन ने कहा कि हम अपने अच्छे दोस्त मोदी का इंतजार कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने 22 अक्तूबर को कजान में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक का प्रस्ताव रखा। बैठक में पीएम मोदी को उनकी मॉस्को यात्रा के दौरान हुए समझौतों को लेकर हुई प्रगति के बारे में बताया जाएगा। साथ ही भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी। रूस के भारतीय दूतावास के मुताबिक एनएसए अजीत डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रूसी राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। इससे पहले अजीत डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में



अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। दोनों शीर्ष अधिकारियों की बैठक में यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका और पारस्परिक हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि अजीत डोभाल की रूस यात्रा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की थी और कहा था कि भारत क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# मायावती ने क्यों किया सम्राट अशोक और आयरन लेडी का जिक्र

**नरेश मल्होत्रा**

लखनऊ, 12 सितंबर। बीते कुछ समय से बहुजन समाज पार्टी के लगातार गिरते सियासी ग्राफ को लेकर पार्टी ने नई रणनीतियां बनानी शुरू कर दी हैं। इन रणनीतियों के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने खुद को आयरन लेडी बताने से लेकर सम्राट अशोक के मजबूत शासन काल तक का जिक्र किया है। यही नहीं, मायावती ने जातिगत समीकरणों में एक बार फिर से सोशल इंजीनियरिंग का जिक्र करते हुए ब्राह्मणों के उत्थान की बात सिर्फ बसपा के शासनकाल में होने की बात कही है। दरअसल आने वाले विधानसभा के उपचुनाव और 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए बसपा ने अपने कार्यकर्ताओं और सदस्यों में 59 पेज की एक बुकलेट छपवाकर बटवानी शुरू की है। जिसमें उन्होंने कई सियासी खुलासे भी किए हैं। बीते कुछ चुनावों में जिस तरह से बसपा का ग्राफ नीचे गिरा है उसको लेकर पार्टी लगातार चिंतित है। इसी साल हुए लोकसभा के चुनावों में जो नतीजे आए हैं उससे तो पार्टी को अपनी पूरी सियासी रणनीति बदलने को मजबूर होना पड़ा है। इसी कड़ी में पार्टी ने अब तय किया था कि बसपा अपने पुराने वाले स्वरूप में वापिस आएगी। बसपा की ओर से तय योजना के मुताबिक उनकी सरकार के दौरान किए गए काम को एक बुकलेट के माध्यम से तैयार किया गया है। फिलहाल अब इन बुकलेट को लाखों की संख्या में छपवा कर घर घर भेजना शुरू किया जा चुका है। इस बुकलेट में मायावती ने दलितों के लिए शुरू हुए बसपा आंदोलन के प्रत्येक कार्य का जिक्र किया है। अपनी इस बुकलेट में मायावती ने सपा कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा है। बहुजन समाज पार्टी के नेता और बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व उप प्रभारी रहे चंद्रकुमार कहते हैं कि इस बुकलेट को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा जा रहा है। ताकि बसपा के आंदोलन के बारे में उनके पुराने साथियों और युवाओं को पता चल सके। मायावती ने अपनी इस 59 पेज की बुकलेट में राहुल गांधी के जूता मरम्मत वाले एक दुकानदार के यहां रुकने को भी राजनीति करार देकर निशाना साधा है। उन्होंने अपने दलित समुदाय को इस पूरे घटनाक्रम के साथ कहा कि सिर्फ एक जाति विशेष के लोग अपने जन्म के आधार पर ही जूता बनाने और मरम्मत का काम क्यों करें। उन्होंने इस बुकलेट में ब्राह्मणों के लिए भी बड़ी बात कहते हुए उनको अपने सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया है। मायावती ने इस बुकलेट के माध्यम से सपा कांग्रेस और भाजपा में ब्राह्मण के



किसी भी तरीके के उत्थान न होने की बात कही है। बहुजन समाज पार्टी ने अपनी सियासी रणनीति के मुताबिक एक बार फिर से ब्राह्मणों पर मजबूती से दांव लगाने के लिए बुकलेट का सहारा लिया है। मायावती ने इस बुकलेट के माध्यम से समाजवादी पार्टी और बसपा के गठबंधन टूटने की कई वजहों का भी खुलासा किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने उनका और उनके नेताओं का फोन तक उठाना बंद कर दिया था। वह बुकलेट के माध्यम से अपने समाज के लोगों को एक संदेश देने की कोशिश करती है कि पार्टी ने स्वाभिमान के चलते समाजवादी पार्टी से अलग होने का फैसला लिया था। हालांकि मायावती के इस आरोप पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी खंडन करते हैं। उनका कहना है कि उनके नेता अखिलेश यादव गठबंधन का धर्म बहुत अच्छे से निभाते हैं। इसलिए यह कहना कि उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया पूरी तरह से निराधार है। इस दौरान मायावती ने अपने वोटरों को एक बार फिर से लखनऊ के उस गेस्ट हाउस कांड की याद दिलाआई जिसको लेकर सियासी गलियों में कभी भूचाल आ गया था। अपनी इस बुकलेट के माध्यम से मायावती ने अपनी कड़क छवि को भी खूब कसके चमकाया है। इस दौरान लोगों को बुकलेट के माध्यम से इस बात का भी एहसास कराया गया है कि मायावती ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर समाज का उत्थान करेंगे। मायावती को इस बुकलेट में आयरन लेडी कहकर के संबोधित किया गया है। और आयरन लेडी के नेतृत्व में सत्ता की मास्टर चाबी पाने से लेकर बहुजन समाज के उत्थान का जिक्र है।

## बांग्लादेश में पूर्व सांसद फजले करीम चौधरी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**ढाका।** बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने रावजान (चटगांव-6) के पूर्व सांसद (एबीएम) फजले करीम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया । उन्हें देररात ब्राह्मणबारिया के अखौरा के सीमावर्ती क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। बॉर्डर



गार्ड बांग्लादेश के जनसंपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम ने आज सुबह इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, चौधरी अवैध रूप से भारत भागने की फिराक में थे। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से वह भूमिगत थे। उनके खिलाफ चट्टोग्राम में पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबियों की धरपकड़ तेजी के साथ की जा रही है।

## जॉर्डन के संसदीय चुनाव के प्रारंभिक नतीजों में इस्लामिक एक्शन फ्रंट सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**अम्मान।** जॉर्डन के स्वतंत्र चुनाव आयोग के अध्यक्ष मूसा मायता ने देश के 20वें संसदीय चुनाव के प्रारंभिक परिणामों की घोषणा दी। इसमें इस्लामिक एक्शन फ्रंट सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि 138 सीटों वाले संसद के निचले सदन के लिए हुए चुनाव में 105 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। द जॉर्डन टाइम्स ने आयोग के अध्यक्ष मूसा मायता के हवाले से कहा है कि इस्लामिक एक्शन फ्रंट ने स्थानीय और राजनीतिक दलों (सामान्य) दोनों सूचियों के 31 सदस्यों के साथ संसदीय चुनाव में सबसे अधिक सीटें हासिल कीं। मिताक पार्टी ने 21, इरादा पार्टी ने 19 और तकादुम पार्टी ने आठ सीटें हासिल की हैं। इस चुनाव में 27 महिलाओं जीत दर्ज की। पिछले चुनाव में 15 महिलाएं चुनाव जीतकर सदन में पहुंची थीं।

## अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 101 वां सदस्य देश बना नेपाल, भारत ने स्वागत किया

**काठमांडू।** नेपाल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 101वां सदस्य देश बन गया। भारत की राजधानी नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में नेपाल ने इस गठबंधन में सहभागी होने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन अंतर-सरकारी संगठन है। इसे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने शुरू किया है।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय समारोह में नेपाल की तरफ से भारत में कार्यवाहक राजदूत सुरेंद्र थापा ने इस पर हस्ताक्षर किए। इस समारोह में विदेश मंत्रालय के आर्थिक कूटनीति तथा बहुपक्षीय आर्थिक संबंध डिविजन के प्रमुख संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह की उपस्थिति रही। भारतीय विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिंह ने नेपाल का गठबंधन में सहभागी होने पर स्वागत किया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने कहा कि भारत की पड़ोस प्रथम (नेवरहुड फर्स्ट) पॉलिसी के तहत नेपाल का गठबंधन में स्वागत है।सुरेंद्र थापा ने सहभागी होने पर प्रसन्नता जाहिर की है। थापा ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के इस वैश्विक प्रयास में सहभागी होना नेपाल के लिए सौभाग्य की बात है।

## पेरू में जेलकर्मियों पर सशस्त्र हमले में 1 की मौत, 1 घायल

**लीमा।** दक्षिणी पेरू के इका क्षेत्र में एक जेल के बाहर तड़के एक सशस्त्र हमले में एक जेलकर्मी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह जानकारी नेशनल पेनिटेंटरी इंस्टीट्यूट (इनपे) ने दी।एजेंसी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, हमारा संस्थान मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है और इस घटना से प्रभावित कर्मियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। चिनचा शहर में जेल के बाहर हुए हमले में



पीड़ितों की पहचान फैनी फ्लोर हर्नांडेज़ के रूप में हुई है, जिनकी अस्पताल ले जाते समय एम्बुलेंस में मृत्यु हो गई, और मैनुअल रिकार्डो सर्वेंट्स क्रूज़, जो घायल हो गए और खतरे से बाहर हैं। सरकारी समाचार एजेंसी एंडिना ने कहा कि हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे (1230 जीएमटी) हुआ जब मोटरसाइकिल सवार संदिग्धों ने कर्मियों पर घात लगाकर हमला किया, जब वे जेल के प्रवेश द्वार से कई मीटर दूर एक सुरक्षा चौकी पर कार से आ रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि मृतक हर्नान्डेज़ को पहले भी जेल के अंदर जान से मारने की धमकियां मिली थीं।

# पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी का 86 वर्ष की आयु में निधन

**एजेंसी**

**लीमा।** पिछले साल जेल की सलाखों से बाहर आए पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें कैंसर था। दिवंगत नेता की पुत्री केइको फुजीमोरी में बुधवार यह सूचना एक्स हैंडल पर साझा की। केइको ने इसी साल जुलाई में कहा था कि उनके पिता चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। वह जेल से छूटने के बाद बेटी के घर पर रह रहे थे।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अल्बर्टो को दुनिया तानाशाह के रूप में भी जानती है। हालांकि सत्ता संभालने के बाद उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया। साथ ही बार हुए हिंसक वामपंथी विद्रोह को कुचल दिया। मगर एक घोटाले में उन्हें सत्ता गंवानी पड़ी। बाद में मानवाधिकारों के हनन के आरोप में उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया। उन्हें 25 साल जेल की सजा सुनाई गई। राष्ट्रपति से क्षमादान मिलने पर उन्हें पिछले साल 15 साल से अधिक समय जेल में बिताने के बाद राजधानी की बारबाडिलो जेल से रिहा कर



दिया गया था। अमेरिका के इस अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, कृषि इंजीनियर फुजीमोरी ने अपना चुनाव प्रचार ट्रैक्टर पर सवार होकर किया था। उन्होंने मारियो वर्गास लोसा को हराकर देश को चौंका दिया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और कुप्रबंधन पर काबू पाया। आर्थिक विकास और जीवन स्तर को ऊपर उठाया। मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसी। लेकिन उन्होंने पेरू के कानूनों और संवैधानिक संस्थानों के प्रति बहुत कम सम्मान दिखाया। उन्होंने कांग्रेस को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। उनकी क्रूरता की वैश्विक आलोचना की गई।

# संसद भवन से विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी के मामले में पांच सुरक्षा अधिकारी निलंबित

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने पांच सुरक्षा अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई संसद भवन से विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी के मामले में की गई गई है। गिरफ्तार किए गए ये सांसद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से जुड़े हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुछ सुरक्षा अधिकारी जो सादा कपड़े पहने हुए थे, उन्होंने संसद भवन में घुसकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सांसदों को गिरफ्तार किया था। इनमें पीटीआई के अध्यक्ष गौहर अली खान भी शामिल थे।

इस कार्रवाई पर केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि सरकार की सहयोगी पार्टियों ने भी नाराजगी जताई। इसके बाद स्पीकर ने यह कार्रवाई की। स्पीकर सादिक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेता हैं। सरकार में सहयोगी पार्टियां पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) ने विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी



कि इससे तनाव और बढ़ सकता है। सादिक ने इस घटना के बाद घोषणा की थी कि वह जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जरूरी जांच के बाद स्पीकर सादिक ने ये कार्रवाई की है। सुरक्षा अधिकारियों- मुहम्मद इशफाक अशरफ, वकास अहमद और तीन अन्य कनिष्ठ सुरक्षा सहायक उबैदुल्लाह, वाहिद सफदर और मुहम्मद हारून को 120 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। निलंबन के दौरान उन्हें नियमों के अनुसार वेतन और भत्ते मिलेंगे।

# नेपाल के हाइड्रो पावर निर्माण के लिए जीएमआर ने किया दो सरकारी कंपनियों से समझौता

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के 900 मेगावाट क्षमता वाली अपर कर्णाली जलविद्युत परियोजना के लिए वित्तीय संसाधन नहीं जुटा पाने के बाद भारत की निजी कंपनी जीएमआर ने भारत में ही दो अन्य कंपनियों के साथ एक समझौता किया है। इस हाइड्रो पावर परियोजना विकास के लिए निजी कंपनी जीएमआर ने भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (आईआरईडीए) और सतलज जलविद्युत निगम (एसजेवीएन) के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

आईआरईडीए के महाप्रबंधक एसके शर्मा, एसजेवीएन के महाप्रबंधक जीतेंद्र यादव और जीएमआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन बर्डे ने सोमवार को नई दिल्ली में समझौते पर हस्ताक्षर किए। इरेडा निदेशक मंडल ने 16 जुलाई को नेपाल के अपर कर्णाली में निवेश को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। हालांकि, अब तक इस परियोजना में जीएमआर, एसजेवीएन और आईआरईडीए की हिस्सेदारी का खुलासा नहीं किया गया है। नेपाल



सरकार ने जीएमआर को वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए सिर्फ 186 दिन का समय दिया था। 25 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर होने के बाद जारी अंतरिम आदेश में जीएमआर को इसके बाद कोई भी समय नहीं दिए जाने की बात कही थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि यदि 6 महीने के भीतर वित्तीय संसाधन नहीं जुटाए जाते हैं तो जीएमआर को और अधिक समय नहीं दिया जा सकता है। आखिरी बार सरकार ने 15 जुलाई, 2022 को प्रोजेक्ट के वित्तीय प्रबंधन के लिए 2 साल की समय सीमा बढ़ाई थी। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर, 2022 को रिट पर सुनवाई करते हुए आखिरी बार 6 महीने से अधिक समय न बढ़ाने का आदेश दिया था। जीएमआर को अपर कर्णाली से जुड़े हुए 16 साल हो गए हैं। परियोजना के निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई बातचीत में जीएमआर के प्रस्ताव को सबसे अच्छा माना गया था और 2008 में तत्कालीन सरकार और जीएमआर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए थे। तब से लेकर अब तक इस परियोजना का काम शुरू नही हो पाया है। इस परियोजना पर चीन की भी नजर है और भारतीय कंपनी का ठेका रद्द कर खुद लेने के लिए लगातार सरकार पर दवाब बना रहा था। अक्टूबर, 2008 में निवेश बोर्ड और जीएमआर के बीच एक परियोजना विकास समझौते (पीडीए) पर हस्ताक्षर हुए थे। इसके मुताबिक नेपाल को 12 प्रतिशत बिजली मुफ्त में देने की बात उल्लेख किया गया था।

## गाजा में इजरायली सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त , दो की मौत

**यरूशलेम।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में इजरायली सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो सैनिकों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी।

सेना ने एक बयान में बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब इजरायली वायु सेना का ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर एक घायल सैनिक को इलाज के लिए



अस्पताल ले जा रहा था। घटना में सात अन्य सैनिक घायल हो गए और बाद में उन्हें चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। बयान के मुताबिक प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि दुर्घटना दुश्मन की कार्रवाई के कारण नहीं हुई। घटना के कारणों की आगे की जांच वायु सेना कमांडर तोमर बार की एक समिति द्वारा की जा रही है।

# आईसीसी अभियोजक ने की नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग

**एजेंसी**

**तेहरान।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के एक अभियोक्ता ने प्री-ट्रायल चैंबर से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया है।

समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अभियोक्ता ने दलील दी कि गिरफ्तारी वारंट यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि वे जांच या अदालती कार्यवाही में बाधा न डालें या कथित अपराधों और/या अन्य इटली से संविधि अपराधों को जारी रखने से न रोकें। एजेंसी के अनुसार श्री करीम खान ने इस संबंध



में आईसीसी अपील की। श्री करीम ने मई में कहा था कि अदालत से युद्ध अपराध करने के आरोप में श्री नेतन्याहू और श्री गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की जा रही है।

एमएनए की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर से इज़राइल लगातार गाजा पर हमला कर रहा है, जिसमें 41,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। युद्ध के कारण यहां की अधिकांश आबादी भूखी, बेघर और बीमारी की चपेट में आ गई है। इज़राइल पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में एन्क्लेव में अपने कार्यों के लिए नरसंहार के आरोप भी लगे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग प्रदर्शनी के बाहर हजारों प्रदर्शनकारी हुए एकत्रित, फिलिस्तीन समर्थक नारे लगाये

**एजेंसी**

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया राज्य के मेलबर्न में एक रक्षा उद्योग प्रदर्शनी के बाहर बुधवार सुबह हजारों युद्ध-विरोधी प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और 'फ्री फिलिस्तीन' के नारे लगाये। स्थानीय मीडिया ने बताया कि गाजा में जारी संघर्ष के बीच प्रदर्शनकारी मेलबर्न के सीबीडी (सेंट्रल बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट) में लैंड फोर्सेज इंटरनेशनल लैंड डिफेंस एक्सपोजिशन के बाहर आज स्थानीय समयानुसार तड़के करीब छह बजे इकट्ठा होना शुरू हो गये। उन्होंने फिलीस्तीनी झंडे लहराए और ड्रम बजाते हुए 'फ्री फिलिस्तीन' के नारे




लगाए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, रैली के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं और सार्वजनिक परिवहन बाधित हो गया। इसी दौरान, प्रदर्शनकारियों ने घुड़सवार अधिकारियों पर गोले फेंके, तभी पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए कैप्सिकम स्प्रे का इस्तेमाल किया। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग एवं क्षमता आपूर्ति मंत्री पैट कॉनरॉय ने विरोध प्रदर्शन की निंदा की है।

# रूस के कजान में ब्रिक्स साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ

**एजेंसी**

**कजान,।** रूस के कज़ान शहर में ब्रिक्स साहित्य समारोह-2024 का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का आधिकारिक उद्घाटन कज़ान के मेयर इल्सूर मेटशिन ने किया। 14 सितंबर तक चलने वाले इस आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव कर रहे हैं।

डॉ. श्रीनिवासराव ने मीडियाकर्मियों को बताया कि ब्रिक्स साहित्य समारोह-2024 का विषय है- 'नई वास्तविकता में विश्व साहित्यः परंपराओं, राष्ट्रीय मूल्यों और संस्कृतियों का संवाद।' यह सम्मेलन ब्रिक्स देशों के लेखकों,



कवियों, दार्शनिकों, कलाकारों और विद्वानों का संगम है। समारोह में माधव कौशिक ने आज की दुनिया में साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्य किस तरह दुनिया भर के विभिन्न समाजों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देता है। समारोह में 'भारत के लेखकों से मिलें' शीर्षक से एक अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इसका विषय था- वोल्गा से गंगा तक- परंपरा और बहुसंस्कृतिवाद का उत्सव।

इसके संचालक एवगेनी अब्दुल्लाव थे। इस सत्र में डॉ. श्रीनिवासराव ने कहा कि कैसे दुनिया भर में नदी आधारित संस्कृतियों ने बहुसंस्कृतिवाद को बढ़ावा दिया तथा किस प्रकार बहुसंस्कृतिवाद सामाजिक प्रगति और एकता स्थापित करने में सहायक होती है। माधव कौशिक ने भारत और रूस के पारंपरिक साहित्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे उनमें कई सांस्कृतिक मूल्य समाहित हैं।

# केन्या में हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने अडानी समूह के खिलाफ किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में स्थित जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेकेआईए) पर विमानन विभाग के कर्मचारियों ने भारतीय कंपनी अडानी समूह को हवाई अड्डे को पट्टे पर देने की योजना के विरोध में उड़ान संचालन को बाधित कर दिया है।

केन्या के हवाई अड्डा प्राधिकरण के कर्मचारियों की हड़ताल से शुरू हुई, जिसके कारण कई उड़ानों में देरी हुयी। हवाई अड्डे पर फंसे यात्रियों की लंबी कतारें देखी गयी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी कर्मचारियों के बीच झड़प हुयी। राष्ट्रीय वाहक केन्या एयरवेज ने एक बयान में कहा, केन्या एयरवेज अपने ग्राहकों को सूचित करना चाहता है कि जेकेआईए के कुछ कर्मचारियों की कार्रवाई के कारण कुछ उड़ानों में देरी



हुई है और कुछ उड़ानों को रद्द भी किया जा सकता है। प्रस्तावित सौदे के अनुसार, भारतीय कंपनी अडानी समूह सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत पूर्वी अफ्रीका के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर परिचालन का जिम्मा संभालेगी। प्रस्तावित 30 वर्ष के लिए 1.85 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत अडानी समूह हवाई अड्डे को अपग्रेड करने की योजना बना रहा है, जिसमें दूसरा रनवे और एक नया यात्री टर्मिनल बनाना शामिल है।

**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# वियतनाम में तूफान यागी के कारण 141 लोगों की मौत, 59 लापता

**एजेंसी**

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में सुबह तक तूफान यागी तथा उसके कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से 141 लोगों की मौत हो गई जबकि 59 लोग लापता हैं। यह जानकारी कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में से 29 काओ बांग प्रांत से, 45 लाओ चाए प्रांत से और 37 येन बाई प्रांत से हैं।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, तुयेन क्वांग प्रांत के स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार रात पुष्टि की



कि नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण क्रेट थांग कम्यून से गुजरने वाली लो नदी का बांध टूट गया है। राष्ट्रीय जल-मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने आज सुबह बताया कि राजधानी हनोई में रेड नदी पर बाढ़ का स्तर तीन स्तरों में से चेतावनी स्तर 2 को पार कर लिया है और आज दोपहर इसके उच्चतम स्तर तक पहुंचने का अनुमान है। केंद्र ने आज सुबह थाओ नदी पर अत्यधिक उच्च जल स्तर और कई अन्य नदियों का पानी तेजी से बढ़ने की चेतावनी जारी की। केंद्र ने उत्तर की नदियों में अत्यधिक बाढ़ का पानी होने की चेतावनी दी है।

केंद्र ने बताया कि उत्तरी क्षेत्र में नदी तट के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा अधिक है, जबकि पहाड़ी इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन होने का अनुमान है।

# इस साल की बाढ़ किसी प्रलय से कम नहीं; 11 जिलों के लगभग 58 लाख लोग प्रभावित

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्वी हिस्से में बाढ़ के कारण 11 जिलों के लगभग 58 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ ने घरों, स्कूलों और गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है। कुल मिलाकर पिछले 34 वर्षों में बांग्लादेश के पूर्वी हिस्से में यह सबसे भयंकर बाढ़ है। अभी तक 52 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है 5 लाख से अधिक लोग आश्रय की तलाश में हैं। नदियों के बढ़ते पानी ने चट्टोग्राम और सिलहट डिविजन में बहुत से घरों, सड़कों और खेतों को जलमग्न कर दिया है। लाखों बच्चे और परिवार बिना भोजन और



आपातकालीन राहत सामग्री के ही, बाढ़ग्रस्त इलाकों में फंसे हुए हैं।

बांग्लादेश में NFPA की स्थानीय प्रतिनिधि और फिलहाल यूएन कार्यालय में रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर A.I. का कार्यभार सम्भाल रहीं क्रिस्टीन ब्लोकस ने बाढ़ की ताजा स्थिति पर यूएन न्यूज के साथ एक खास बातचीत में बताया कि चूंकि यह बाढ़, उत्तरी बांग्लादेश में पहले आई बाढ़ व मई में चक्रवात रीमल के तुरंत बाद आई है, तो ऐसे में हालात और भी खराब हो गए हैं। तीन आपातकालीन स्थितियों ने बांग्लादेश भर में 1.3 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित किया है, जिसमें 50 लाख बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में चक्रवातों, बाढ़ और अन्य चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति, गम्भीरता और अप्रत्याशितता बढ़ने की एक बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है।

# कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पांच और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने जम्मू-कश्मीर की पांच और विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने बताया कि कश्मीर घाटी के बारामुला से मीर इकबाल और बांदीपोरा से निजामुद्दीन भट को टिकट दिया गया है। जम्मू संभाग में कांग्रेस ने सुचेतगढ़ (एससी) से बुशन डोगरा, अखनूर (एससी) से अशोक भगत और छंब से तारा चंद को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 23 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस 52 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इसके अलावा जम्मू संभाग में नगरोटा, भद्रवाह, डोडा और बनिहाल तथा घाटी में सोपोर की पांच सीटों पर दोस्ताना मुकाबला होगा। दोनों पार्टियों ने घाटी में माकपा के लिए एक सीट और जम्मू संभाग में पैंथर्स पार्टी के लिए एक सीट छोड़ी है।

## भाजपा ने तीन उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, सभी 90 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर देर रात उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी।इसमें तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित हैं। इस के साथ ही भाजपा ने राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने जारी अपनी तीसरी लिस्ट में सिरसा से रोहताश जांगड़ा, महेंद्रगढ़ से कंवर सिंह यादव और फरीदाबाद एनआईटी से सतीश फागना को उम्मीदवार घोषित किया है। हरियाणा में 5 अक्टूबर को राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होना है। राज्य में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख गुरुवार 12 सितंबर है। भाजपा ने इससे पहले 10 सितंबर को हरियाणा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी जिसमें 21 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में भाजपा ने पेहोवा से अपना उम्मीदवार बदलकर जय भगवान शर्मा (डी.डी. शर्मा ) को उम्मीदवार घोषित किया था। भाजपा ने अपनी पहली सूची में पेहोवा से सरदार कमलजीत सिंह अजराना को उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पार्टी ने इस सीट से नये उम्मीदवार को मैदान में उतारा। इससे पहले भाजपा ने 4 सितंबर को हरियाणा उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी करने के साथ ही पार्टी ने राज्य की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं।

## दिल्ली सरकार खेतों में पराली गलाने के लिए बायो डी-कंपोजर का मुफ्त छिड़काव कराएगी : गोपाल राय

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार इस साल भी धान की पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव करेगी। इसके छिड़काव से किसानों को पराली नहीं जलानी पड़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होगा और खेतों की उपजाऊ क्षमता भी बढ़ेगी। इस संबंध में विकास मंत्री गोपाल राय ने कृषि विभाग और पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की।

## 13 सिंतबर से शुरू हो रहा 28 वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन मे

नई दिल्ली = 28वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में भारत और विश्वभर के धार्मिक नेताओं और प्रतिनिधियों को एक ही सांझे मंच पर बैठने का मौका मिलेगा ताकि शांति, करूणा और मानव एकता को ब ?ावा देने के तरीकों की खोज की जा सके। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में होने वाला यह वार्षिक सम्मेलन 13 से 18 सितंबर, 2024 को कृपाल बा ? में तथा 19 और 20 सितंबर, 2024 को संत दर्शन सिंह जी धाम बुरा ?ी, दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 28वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में आध्यात्मिक सेमिनार और दैनिक ध्यान-अभ्यास की कार्यशालाओं के अलावा कई प्रकार के मानव-कल्याण हेतु कार्यों जैसे कि निःशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद सर्जरी शिविर अथवा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। हर साल होने वाले इस विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में भारत और विदेशों से हजारों लोग भाग लेते हैं, जिसमें उन्हें यहां आध्यात्मिक जागृति प्राप्त करने और ध्यान-अभ्यास की सही विधि सीखने का मौका मिलता है। 13 सितंबर, 2024 को सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर रूहानी मुशायरा आयोजित किया जाएगा और 14 सितंबर को 'दर्शन- प्रेम और करुणा के मसीहा' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज मुख्य रूप से सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें कि वे सुप्रसिद्ध सूफी-संत शायर संत दर्शन सिंह जी महाराज के आदर्शिक जीवन पर चर्चा करेंगे, जिन्होंने अपनी आध्यात्मिक शिक्षाओं से हम सभी के जीवन का रूख पिता-परमेश्वर की ओर किया। 8 दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में 15 सितंबर, 2024 को 39वां निःशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का आयोजन कृपाल बाग में किया जा रहा है। समाज-कल्याण के उद्देश्य से अमेरिका से आए नेत्र चिकित्सक, भारत के जाने-माने आई केयर अस्पताल नोएडा के डॉक्टर्स के साथ मिलकर मरीजों की आंखों की जांच कर ऑपरेशन करेंगे, जो नवीनतम उपकरण और सुविधाओं से लैस है, ताकि कई लोगों को दृष्टि का उपहार देने में मदद मिल सके।

## राहुल गांधी भारत के विरोध में विदेशी मंच पर एक प्रोपेगेंडा तैयार कर रहे हैं


**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में दिए राहुल गांधी के बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार विदेशी भूमि का सहारा लेकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। वह भारत की अस्मिता पर ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्हें शायद यह गलतफहमी हो चुकी है कि वह विदेशी भूमि का सहारा लेकर भारत की गरिमा पर कुठाराघात करने में सफल रहेंगे, लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में है, तब तक कांग्रेस नेता का यह मंसूबा कभी सफल होने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेशी भूमि पर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संबंध में दिए बयान की निंदा करता हूं। वह पहले भी इस तरह के विवादित बयान दे चुके हैं, जो निंदनीय है उन्होंने अमेरिकी दौरे के दौरान राहुल गांधी की इल्हान उमर से हुई मुलाकात पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, इल्हान उमर पाकिस्तान परस्ती के लिए जानी जाती हैं। इल्हान उमर का पाकिस्तान के प्रति हमेशा से ही नरम रुख रहा है। यही नहीं, वह जम्मू-कश्मीर के भारत का हिस्सा होने पर भी सवाल उठा चुकी है

# मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सिखों के पगड़ी पहनने वाले बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल गांधी झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए हैं। इस तरह की गलत बयान से उन्हें परहेज करना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया





प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाज़त नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने आगे लिखा, भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसको पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। उनके बारे में इस तरह की मनगढ़ंत बातें करना, विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता। राहुल गांधी का यह दावा कि एनडीए सरकार आरक्षण को समाप्त कर देना चाहती है, यह भी एकदम निराधार है। हमारे प्रधानमंत्री ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के कल्याण और विकास के लिए आरक्षण की व्यवस्था को मजबूत किया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चीन नीति को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इसी तरह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर भी जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका की धरती पर किए हैं, वे भी भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। लगता है कि मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए हैं। इस तरह की गलतबयानी से राहुल को परहेज करना चाहिए।

# राहुल गांधी ने अमेरिका में परोसा झूठ, वह देश विरोधी होने का दे रहे परिचय : मनोज तिवारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से दिये गए बयान के बाद भाजपा हमलावर है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि राहुल गांधी एक बहुत बड़े नुकीले फावड़े से भारत माता की छाती पर वार कर रहे हैं। भगवान न करें, ऐसा नेता किसी देश को मिले। वह देश के बाहर जाकर जाकर और भारत की जितनी बदनामी और बुराई कर सकते हैं, कर रहे हैं। इस यात्रा में जो उन्होंने भारत के प्रति जो झूठ परोसा है, वह सौ फीसद गलत है।मनोज तिवारी ने कहा, भारत से ज्यादा भयमुक्त वातावरण शायद ही आपको कहीं मिले। आप अगल बगल भी देख लें। पाकिस्तान और बांग्लादेश हमारे सामने मिसाल हैं। दुनिया में रूस और यूक्रेन को देख लें, श्रीलंका को देख लें। सबसे सुरक्षित वातावरण भारत में है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब लोकसभा चुनाव में 99 सीटों पर जीत दर्ज किये थे, तब वह फूले नहीं समा रहे थे। अब अमेरिका में जाकर वो न जानें किस भय की बात कर रहे हैं। कभी-कभी ऐसा होता है कि राज परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति सत्ता से अलग होता है, तो वह छटपटाने लगता है। ऐसा ही कुछ राहुल गांधी के साथ है। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी अमेरिका में जाकर आरक्षण हटाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरक्षण समाप्त करने की बात कही है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को जीते जी बार बार हराने वाली पार्टी के वर्तमान नेता राहुल गांधी का यह नया स्वरूप है। वो केवल झूठ परोस रहे हैं कि सिखों को पर यहां बहुत सारी पाबंदियां हैं। मैं समझता हूं राहुल गांधी अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं और देश विरोधी होने का परिचय दे रहे हैं।

# भाजपा में शामिल होने वाले मेजर जनरल खरबंदा ने की पीएम मोदी की तारीफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) पी.सी. खरबंदा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में सकारात्मक बदलाव हुए हैं और उनके काम से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा के साथ जुड़ने का फैसला किया है।

पूर्व सैन्य अधिकारी ने से एक खास बातचीत में कहा, 40 साल तक मैंने फौज में रहते हुए देश की सेवा की, लेकिन रिटायरमेंट के बाद मुझे देश की मौजूदा स्थिति देखकर बहुत दुख हुआ।

साल 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब सत्ता की कमान संभाली, तो मैंने खुद निजी तौर पर यह महसूस किया कि देश में सकारात्मक परिवर्तन व्यापक स्तर पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा, साल 2014 के बाद मैंने खुद देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक स्तर पर बदलाव देखने को मिल रहा है।




चौतरफा विकास की बयार बह रही है। सच कहूं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित होकर मैंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होकर वह देश की सेवा करेंगे। राजनीति में कदम रखने वाले खरबंदा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए बयानों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी क्या कहते हैं, उनका अगर लोग भरोसा करेंगे, तब वह खतरे में ही रहेंगे। उन्हें झूठ बोलने में झिझक नहीं है। जब वह विदेश जाकर अपने ही देश को बदनाम करते हैं, तो बहुत बुरा लगता है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि चीन ने भारत की जमीन कब्जा ली है। जरा उनसे पूछिए 1947 से 2014 तक कौन सत्ता में था और किसके समय में यह जमीन गई है। यह सब कहने वाली बात है, गलत नैरेटिव सेट करने की बातें हैं, और कुछ नहीं।

# भाजपा का 'मिशन झारखंड', बीएल संतोष ने नेताओं संग की बड़ी बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ है। लेकिन, भाजपा ने इसे लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी में शीर्ष स्तर पर झारखंड को लेकर विचार मंथन और बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने पार्टी केंद्रीय कार्यालय विस्तार में झारखंड में चुनाव अभियान से जुड़े राष्ट्रीय नेताओं एवं झारखंड भाजपा के नेताओं के साथ बैठक कर प्रदेश के राजनीतिक हालात और चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड के चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के चुनाव सह-प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और विधानसभा में नेता विपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित प्रदेश के कई अन्य नेता मौजूद रहे।



बताया जा रहा है कि बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की घोषणा से पहले ही उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को शुरू करने और इसके लिए कार्यकर्ताओं से भी विचार-विमर्श करने की प्रक्रिया को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी झारखंड दौरे की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगे।

तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला झारखंड दौरा होगा। इस दौरे में प्रधानमंत्री मोदी झारखंड की जनता को कई सौगात देंगे। इसके साथ ही रोड शो एवं जनसभा के जरिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का भी प्रयास करेंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में 21 सितंबर से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

# चीन एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता, भारतीय सेना मुस्तैदी से तैनात : आचार्य प्रमोद कृष्णम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौर पर हैं। वॉशिंगटन डीसी में उन्होंने कहा कि चीन भारत के क्षेत्र में घुस आया है। इस पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बातचीत में राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान भारतीय सेना को अपमानित करने जैसा है। उन्हें हमारी सेना पर भरोसा नहीं है। वह इस देश के खिलाफ बोल रहे हैं। भारत की सेना बहुत सशक्त है। सीमा पर हमारे जवानों से ज्यादा बहादुर पूरी दुनिया में कोई सेना नहीं है। उन्होंने आगे कहा, हमें अपने जवानों पर भरोसा होना चाहिए। सीमा पर भारत का जवान मुस्तैदी से खड़ा है। चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। राहुल गांधी को अपने



बयान पर शर्म करनी चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। ज्ञात हो कि, वॉशिंगटन डीसी में इंटरव्यू के दौरान राहुल गांधी ने भारत-चीन सुरक्षा संबंधों पर चर्चा की थी।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि पीएम मोदी ने चीन को बिल्कुल भी अच्छी तरह से संभाला है। मुझे लगता है कि यह एक आपदा है। अगर कोई पड़ोसी आपके क्षेत्र के 4,000 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर ले तो अमेरिका की क्या प्रतिक्रिया होगी? क्या कोई राष्ट्रपति यह कहकर बच निकल पाएगा कि उसने इसे अच्छी तरह से संभाला है? इसलिए मुझे नहीं लगता कि पीएम मोदी ने चीन को बिल्कुल भी अच्छी तरह से संभाला है।

उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। चीन की ताकत में भारी इजाफा हुआ है। चीन हमारा पड़ोसी है और हमारे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंध हैं। इसलिए हम इस सभी भू-राजनीतिक परिवर्तन के ठीक बीच में हैं।

## दिल्ली शराब घोटाले में व्यवसायी अरुण पिल्लई को मिली जमानत

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्र पिल्लई को कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, पिल्लई इस घोटाले से जुड़े दक्षिण भारतीय व्यवसायियों के समूह में शामिल है। इस समूह में कथित तौर पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता, अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत रेड्डी; श्रीनिवासुलु रेड्डी और उनके बेटे राघव मगुंटा; और अन्य शामिल हैं।दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने पिछले साल अक्टूबर में पिल्लई की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया था और मामले में ईडी से जवाब मांगा था। इससे पहले, जून 2023 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था, कि मामले में उनकी संलिप्तता अन्य आरोपियों की तुलना में अधिक गंभीर है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने कहा था, प्रथम दृष्टया इस अदालत का मानना है कि जांच एजेंसी द्वारा इस अदालत के समक्ष एक वास्तविक मामला पेश किया गया है, जो धन शोधन के कथित अपराध में आवेदक की सक्रिय संलिप्तता को दर्शाता है।÷ ट्रायल कोर्ट ने आगे कहा था कि पिल्लई न केवल एक साजिश में शामिल था, बल्कि वह शुरुआती सबूतों के आधार पर वह घोटाले के पैसे से संबंधित विभिन्न गतिविधियों से भी जुड़ा था। इन गतिविधियों में आय को छिपाना, उसका स्वामित्व रखना, उसे प्राप्त करना या उसका उपयोग करना और उसे वैध संपत्ति के रूप में प्रस्तुत करना शामिल था। इसके अलावा, अदालत ने कहा था कि पिल्लई के खिलाफ एकत्र किए गए सबूतों से सतही तौर पर यह संकेत मिलता है कि उसने स्वेच्छा से इन गतिविधियों में भाग लिया और वह इन गतिविधियों की प्रकृति और इरादों से पूरी तरह वाकिफ था।


**Name Change**
It is for general information that I, TANIYA D/o NARESH KUMAR residing at House No.-172 , Brahmpur , Ufra , Bhopura , Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201005 declare that the name of my Father has been wrongly written as NARESH CHANDELA in my 10th Class Educational Documents. The actual name of my Father is NARESH KUMAR which may be amended accordingly.

**Name Change**
I hitherto known as DHARAM VEER alias DHARAM VEER SAGAR S/o ROSHAN LAL R/o H.No. 5/99, Block No.-5, Trilok Puri, Chilla Saroda Khadar, East Delhi, Delhi-110091, have changed my name and shall hereafter be known as DHARAM VEER SAGAR, for all future purposes.

**Name Change**
I, JAVED S/O MUSHTAQUE AHMAD R/O G-79, UPPER GROUND FLOOR, RIGHT SIDE, JUMEIRAH APPARTMENT, THOKAR NO.4, ABUL FAZAL ENCLAVE-1, JAMIA NAGAR, OKHLA, NEW DELHI-110025, have changed my name MOHAMMAD JAVED For all purpose in future

**Name Change**
I, hitherto known as JYOTHIS ANTONY daughter of ANTONY P J wife of THOMAS JOHN residing at C-45/X-1, C-BLOCK, DILSHAD GARDEN, JHILMIL, DELHI-110095 have changed my name and shall hereafter be known as JYOTHIS THOMAS.

**Name Change**
I Rajani S/O Chand Prakash R/O Near Shyam Vatika, IMT Manesar, Gurgaon Haryana-122052 have Changed my name to Rajni for all future purposes.

**Name Change**
I hitherto known as RITU alias RITU SAGAR D/o SHIV KUMAR, and W/o DHARAM VEER SAGAR R/o 5/99, Trilok Puri, East Delhi, Delhi-110091, have changed my name and shall hereafter be known as RITU SAGAR, for all future purposes.

**Name Change**
It is for general information that I, CHHOTI VITTI W/o SHYAM PARKASH R/o 226 Jhuggi J-Block Lakhi Park, Jahangir Puri, North West Delhi, Delhi-110033 declare that name of mine has been wrongly written as CHOTI BITTI in my Driving Licence No. DL8 20200000627. The actual name of mine is CHHOTI VITTI, which may be amended accordingly.

**Name Change**
I hitherto known as SALMA KHATOON alias SALMA H KHAN D/O WAHAJ BEG W/O HASEEN ULLAH KHAN R/O I-2 S/F, GHAFFAR MANZIL EXTN, KH NO 29, HAJI COLONY, JAMIA NAGAR, NEW DELHI-110025, have changed my name and shall hereafter be known as SALMA H KHAN.

**Name Change**
I, PREETI ARORA D/O NAND LAL R/O B-136 B-BLOCK, KIRAN GARDEN, NAWADA, UTTAM NAGAR, DELHI - 110059, have changed my name from PREETI TO PREETI ARORA for all future purpose.

**Name Change**
I TAPAN S/O RAMESH R/O H.NO-202/57, GALI NO-4, RAMESWAR NAGAR, AZADPUR, NORTH WEST DELHI-110033 have changed the name of my minor son CHIRAG CHAUHAN aged 6 years and he shall hereafter be known as DHIR CHAUHAN.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, SACHIN KUMAR S/O BALKISHAN SHARMA R/O D-BLOCK LAXMI GARDEN LONI GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201102 declare that name of my father has been wrongly written as BALI SINGH in my service record. The actual name of my father is BALKISHAN SHARMA which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, Anu Bala Uppal d/o Mangal Dass R/o H.no 2329, Sec-15, Sonipat Haryana - 131001, have changed my name from Anu Bala Uppal to Anu Uppal for all future purposes.

**Name Change**
I, NO-14859046X Rank-NK Name-SHAIKH MAJID AFSAR R/o AT HADOLI, PO-MADANSURI, TEH-NILANGA, DIST-LATUR, MAHARASHTRA-413521 have changed my minor daughter's name from SHAIKH AMAYRA MAJID to SHEIKH AMAYRA MAJID for all future purposes vide affidavit dated 12/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, NO-14859046X Rank-NK Name-SHAIKH MAJID AFSAR R/o AT HADOLI, PO-MADANSURI, TEH-NILANGA, DIST-LATUR, MAHARASHTRA-413521 have changed my name from SHAIKH MAJID AFSAR to SHEIKH MAJID AFSAR for all future purposes vide affidavit dated 12/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I JAPHAR S/O MUMATAJ R/O H.N0-175 VPO RASOOLPUR, DABHEDI MUZAFFARNAGAR UTTAR PRADESH - 251309 HAVE CHANGE MY NAME TO JAFAR PERMANENTLY.

**PUBLIC NOTICE**
**To Whom so ever it may concern**
Mr. Neeraj Kumar S/o Mr. Jodhpal Singh is absolute owner of First Floor (without roof rights), Built on Property No. 347, having land area measuring 60 Sq. Yds., Out of Khasra No. 214, situated at Village Tajpur abadi known as Block-G, Gali No. 17, Molar Bankd Extn., Badarpur, New Delhi-110044 and whereas Mr. Neeraj Kumar Selling above Mentioned property to Ms. Shivani if anybody have any Objection kindly contact on-9540419009 within 7 days.
**(Advocate Deepak Malik)**
Shop no. 2, 1st First floor Kataria complex, Near Axis Bank, New RailwayRoad Gurugram-122001

**Name Change**
I, KOTHAKOTA ADENNA Father of No. 16132595N Rank-SPR Name-KOTHAKOTA KASI RAJINIKANTH Presently residing at 00, THAMBALLA PALLE, PO-THAMBALLAPALLE, TEH-GIDDALUR, DIST-PRAKASAM, ANDHRA PRADESH-523369 have changed my name from KOTHAKOTA ADENNA to KOTTHAKOTA ADANNA for all future purposes vide Affidavit dated 12/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, Dhamendra Kumar Gautam S/o Sri Nanak Chand Gautam R/o RZ-D12, GALI NO -08 RAJAPURI, UTTAM NAGAR , WEST DELHI, DELHI - 110059,Have Changed My Son Minor Name Kishalay Gautam To Kishlay Gautam For All Future Purpose.

**Name Change**
I Aniket S/O Satish Kumar R/O D-Second, 294 Madangir Dr. Ambedkar Nagar Delhi-110062 Have Changed my name to Aniket Kumar for All future purposes.

**Name Change**
I, KOTHAKOTA GURRAMMA Mother of No. 16132595N Rank-SPR Name-KOTHAKOTA KASI RAJINIKANTH Presently residing at 00, THAMBALLA PALLE, PO-THAMBALLAPALLE, TEH-GIDDALUR, DIST-PRAKASAM, ANDHRA PRADESH-523369 have changed my name from KOTHAKOTA GURRAMMA to KOTTHAKOTA GURAMMA for all future purposes vide Affidavit dated 12/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
It is for general information that I, PRAMOD KUMAR TRIPATHI S/o HARIHAR PRASAD TRIPATHI R/o 13 B-Block Qutub Vihar, Phase-I, Goyla Dairy, Qutab Pur, South West Delhi, Delhi- 110071 declare that name of mine has been wrongly written as PRAMODA KUMAR TRIPATHI in my 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is PRAMOD KUMAR TRIPATHI which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, hitherto known as QAYAMUDDIN SAIFI S/o NOOR MOHAMMAD residing at Near 331, Bus Stand, N/221 Block, Sunder Nagri, Dist. North East Delhi, Delhi - 110093 have changed my name and shall hereafter be known as KAYAMUDDIN SAIFI.

**Name Change**
It is for general information that I, RAJIV KUMAR S/o THAKU PASMAN, R/o House No. B E-3, Shalimar Bagh, North Delhi, Delhi - 110088 declare that name of mine has been wrongly written as RAJU PASWAN in my minor son RAHUL KUMAR aged 17 Years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is RAJIV KUMAR , which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, AAFREEN SABA W/O MOHAMMAD JAVED R/O G-79, UPPER GROUND FLOOR, RIGHT SIDE, JUMEIRAH APPARTMENT, THOKAR NO.4, ABUL FAZAL ENCLAVE-1, JAMIA NAGAR, OKHLA, NEW DELHI-110025, have changed my name AAFREEN JAVED for all purpose in future

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I ,Md Shahid W/O Md. Idrish, R/O C -5/109 JJ Colony ,Bhalswa dairy, Libas Pur, North West Delhi, Delhi-110042 declare that name of my wife has been wrongly written as Sazia in my minor daughter Nazreen aged 15 years in her 10th class educational document and the name of mine and my wife has been wrongly written as Sahid and Sazia in her birth certificate no- MCDOLIR-0114-006414414,The actual name of mine and my wife are Shahid and Sajiya, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
It is for It is for general information that I, SEEMA SHARMA alias SHABNAM AHMED D/o SUBHASH CHAND SHARMA, Ex-Wife of MUKHTAR AHMED, R/o 1223 B-1, Near Fortis Hospital Vasant Kunj, South West Delhi, Delhi-110070 declare that I got divorce from my Husband vide Court Decree No. ML No. 20/24 dated 18.05.2024. Henceforth I have changed my name to SEEMA SHARMA and embraced HINDU religion and renounced ISLAM with effect from 04.08.2024. Further I have changed the name of my minor daughters namely ALIYA AHMED aged 11 years to MEERA SHARMA and ZOYA AHMED aged 14 Years to SIMRAN SHARMA and also I have changed their religion from ISLAM to HINDU with effect from 04/08/2024 in future for all purposes.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, AARTI D/O MAKHAN R/O B-11, DASS GARDEN, BAPRAULA, PO NAJAFGARH, WEST DELHI, DELHI-110043 declare that name of mine and my father have been wrongly written as ARTI and MAKHAN LAL in my SC Caste Certificate No. 90510000164755 and name of my father has been wrongly written as MAKHAN LAL in my Pan Card No. DZGPA3822N. The actual name of mine and my father are AARTI and MAKHAN respectively which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रितिक्षा देवी पत्नी श्री उदय कुमार ठाकुर, रेजिडेंशियल प्लॉट नंबर 12-A और 12, जिसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज (41.80 वर्ग मीटर) खसरा नंबर 208, गांव गिर्धरपुर सुनरासी के क्षेत्र में, कॉलोनी नंद वाटिका, परगना एवं तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित, को ओम शिवाय कंस्ट्रक्शन जिसके स्वामी श्री प्रशांत यादव हैं, से खरीदने का इरादा रखती हैं। ओम शिवाय कंस्ट्रक्शन ने सम्पूर्ण संपत्ति को श्री गौरव डांगर और श्री सौरव डांगर से 06.05.2024 को दो बिक्री विलेखों के माध्यम से खरीदी है। और श्री गौरव डांगर, श्री सौरव डांगर, और श्रीमती सुनिता डांगर, श्री जीत सिंह की मृत्यु के बाद के म्यूटेशन के अनुसार है, मालिक बने, जो खतौनी के रिकॉर्डेड मालिक थे। उक्त संपत्ति का वित्तपोषण महिंद्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा नोएडा द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।
**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

## करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद , केसे बना कूड़े का पहाड़ , उच्च स्तरीय जांच की जरूरत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा कूड़े की समस्या से निजात पाने के लिए बेसक हजारों करोड़ों रुपए पानी की तरह बह दिए गए परंतु चंडीगढ़ के डड्डू माजरा डंपिंग ग्राउंड की स्थित दिन प्रति दिन काफी दयनीय होती जा रही है। यहां पर कूड़े का सही से निदान न होने के कारण जहा यहां पर कूड़े के ऊंचे ऊंचे पहाड़ों ने एक विकराल रूप धारण कर लिया हैं। इन ऊंचे ऊंचे पहाड़ों से उठने वाली भयवान दुर्गंध की कल्पना करने से ही रूह कांप उठती है , उनका सोचो जो नन्हे नन्हे बच्चों के साथ मजबूरी में यहां अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इन लोगों का जीवन आज किसी नरक से कम नही, ऐसे में शहरवासी जाए तो जाए कहा, आज इन लोगो की सुध लेने वाला कोई नही, कहां तो इस क्षेत्र से डंपिंग ग्राउंड की वहां से हटाने की बातें लंबे अर्से से चल रही थी , निगम की कार्य प्रणाली से ऐसा प्रतीत होता हैं यहां से डंपिंग ग्राउंड कभी खत्म ही नहीं होगा। इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए वकील शिव मूर्ति, वकील कृष्ण पाल, शिव कुमार,विवेक राणा ने कहा कि हमने गहनता से विचार किया तो धीरे धीरे परते खुलने लगी और देखते देखते इसमें कही न कही करप्शन की दुर्गंध नजर आने लगी। तथ्य को सही से जानने के लिए आरटीआई का सहारा लिया गया, जिसमे कुछ जानकारी मांगी गई है जो कि जल्द ही आ जाएगी उसके खुलासा करेंगे आखिर ये शहर में किया हो रहा हैं। बताया जा रहा है कि चंडीगढ़ डंपिंग ग्राउंड पर गीले और सूखे कचरे को अलग करने के लिए 2.33 करोड़ रुपए की लागत से नया सिस्टम लगाया जा रहा है। इस सिस्टम से रोजाना 70 टन मिक्स कूड़े को सूखा और गीला अलग किया जा सकेगा। चंडीगढ़ शहर से हर रोज 500 टन कूड़ा निकलता है। इसमें से 300 टन गीला कूड़ा और बागवानी का कूड़ा होता है। फिलहाल नगर निगम के पास रोजाना 450 टन कूड़ा प्रोसेस करने की क्षमता है। निगम सूखे कूड़े को प्रोसेस करने का सिस्टम लगा रहा है। जिसकी क्षमता 5 टन सूखे कूड़े को प्रोसेस करने की बताई जा रही हैं। इसमें बेडशीट, गद्दे, बैग, कार सीट कवर जैसी चीजें प्रोसेस की जाएंगी। अभी तक यह सामान बिना प्रोसेस किए डंपिंग ग्राउंड में फेंका जा रहा था। इस प्रोजेक्ट के लगने से वहा रहने वाले लोगो की समस्या तो और भी बढ़ जाएगी। क्षेत्र के लोग के लोग इस सिस्टम को यहां लगाने के खिलाफ हैं। एडवोकेट शिव मूर्ति, ने कहा कि नगर निगम यहां सभी बड़े-छोटे प्लांट लगा रहा है। यहां पहले लगाए गए प्लांट का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। अगर किसी दिन यह सिस्टम फेल हो गया तो यहां सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा। नगर निगम को नए लगाए जा रहे प्लांट किसी दूसरी जगह लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को कूड़ा निदान के लिए टेंडर दिए गए हैं उनका अनुभव एवं कार्य क्षमता की भी जांच होनी चाहिए।

# हुड्डा को सिर्फ अपनी और अपने परिवार की चिंता, जनता करेगी कांग्रेस का सूपड़ा साफः नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री ने कलानौर प्रत्याशी का नामांकन पत्र भरवाया, पूर्व सीएम पर साधा निशाना, हुड्डा और पूरी कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं, सीएम बोले, 8 अक्टूबर को हरियाणा में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बन रही

**एजेंसी**

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा को सिर्फ अपनी और अपने परिवार की चिंता है, जब हुड्डा का राज था तो जनता को वो सुविधाएं नहीं मिली जो मिलनी चाहिए थी, वे सुविधाएं एक क्षेत्र में सिमट कर रह गई। हुड्डा और पूरी कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, अब हुड्डा हिसाब मांग रहे हैं, लेकिन हुड्डा का हिसाब जनता 8 तारीख को कर देगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा की प्रत्याशी रेनू डाबला के नामांकन में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि कांग्रेस के शासन में जिस तरह दलितों पर गोलियां चलाई गई, किसानों की जमीन हड़प कर वाड्रा को खुश किया गया, युवाओं को नौकरी से बेदखल रखा, ऐसे तमाम कारनामे अब हुड्डा को याद



आ रहे हैं। हालत ये है कि भूपेंद्र हुड्डा को नींद नहीं आ रही, नींद आ भी जाती है तो सपने में गठबंधन दिखता है, सुबह आंख खुलती है तो गठबंधन गायब मिलता है। हरियाणा में कांग्रेस और आप के गठबंधन की बात चल रही है। ये दोनों ही दल भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं। जो केजरीवाल हुड्डा को दलाल बोलते थे, प्रॉपर्टी डीलर बोलते थे, आज उन्हीं के साथ गठबंधन करने की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज कलानौर की धरती से हुड्डा को चैलेंज करता हूं कि चाहे एक पार्टी से गठबंधन कर लो या ज्यादा से, किसी से भी गठबंधन कर लो, 8 तारीख को सूपड़ा साफ होना तय है। नायब सैनी ने कहा कि सीएम के दरवाजे आप लोगों के लिए खुले हैं। इस दौरान मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, शमशेर सिंह खरक, रणवीर ढाका, मेयर मनमोहन गोयल, राजकमल उर्फ राजू सहगल, हरिओम मित्तल भाली, अमरजीत सौलंकी, अजय खुंडिया,सुमिता भाटिया, दिनेश करौंथा, सुरेश सैनी,गुलशन दुआ,देवेंद्र चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने जितने काम किए हैं, उनका हुड्डा और पूरी कांग्रेस को पता है। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा युवा विरोधी है कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग हरियाणा में युवाओं की भर्ती पर हमेशा रोड़ा अटकाया। हाल ही में हमने 25000 युवाओं की भर्ती निकली लेकिन हुड्डा का भर्ती रोको गैंग चुनाव आयोग के पास जाकर खड़ा हो गया और भर्ती रुकवा दी। हुड्डा युवा विरोधी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज मैं आपसे वादा करता हूं 8 तारीख के बाद सबसे पहले 25000 युवाओं की जॉइनिंग करवाऊंगी उसके बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लूंगा।

## अधिवक्ता रोहित कलसन कांग्रेस के जिला मीडिया कोआर्डिनेटर नियुक्त

**हिसार।** बार एसोसिएशन हांसी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित कलसन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ से मीडिया विभाग में जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान की अनुशंसा पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा द्वारा जारी पत्र में अधिवक्ता रोहित कल्सन हिसार व उनके साथ साथ सहित हरियाणा के अलग-अलग जिलों में जिला मीडिया संयोजकों की नियुक्ति की गई है। खुद को जिला हिसार का मीडिया कोआर्डिनेटर नियुक्त होने पर अधिवक्ता रोहित कालसन ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंप गई है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे, उन्होंने कहा कि प्रिंट इलेक्ट्रानिक व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपनी पार्टी का मजबूत पक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा कांग्रेस पार्टी के प्रमुख लोकप्रिय नेताओं के बयानों को फेक वीडियो व फेसबुक तथा ट्विटर के फेक अकाउंट्स के माध्यम से तोड़ मरोड़ कर व गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

## जजपा-एएसपी की तीसरी सूची जारी, रणजीत के खिलाफ गठबंधन नहीं उतारेगा उम्मीदवार


**चंडीगढ़।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) ने 18 और उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।साथ ही गठबंधन ने सिरसा जिले के रानियां विधानसभा क्षेत्र से पूर्व बिजली व जेल मंत्री और निर्दलीय उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह का समर्थन करने का ऐलान किया है। रानियां में गठबंधन अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगा। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने यहां से अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने शीशपाल काम्बोज को टिकट दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में जजपा-एएसपी गठबंधन तीसरी सूची को मिलाकर अभी तक 48 विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। तीसरी सूची में घोषित किए गए 18 उम्मीदवारों में से 15 जजपा और तीन एएसपी सिम्बल पर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन ने यमुनानगर से इंतजार अली गुर्जर, थानेसर से सूर्य प्रताप सिंह राठौड़, इंद्री से कुलदीप मदान, पानीपत ग्रामीण से रघुनाथ कश्यप, टोहाना से हवा सिंह खोबड़ा, रतिया से रमेश कुमार ओड व कालांवाली से गुरजंट तिगड़ी पार्षद को टिकट दिया है। इसी तरह आदमपुर से कृष्ण गंगवा, हिसार से रवि आहुजा, रोहतक से जितेंद्र बल्हारा, कलानौर से महेंद्र सुडाना, बादली से कृष्ण सिलाना और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झज्जर हलके से जजपा के नसीब सोनू वाल्मीकि चुनाव लड़ेंगे।

## गन्नौर, गोहाना, राई, बरोदा, गोहाना, खरखौदा में 26 नामांकन दाखिल

**एजेंसी**

**सोनीपत।** विधानसभा आम चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया विभिन्न विधानसभाओं में हुए नामांकन की जानकारी दी कि 26 नामांकन दाखिल किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि गन्नौर विधानसभा में 6 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया।

भाजपा के देवेन्द्र कौशिक और उनकी कवरिंग उम्मीदवार रूमा शर्मा, जननायक जनता पार्टी के अनिल कुमार, कांग्रेस के चाणक्य पंडित (कवरिंग उम्मीदवार) और निर्दलीय उम्मीदवार तकदीर व बृजेश रानी शामिल हैं। राई विधानसभा में 6 उम्मीदवारों में भाजपा की कृष्णा गहलावत और कवरिंग उम्मीदवार बलवान सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार सितेन्द्र, संदीप कुमार, प्रतीक राजकुमार शर्मा और राजकुमार शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। खरखौदा विधानसभाः कांग्रेस से जयवीर सिंह और उनके कवरिंग उम्मीदवार दीपक



लोहट, युग तुलसी पार्टी के प्रवीण, इंडियन नेशनल लोकदल से प्रीत्तम खोखर और कवरिंग उम्मीदवार अरूण खोखर ने नामांकन भरा। सोनीपत विधानसभा में निर्दलीय धर्मबीर ने नामांकन किया। गोहाना विधानसभा में 6 निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन किया, जिनमें राजबीर सिंह दहिया, निर्मल दहिया, हर्ष छिक्कारा, मोनिका, अरूण कुमार और सन्नी शामिल हैं।

बरोदा विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह सांगवान और कवरिंग उम्मीदवार नीतू ने नामांकन दर्ज करवाया। डा. मनोज कुमार ने बताया कि नामांकन पत्र 12 सितंबर 2024 तक दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं।

## उचाना में जेजेपी नहीं मुकाबले में भाजपा के साथ कांग्रेस का होगा मुकाबला : बृजेंद्र सिंह

**एजेंसी**

**जींद।** उचाना हलके से कांग्रेस उम्मीदवार बृजेंद्र सिंह ने नामांकन फार्म भरा। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंहए पूर्व विधायक प्रेमलता उनके साथ मौजूद रही। रजबाहा रोड कांग्रेस कार्यालय में हवन के बाद नामांकन फार्म भरने काफिले के साथ बृजेंद्र सिंह पहुंचे। काफिले में भीड़ अधिक होने के चलते प्रशासन को एक तरफ का रोड बंद करना पड़ा ताकि जाम की स्थिति न हो। पत्रकारों से बातचीत में बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उचाना में मुकाबला भाजपा के साथ कांग्रेस का है। जो दुष्यंत चौटाला की इंकम बढ़ी है वो जांच का विषय है।

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उचाना हलके में कांग्रेस के पक्ष का माहौल है। पूरे प्रदेश में ऐसा ही माहौल है। भारी बहुमत से कांग्रेस सत्ता में आएगी। हरियाणा में कांग्रेस का मुकाबला भाजपा के साथ है। सबसे बड़े मुददे प्रदेश सरकार की जो दस साल की कारगुजारी रही है



उनके खिलाफ मुद्दे है। जो जनमत है उसका रूझान है कि भाजपा को सत्ता से हटाना है। सबसे बडा मुद्दा बेरोजगारी का है। ये मुद्दा उचाना तक सीमित नहीं है पूरे हरियाणा का आप आंकडा उठा कर देख लो सरकारी आंकड़े है सबसे अधिक बेरोजगारी जो दर है वो हरियाणा में है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ जो पिछले दस साल से अन्याय हुआ है जो एक पलायन का सिलसिला चला है जिसको डंगी बोलते है। एमएसपी को अमलीजामा पहनाने का है। कांग्रेस का वायदा है कि केंद्र में जब भी सरकार आएगी उसको तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए।

## नारी सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए महिलाओं में एकता होना जरूरी : डॉ. नेहा बिश्नोई

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर कॉमर्स विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा बिश्नोई ने कहा है कि नारी सशक्तिकरण का मतलब यही है कि यदि महिला के साथ कुछ गलत हो तो वह अपने लिए आवाज उठा सके। हम छोटे-छोटे कदम बढ़ाकर ही सामाजिक कुरीतियों को मिटा सकते हैं। नारी सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए महिलाओं में एकता का होना आवश्यक है। डॉ. नेहा बिश्नोई गुरु



गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स को नारी सशक्तिकरण के विषय संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कैडेट्स को नारी सशक्तिकरण के बारे में बताया और कहा कि नारी एकजुट होकर अपना भविष्य उज्जवल बना सकती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य कृष्ण कुमार ने डॉ नेहा बिश्नोई का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर कैप्टन स्नेहलता ने डॉ. नेहा विश्नोई (महिला सेल प्रभारी) का आभार जताया। उन्होंने कैडेट्स को अपने अधिकारों के बारे में तथा अपने निर्णय स्वयं लेने के लिए अवगत करवाया।

## कलायत से 8, पूंडरी व गुहला से 4-4 व कैथल में एक उम्मीदवार ने किया नामांकन पत्र दाखिल

**एजेंसी**

**कैथल।** जिला कैथल की चारों विधानसभाओं से 17 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी डा. विवेक भारती ने बताया कि कलायत विधानसभा से सबसे अधिक आठ उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया। सांसद जयप्रकाश के बेटे विकास सहारण व गुहला से दिल्लू राम ने बिना पार्टी के टिकट के ही नामांकन पत्र दाखिल किया।

कलायत से भारतीय जनता पार्टी से कमलेश ढांडा ने, उनके कवरिंग कैंडिडेट के रूप में तुषार ढांडा ने नामांकन किया। आम आदमी पार्टी से अनुराग ढांडा ने, उनके कवरिंग कैंडिडेट रूप में



ज्योति ने नामांकन किया। इसके साथ ही विकास सहारन, सुमित कुमार, सलिंद्र व दीपक कुमार ने कलायत विधानसभा से अपना पर्चा भरा। विकास सहारण के नामांकन के दौरान उनके पिता व हिसार के सांसद जयप्रकाश भी मौजूद रहे। गुहला विधानसभा से जेजेपी से कृष्ण कुमार, कवरिंग कैंडिडेट सुखदेव ने नामांकन भरा। वहीं दिल्लू राम बाजीगर व ज्ञान सिंह जगत ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। कैथल विधानसभा से जेजेपी से संदीप गढ़ी ने नामांकन किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। लोगों के निगाह सबसे अधिक सुरजेवाला के नामांकन पत्र दाखिल करने पर रहेगी।13 सितंबर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। 16 सितंबर, 2024 तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं।

## गुड़गांव विधानसभा से दाखिल किए गए 9 नामांकन

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा आम चुनावों के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है जो कि 12 सितंबर तक जारी रहेगी। नामांकन प्रक्रिया के चलते जिला में 23 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें से पटौदी विधानसभा से एक, बादशाहपुर विधानसभा से छह, गुड़गांव विधानसभा से नौ व सोहना विधानसभा से सात प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पटौदी विधानसभा से बिमला चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पटौदी दिनेश लुहाच ने इनका नामांकन प्राप्त किया। इसी प्रकार बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से छह उम्मीदवारों ने नामांकन किये। जिनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से वर्धन यादव, आम आदमी पार्टी से बीर सिंह व पिंकी ने बतौर कवरिंग कैंडिडेट, कुमुदनी जांघू, रोशनी देवी व रविंद्र यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बादशाहपुर अंकित चोकसी ने नामांकन प्राप्त किए। इसी प्रकार गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मोहित ग्रोवर, शिवानी डांग ने उनके कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन किया है। इसके साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी की कवरिंग कैंडिडेट अरुणा शर्मा, निर्दलीय उम्मीदवार नवीन गोयल, मोनिका गोयल, नरेश कुमार बत्रा, संजय लाल, महाबीर सिंह व देवी प्रसन्न गोयल ने अपना नामांकन पत्र भरा है।

## जिले में 1072 घरों में मिला लारवा, स्वास्थ्य विभाग ने थमाया नोटिस

**एजेंसी**

**नारनौल।** जिले में बारिश के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया व डेंगू की जांच के लिए 152 टीमें घर-घर जा कर मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए कार्य कर रही हैं। अभी तक जिले में करीब 93259 बुखार के मरीजों की जांच की गई हैं इनमें से 4 मलेरिया संक्रमित



केस मिले हैं। डेंगू का अभी तक कोई केस नहीं आया हैं।

उप सिविल सर्जन डा. मनीष यादव ने बताया कि मोहल्ला राव नारनौल में मलेरिया के 2 संक्रमित मरीज मिले, यह यूपी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इनको बुखार आने पर यहां मलेरिया टेस्ट किया गया जिसमे मलेरिया संक्रमण की पुष्टि हुई है। मलेरिया प्रभावित एरिया में टीम भेजकर डोर टू डोर गतिविधि करवाई गई है। आसपास के घरों में बुखार फीवर मास सर्वे, सोर्स रिडक्शन एक्टिविटीज, टंकी और नालियों में मच्छरनाशक दवाई डलवाई गई है। संक्रमित मरीजों का मलेरिया का इलाज शुरू कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में 1072 घरों में लारवा पाया गया है जिनको नोटिस दिए गए हैं। नगरपालिका, नगर परिषद व पंचायतों को फॉगिंग करवाने के बारे लिखा गया है जो कई जगह शुरू भी हो गई है। उन्होंने बताया कि डेंगू की जांच महेंद्रगढ़ व नारनौल के सरकारी अस्पताल में तथा मलेरिया की जांच व इलाज हर सरकारी अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगेगी हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक : डा. सतीश पूनिया

**एजेंसी**

**हिसार।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगेगी। उन्होंने कांग्रेस पर बरसते हुए कहा कि गुटों में बंटी कांग्रेस केवल झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है।

डॉ. सतीश पूनिया बरवाला से भाजपा प्रत्याशी रणबीर गंगवा के नामांकन अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गंगवा की तारीफ करते हुए कहा कि वे भाजपा के समर्पित नेता हैं, इसलिए पार्टी ने उन्हें बरवाला से प्रत्याशी बनाया है। डा. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस गुटों में बंटी हुई पार्टी है। कांग्रेस का ना कोई ठोर ठिकाना है और ना ही कांग्रेस के पास देश और प्रदेश के विकास की नीति है। कांग्रेस का मकसद झूठ बोलकर किसी भी तरह से सत्ता हासिल करना है।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस झूठ का एजेंडा चला रही है। कांग्रेस शासन को हरियाणा के लोग भूले नहीं है। कांग्रेस के समय किस तरह से भ्रष्टाचार था यह सभी को मालूम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में युवाओं को योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि पर्ची और



खर्ची से नौकरियां मिलती थी। भाजपा ने 2014 में व्यवस्था परिवर्तन लागू कर हरियाणा में सुशासन स्थापित किया। आज बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। हरियाणा के लोगों को घर बैठे सभी सुविधाएं मिल रही हैं। भाजपा प्रत्याशी रणबीर गंगवा ने अपने नामांकन पर आए प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुझे बरवाला विधानसभा में कमल खिलाने की जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व ने दी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से यहां कमल खिलेगा और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

इस मौके पर उन्होंने कुलदीप बिश्नोई की भी जमकर तारीफ की और कहा कि कुलदीप बिश्नोई के व्यक्तित्व का काफी प्रभाव है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी और नलवा से भाजपा प्रत्याशी रणधीर पनिहार भी मौजूद रहे।

## नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन रेवाड़ी से 7, कोसली से 2 व बावल से 1 प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** हरियाणा विधानसभा के 15वें आम चुनावों के लिए जिले में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से 5 उम्मीदवारों ने 7 प्रत्याशियों के रूप में नामांकन दाखिल किए। जिसमें आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सतीश यादव व उपमा यादव, बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी सोमाणी विजय तथा प्रशांत व संजय शर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया।

कोसली विधानसभा क्षेत्र से आरओ एवं एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव के समक्ष दो प्रत्याशियों आरती व मुकेश कुमार यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया वहीं बावल विधानसभा क्षेत्र में आरओ एवं एसडीएम बावल उदय सिंह के समक्ष आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी जवाहर ने अपना नामांकन दाखिल किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बुधवार तक जिला में बावल विधानसभा से 2, कोसली विधानसभा से 4 व रेवाड़ी विधानसभा से 12 उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन



पत्र गुरूवार 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं। 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों के लिए विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा 10 हजार रुपए से अधिक का चुनाव खर्च सभी स्थितियों में क्रॉस्ड अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस/एनईएफटी या चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से जुड़े किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा करना होगा।

## भाजपा ने सरकारी नौकरियों में पर्ची व खर्ची का प्रचलन किया बंद : डॉ. कमल गुप्ता

**एजेंसी**

**हिसार।** हिसार से भाजपा उम्मीदवार डॉ. कमल गुप्ता ने दावा किया है कि भाजपा हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। इसमें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है। हिसार हलका में जिस प्रकार का जनसमर्थन पार्टी को मिल रहा है, वह पार्टी के ऊर्जावान व कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, दृढ़ निर्णय शक्ति व सही नीयत का ही परिणाम है। डॉ. कमल गुप्ता सेक्टर 15 में लेखराज महता एडवोकेट, बैंक कालोनी में रमेश जांगड़ा, सुभाष नगर में सतबीर के आवास सहित शहर के अनेक क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। डा. कमल गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश सरकार ने सभी जनहित के काम करके दिखाए जो



हरियाणा प्रदेश में पिछली सरकारें नहीं कर पाई थी। प्रदेश की भाजपा सरकार ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार, भय व नौकरियों में भेदभाव को समाप्त कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि अब नौकरियों में खर्ची व पर्ची का प्रचलन पूरी तरह से बंद हो गया है। प्रदेश में विकास जो लक्ष्य तय किया गया था उससे कहीं अधिक विकास कार्य हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के हितों को मद्देनजर रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उनको क्रियांवित करने का काम किया गया है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला ने बताया कि इस अवसर पर सतीश सुरलिया, लेखराज महता एडवोकेट, रमेश जांगड़ा व सतबीर सहित भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य उपस्थित रहे।

# बीपीसीएल को अबूधाबी में उत्पादन रियायत मिली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन बीपीसीएल की इकाई भारत पेट्रोरिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की संयुक्त स्वामित्व वाली विशेष प्रयोजन इकाई (एसपीवी) ऊर्जा भारत प्राइवेट लिमिटेड (यूबीपीएल) को अबूधाबी के वित्तीय और आर्थिक मामलों की सर्वोच्च परिषद (एससीएफईए) से उत्पादन रियायत मिली है। यह उत्पादन रियायत अन्वेषण चरण के सफल समापन के बाद प्रदान की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। बीपीसीएल ने बयान जारी कर बताया कि वित्तीय और आर्थिक मामलों की सर्वोच्च परिषद (एससीएफईए), अबू धाबी द्वारा यूबीपीएल को उत्पादन रियायत प्रदान की गई है। उत्पादन रियायत समझौता यूबीपीएल को इक्विटी तेल अधिकार देता है और भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में कंपनी के प्रयासों को पूरक करेगा। वर्तमान लेन-देन अबूधाबी क्षेत्र में उत्पादन रियायत के विकास के लिए एक ऑपरेटर के रूप में बीपीआरएल के प्रवेश को चिह्नित करता है। यह अपने मौजूदा ईएंडपी पोर्टफोलियो में उत्पादक बेसिनों में उत्पादन परिसंपत्तियों को जोड़कर अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के अपने घोषित रणनीतिक उद्देश्य के अनुरूप है।

# एप्सफॉरभारत मंदिरों के डिजिटल दर्शन की सुविधाओं को बनाएगा बेहतर

**बेंगलुरु।** डिजिटल धार्मिक मंच श्री मंदिर की मूल कंपनी एप्सफॉरभारत ने नंदन नीलेकणी की फंडामेंटम के नेतृत्व में सीरीज़ बी फंडिंग के अंतर्गत 151 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि वह दुनियाभर के श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों के दर्शन की डिजिटल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। कंपनी ने जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इस फंड का उपयोग श्री मंदिर ऐप को भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने, नए मंदिरों को जोड़ने, नई सेवाएं शुरू करने, और भक्ति अनुभव के लिए एक संपूर्ण तकनीकी आधार बनाने के लिए किया जाएगा। ऐप में इस दौर में निवेश करने वालों में सुस्क्वेहन्ना एशिया एसी और पहले से जुड़े निवेशक एलिवेशन कैपिटल पीक एक्सवी और मिरे एसैट वीसी भी शामिल थे। एप्सफॉरभारत के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत सचान ने कहा, अगले पांच सालों में, हम अपनी सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें आध्यात्मिक पर्यटन, विशेष दर्शन टिकट्स की सुविधा, तथा प्रसाद और अन्य धार्मिक वस्तुओं की डिलीवरी करेंगे। हमारा लक्ष्य श्री मंदिर को एक पूर्ण डिजिटल तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म में बदलना है, जो भक्ति के हर पहलू को पूरा करेगा।

# आर्केड डेवलपर्स का आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद।** आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 16 सितंबर को खुलेगा।कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में कहा गया है कि चुनिंदा माइक्रो मार्केट में आपूर्ति के मामले में शीर्ष दस डेवलपर्स में से एक और एमएमआर, महाराष्ट्र में एक स्थापित डेवलपर आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड (स्रोत- एनारॉक रिपोर्ट) सोमवार, 16 सितंबर को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/इश्यू खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 13 सितंबर और बोली/इश्यू बंद होने की तारीख गुरुवार, 19 सितंबर को होगी। इश्यू का मूल्य बैंड 121 प्रति इक्विटी शेयर से लेकर 128 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 110 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 110 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। इस निर्गम में 410 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है। कंपनी ने निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग विकास व्यय के वित्तपोषण तथा रियल एस्टेट परियोजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अभी तक चिन्हित नहीं की गई भूमि के अधिग्रहण के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है।

# जूमकार का मैपमाईइंडिया के साथ करार

**नयी दिल्ली।** कार शेयरिंग प्लेटफार्म जूमकार ने टेक कंपनी मैपमाईइंडिया के साथ करार किया। जूमकार ने बयान जारी कर बताया कि इस साझेदारी के तहत यूजर आसानी से मैपमाईइंडिया ऐप के माध्यम से अपनी यात्राओं की योजना बनाते हुए जूमकार बुक कर सकेंगे। जूमकार के 99 से अधिक शहरों में 25,000 से अधिक कारों बेड़ा है। चाहे बजट-फ्रेंडली यात्रियों के लिए किफायती विकल्प हो या लक्जरी चाहने वालों के लिए प्रीमियम राइड्स, यूजर अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कार आसानी से ढूंढ और बुक कर सकते हैं।

जूमकार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिरोशी निशिजिमा ने कहा, हम मैपमाईइंडिया के साथ साझेदारी करके और उनके अत्याधुनिक मानचित्र और यात्रा प्लेटफार्म का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। चाहे वह एक सहज रोड ट्रिप हो या एक विस्तृत रूप से योजनाबद्ध यात्रा, हम हर यात्रा को आसान और आनंददायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं मैपमाईइंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक रोहन वर्मा ने कहा, जूमकार के साथ हमारी साझेदारी यात्रियों के लिए अधिक सुविधा लाती है और हमारे यूजर के यात्रा अनुभव को सरल और बेहतर बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम इस साझेदारी के माध्यम से मैपमाईइंडिया ऐप यूजर के लिए अधिक वैल्यू लाने के लिए उत्साहित हैं।

# सोने की शुद्धता के मानक और सख्त होंगे, 9 कैरेट गोल्ड की भी होगी हॉलमार्किंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के निर्देश पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जल्दी ही 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की हॉलमार्किंग को भी अनिवार्य करने जा रहा है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण पिछले कुछ अरसे से देश में 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की मांग में भी काफी तेजी आई है। ऐसी स्थिति में इस सोने की शुद्धता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। इसी वजह से केंद्र सरकार ने 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी पर हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने का फैसला लिया है।

भारतीय मानक ब्यूरो ने 9 कैरेट गोल्ड से बने आभूषणों की हॉलमार्किंग के लिए मार्केट के सभी स्टेकहोल्डर्स से बातचीत शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की शुद्धता की जांच कर ग्राहकों को उसका सर्टिफिकेट दिया जाएगा। फिलहाल देश में 24 कैरेट, 23 कैरेट, 22 कैरेट, 18 कैरेट और 14 कैरेट सोने से बनी ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग करना अनिवार्य है। 2022 से ही हॉलमार्किंग का ये नियम पूरे देश में



लागू कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि सोने की कीमत में आई तेजी की वजह से इन दिनों 9 कैरेट से लेकर 14 कैरेट और 18 कैरेट सोने से बनी ज्वेलरी की मांग भी काफी ज्यादा बढ़ गई है। जबकि कुछ समय पहले तक सोने की ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता था। इसकी वजह सोने की कीमत के बड़ा अंतर को भी माना जा रहा है। फिलहाल 24 कैरेट सोना घरेलू सर्राफा बाजार में 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है, जबकि 9 कैरेट सोने की कीमत 25 हजार रुपये के आसपास है। यही कारण है कि इन दिनों आभूषण की खरीद में कम शुद्धता वाले सोने की मांग ज्यादा बढ़ गई है। मांग में बढ़ोतरी होने से अब इनकी शुद्धता पर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने भारतीय मानक ब्यूरो को 9 कैरेट से बने आभूषण की भी हॉलमार्किंग करने का निर्देश दिया है, ताकि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी न हो। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार सोने की खरीद के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। इस साल सोने की डिमांड 750 टन तक पहुंचाने की संभावना जताई जा रही है। पिछले साल की तुलना में इस साल अभी तक सोने की मांग में 1.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। माना जा रहा है कि कीमत में तेजी आने के बावजूद इस साल के अंत तक सोने की मांग में 2 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हो जाएगा। ऐसी स्थिति में सोने के खरीदारों के हितों की सुरक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। यही वजह है कि 9 कैरेट तक के गहनों की हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने पर विचार किया जा रहा है।

# कच्चा तेल 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-




चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 72 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.43 डॉलर यानी 0.61 फीसदी की उछाल के साथ 71.04 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.36 डॉलर यानी 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ 66.67 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। कोलकाता में पेट्रोल का भाव 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.86 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# घरेलू सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में लगातार तीन दिन से जारी गिरावट पर आज ब्रेक लग गया है। आज सोने के भाव में 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया है। इसी तरह चांदी ने आज 500 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 73 हजार रुपये के स्तर को पार करके 73,410 रुपये से लेकर 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67 हजार रुपये के स्तर को पार करके 67,310 रुपये से लेकर 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में इजाफा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ईडी ने पीएनबी बैंक धोखाधड़ी मामले में नीरव मोदी के 29.75 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण धोखाधड़ी के मामले में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की 29.75 करोड़ रुपये की नई संपत्ति को जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने धनशोधन रोधी कानून के तहत यह कार्रवाई की है।

ईडी ने जारी एक बयान में कहा कि उसने मुंबई में नीरव मोदी द्वारा पीएनबी बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में अचल संपत्तियों और बैंक बैलेंस के रूप में अपराध की आय को अनंतिम रूप से जब्त किया है, जिसकी राशि 29.75 करोड़ रुपये है। इस मामले में अब तक कुल जब्ती 2625.75 करोड़ रुपये (करीब) है। ईडी ने कहा कि जब्त की गई ये परिसंपत्तियां बैंक जमा, भूमि और भवन के रूप में हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत संबंधित परिसंपत्तियों को जब्त करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसके तहत विदेश में स्थित 2,596 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। उल्लेखनीय है कि भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी (53) फिलहाल ब्रिटेन की जेल में बंद है। इस कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले के संबंध में भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज हो चुकी है।

यह कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि पीएनबी के साथ दो अरब डॉलर की कथित ऋण धोखाधड़ी के मामले में पांच साल से अधिक समय से जांच कर रही एजेंसी ने पूर्व में नीरव मोदी की भारत और

# वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के निवेशकों के पैसे पहले दिन ही डबल हुए, 90 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के बाद अपर सर्किट पर पहुंचा शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज दो कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए दस्तक दी। इनमें से नमो ई वेस्ट के शेयर 90 प्रतिशत के प्रीमियर पर लिस्ट होने के बाद अपर सर्किट तक पहुंच गए। दूसरी ओर मैक कॉन्फ्रेंसेस एंड इवेंट्स के शेयर 33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट जरूर हुए, लेकिन लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली की वजह से इस कंपनी के आईपीओ निवेशकों के पहले दिन के मुनाफे में थोड़ी कमी आ गई। इलेक्ट्रॉनिक सामानों को रिसाइकल करने वाली कंपनी नमो ई वेस्ट मैनेजमेंट के शेयरों की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर जबरदस्त एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 85 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन आज इनकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 161.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर 169.55 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गया। इस तरह पहले कारोबारी दिन की समाप्ति पर इस कंपनी के आईपीओ निवेशक लगभग 100 प्रतिशत के मुनाफे में रहे।

नमो ई-वेस्ट का 51.20 करोड़ का आईपीओ 4 से 6 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। ये आईपीओ ओवरऑल 225.64 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व हिस्से में 151.75 गुना और रिटेल इन्वेस्टर्स के हिस्से में 195.54 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। सबसे अधिक 394.20 गुना सब्सक्रिप्शन नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व हिस्से में आया। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल सहायक कंपनी टेक इको वेस्ट मैनेजमेंट के कैपिटल एक्सपेंडिचर और अपने वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने के लिए किया जाएगा। इसी तरह आज ही इवेंट मैनेजमेंट कंपनी मैक कॉन्फ्रेंसेस एंड इवेंट्स के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 225 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन आज इनकी लिस्टिंग 300 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये शेयर टूट कर 285 रुपये के स्तर तक आ गया। हालांकि बाद में ये शेयर निचले स्तर से 9 रुपये की रिकवरी करके 294 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

# दो दिन की तेजी के बाद टूटा शेयर बाजार, उतार-चढ़ाव के बीच लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। दिन के पहले सत्र में खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने मजबूती हासिल की लेकिन दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी, बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, मेटल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

# एग्री ट्रेड हर साल कृषि वीर एवं कृषि भगिनी सम्मान से लोगों को करेगा सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के कृषि विभाग से संबंधित नैप उत्क्रांति फेडरेशन के नेतृत्व में राजधानी नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में देश के पहले एग्रीप्रेनेउर समिट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस समिट में देशभर के कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्यमियों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीण खंडेलवाल की मौजूदगी में समिट में भारत के कृषि व्यापार (एग्री ट्रेड) से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इस सम्मेलन में निर्णय किया गया कि कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले पुरुषों को कृषि वीर तथा महिलाओं को कृषि भगिनी की उपाधि से प्रति वर्ष सम्मानित किया जाएगा। सांसद प्रवीन खंडेलवाल सहित 28 राज्यों के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए और भारतीय कृषि व्यापार को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव भी पारित किया। इस समिट की मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आयोजन के लिए भेजे अपने




संदेश में भारत के पहले एग्रीप्रेनेउर समिट को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कृषि हमारे देश की रीढ़ है, हमें आधुनिक तकनीक और नवाचारों के माध्यम से इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। ईरानी ने कहा कि यह समिट एग्री-बिजनेस के भविष्य को दिशा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि क्षेत्र से संबंधित हर स्टेकहोल्डर जिसमें विशेष रूप से किसान, कृषि सामग्री व्यापारी, कृषि उपकरण निर्माता तथा कृषि उत्पादों की बिक्री करने वाले लोगों को एकजुट करने की ज़रूरत है, ताकि कृषि लागत कम कैसे हो इस पर सामूहिक प्रयास किए जाएं। अंत में मै ये कहूंगी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में कृषि में सुधार के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गई हैं जिनका अधिकतम लाभ सभी को लेना चाहिए।

प्रवीन खंडेलवाल ने कृषि व्यापार में उद्यमिता और निवेश के बढ़ते महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत के किसान और एग्रीप्रेनेउर्स वैश्विक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। उन्?होंने कहा कि पिछले पांच साल में जैविक उर्वरक और बायोफर्टिलाइजर का उत्पादन लगातार बढ़ा है, और कृषि विज्ञान और टिकाऊ खेती के लिए इनका उपयोग भी बढ़ा है। कृषि निर्यात में स्थिरता आई है। हाल की विकास दर से पता चलता है कि घरेलू मांग में वृद्धि की तुलना में कृषि-खाद्य उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है, निर्यात के लिए अधिशेष की मात्रा में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। इस तरह के आयोजन इस बात को प्रमाणित करते है कि हम कृषि व्यापार के क्षेत्र में प्रगतिसंगत मार्ग पर है।

इस समिट में विभिन्न सत्रों और पैनल चर्चाओं के माध्यम से एग्री टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग स्ट्रैटेजीज, और कृषि व्यापार के उभरते रुझानों पर विशेष ध्यान दिया गया। वक्ताओं ने कृषि क्षेत्र में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे भारत की कृषि व्यापार क्षमता को बढ़ाया जा सके।

# सीएम योगी ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ वन टू वन मुलाकात कर दिया प्रदेश में हर संभव मदद का भरोसा

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के हुए उद्घाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ वन टू वन मुलाकात भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स को प्रदेश में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया।

इन्वेस्टर्स ने भी इस इवेंट को महत्वपूर्ण बताया, जबकि उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य करार दिया। देशी और विदेशी दोनों इन्वेस्टर्स ने माना कि भारत में सेमीकंडक्टर का काफी स्कोप है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द ही भारत सेमीकंडक्टर का हब बन सकता है।

**भारत में बढ़ा सेमीकंडक्टर का स्कोप**

हानयांग इंजीनियरिंग के डेहून ली ने कहा कि हमारी साउथ कोरिया की कंपनी है। भारत में सेमी कंडक्टर का स्कोप ज्यादा है। भारत की हाल के वर्षों में तरक्की पूरी दुनिया ने देखी है। यहां लोग उन्नत तकनीक अपना रहे हैं, जिसकी वजह से सेमीकंडक्टर का स्कोप लगातार बढ़ता जा रहा है।

**भारत में तेजी से बढ़ेगा सेमीकंडक्टर उद्योग**

सिंगापुर के केन उकावा ने कहा



कि भारत में सेमीकंडक्टर का बिजनेस भले ही अभी छोटा है, लेकिन उम्मीद है कि मोदी के विजन से यह बहुत जल्द बहुत बड़ा हो जाएगा। भारत में पहली बार इस तरह का इवेंट हो रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों से कंपनियां आई हैं। यह प्रभावित करने वाला है

**उप्र में सुधरी कानून व्यवस्था तो बढ़ रहा निवेश**

जर्मन कंपनी विस्को टेक के प्रतिनिधि राहुल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है, जिसके कारण विदेशी कंपनियां भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश आ रही हैं। हमारी कंपनी लगातार साल दर साल यहां निवेश बढ़ा रही है।

**उप्र को लेकर निवेशकों में उत्साह**

पिनेटिक्स के अलंकार ढोब्ले ने कहा कि उप्र में निवेश करना अब बहुत अच्छा हो गया है, क्योंकि सरकार यहां जिस तरह सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, वह निवेश बढ़ाने के लिहाज से बहुत अच्छा कदम है। योगी ने जिस तरह के सहयोग का भरोसा दिया है, उससे निवेशकों में उत्साह है, जो राज्य में निवेश बढ़ाने को लेकर काफी कारगर साबित होगा

# एक्सेल ने लाँच की एक्सेल ऐटम्स 4.0

**नयी दिल्ली।** ग्लोबल वेंचर कैपिटल फर्म एक्सेल ने आज एक्सेल ऐटम्स 4.0 लॉन्च करने की घोषणा की जिसके तहत स्टार्टअप में प्री सीड में 10 लाख डॉलर तक का निवेश किया जायेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह इसके प्री-सीड स्केलिंग प्रोग्राम का चौथा संस्करण है। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के आधार पर इस प्रोग्राम को संस्थापकों की 0 से 1 तक की यात्रा को आसान बनाने के लिए डिजाईन किया गया है। एक्सेल ऐटम्स 4.0 प्री-सीड स्टार्टआपस की दो श्रेणियों भारत के लिए निर्माण करने वाले और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का आकर्षक ऐप्लिकेशन है। एक्सेल के लिए 'भारत' का अर्थ टियर-2, टियर-3 और भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले मध्यम आय वर्ग के परिवारों से है। एक्सेल ऐटम्स 4.0 तीन महीने का एक हाइब्रिड प्रोग्राम है। आइडिया के स्टेज वाली एवं प्रि-प्रोडक्ट कंपनियों सहित, प्री-सीड स्टेज वाले स्टार्टअप्स इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने योग्य हैं।

# बजाज हाउसिंग के आईपीओ ने मचाई हलचल, 3 लाख करोड़ के करीब पहुंची बोलियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ ने प्राइमरी मार्केट में हलचल मचा दी है। 9 सितंबर को 7 कंपनियों के आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले थे, लेकिन इनमें बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ के प्रति इन्वेस्टर्स का रुझान सबसे अधिक नजर आ रहा है। आज शाम 4 बजे तक इस आईपीओ को 62 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। यानी अभी तक इस आईपीओ के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का सब्सक्रिप्शन अमाउंट इकट्ठा हो चुका है। इस आईपीओ के 9 सितंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद एम्पलाइज कैटेगरी को छोड़ कर हर कैटेगरी के लिए रिजर्व हिस्सा पहले दिन ही पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया था। अगले दो दिन में भी इस आईपीओ को जोरदार रिस्पॉन्स मिला, जिसकी वजह से इस आईपीओ का सब्सक्रिप्शन अमाउंट 1 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार करके 3 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया। बजाज हाउसिंग फाइनेंस के इस आईपीओ का साइज 6,560 करोड़ रुपये का है। पिछले हफ्ते ही कंपनी ने अपने एंकर इन्वेस्टर्स से 1,758 करोड़ रुपये जुटा लिए थे। अब बाकी बचे 4,802 करोड़ रुपये के शेयर के लिए एम्पलाइज, रिटेल इन्वेस्टर्स, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) और एचएनआई सेक्शन में बोलियां लगाई गई हैं। आईपीओ को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के कारण ग्रे मार्केट में भी कंपनी के शेयर को लेकर जबरदस्त तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर पर 105 प्रतिशत प्रीमियम के साथ बोली लगाई जा रही थी। माना जा रहा है कि लिस्टिंग के पहले ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर के लिए 150 प्रतिशत प्रीमियम तक की बोली लग सकती है।

# बच्चे को दूध में डालकर देते हैं चीनी एक्सपर्ट ने गिनाए नुकसान



**बच्चों की मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाने और उनके शारीरिक मानसिक विकास के लिए डेली रूटीन में दूध शामिल करने की सलाह दी जाती है, लेकिन ज्यादातर लोग ये कॉमन मिस्टेक करते हैं कि अपने बच्चे को दूध में चीनी डालकर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि इससे कितना नुकसान हो सकता है.**

बच्चों से बड़ों तक के लिए दूध पोषण का खजाना माना जाता है. दूध में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन डी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं, इसके अलावा दूध में विटामिन बी12, मैग्नीशियम, पोटेशियम, आदि पोषक तत्व भी होते हैं. बच्चों का पहला आहार मां का दूध दिया जाता है और धीरे-धीरे इसे गाय के दूध में बदल दिया जाता है, क्योंकि बच्चे के सही शारीरिक और मानसिक विकास के लिए न्यूट्रिएंट्स बहुत जरूरी होते हैं. दूध बच्चे की हड्डियों, दांतों, और मांसपेशियों, को दुरुस्त रखने, हाइट बढ़ाने आदि में सहायक रहता है, लेकिन ज्यादातर लोग बच्चे को दूध में शक्कर मिलाकर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि इससे कितना नुकसान हो सकता है.

चीनी का सेवन बड़ों को भी कम मात्रा में करने की सलाह दी जाती है, लेकिन बच्चों को लोग बिना सोचे-समझे दूध में चीनी डालकर रेगुलर देते रहते हैं और छोटे शिशु तो दिनभर में कई बार दूध पीते हैं, जिससे उनके शरीर में नुकसान और भी ज्यादा होने की संभावना रहती है. इसे बारे में हमने बात की आयुर्वेद और नेचरोपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर किरण गुप्ता से. जानते हैं कि उनका इस बारे में क्या कहना है.

दूध में चीनी डालकर देने से नहीं मिलता है पोषण

एक्सपर्ट किरण गुप्ता कहती हैं कि बच्चे को दूध दिया जाता है ताकि उसकी ताकत बढ़े और वह हेल्दी रहे, क्योंकि दूध प्रोटीन और कैल्शियम का बेहतरीन सोर्स माना जाता है, लेकिन जब दूध में चीनी मिला दी जाती है तो उसके रिएक्शन से बॉडी को पूरा प्रोटीन और कैल्शियम नहीं मिल पाता है. इसके अलावा पेट में वॉर्म्स पनप सकते हैं, जिससे बच्चे का डाइजेशन बिगड़ सकता है और उसे बार-बार लूज मोशन हो सकता है.

बच्चे के मूड में हो सकते हैं बदलाव

दूध में चीनी डालकर देने से बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर तो प्रभाव पड़ता ही है, इसके अलावा रोजाना दूध में शुगर देने से एक वक्त के बाद बच्चे में हाइपर एक्टिविटी जैसे चिड़चिड़ापन, रोना जैसी दिक्कतें बढ़ सकती हैं.

पेट में वॉर्म्स पनप सकते हैं

बच्चों के पेट में अक्सर वॉर्म्स पनपने यानी कीड़े होने की शिकायत देखी जाती है. दरअसल इसके पीछे की वजह गंदे हाथ मुंह में लेना, प्रदूषित पानी आदि होने के अलावा चीनी भी हो सकती है. बच्चे को रोजाना चीनी देने से वॉर्म्स पनप सकते हैं और इस वजह से गुदा में रैशेज भी हो जाते हैं और बच्चे काफी परेशान हो जाते हैं. डॉक्टर किरण गुप्ता कहती हैं कि बच्चे को आर्टिफिशियल चीजें जैसे डिब्बाबंद दूध अन्य बेबी केयर उत्पाद और चीनी आदि नहीं देनी चाहिए और बच्चे को कम से कम दो साल तक चीनी नहीं खिलानी चाहिए और उसे केक, पेस्ट्री आदि चीजों से उसे दूर रखना चाहिए.

बच्चों को ये फूड्स खिलाएं

हेल्दी पोषण देने के लिए बच्चे को नेचुरल चीजें जैसे फल, सब्जियां, अनाज आदि पकाकर देना फायदेमंद रहता है. जैसे गेहूं को भिगोकर उसके स्प्राउटस बना लें और इसे सुखाकर हल्का भूनकर पीस लें. जब आप बच्चे के लिए दाल, सूजी आदि की कोई चीज बना कर दे रहे हैं तो ये पाउडर भी इसमें मिलाकर दें इससे बच्चे को ज्यादा पोषण मिलता है.

# गिरिराज रचित आलोचना शास्त्र से अब बेअसर होते राहुल गांधी



राहुल के बयानों की आलोचना करने के लिये अब भाजपा को बदलती दुनिया के अनुरूप नये मानदण्ड बनाने होंगे। उसे अपने शब्दकोश के साथ ही खुद को समानता, स्वतंत्रता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों से स्वस्फूर्त सम्पन्न करना होगा। लोकतंत्र और संविधान की तरह नहीं, जिसका उल्लेख करना उसने तब शुरू किया था जब उसे चुनावी हार दिखने लगी थी।

राहुल गांधी फिर से अमेरिका में हैं;

एक बार फिर से वे वहां बस गये भारतीयों के सामने दिल खोल रहे हैं;

पुन~ वे भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर बात कर रहे हैं;

अब फिर से कुछ लोग, जिनका अस्तित्व इस बात पर टिका है कि उनकी पार्टी के कुकृत्यों का कहीं भी खुलासा हो- गल्ली से दिल्ली तक या कहें कि डेल्ही से डेलास तक- फनफना उठें; और ऐसा जवाब दें जिसके पीछे उदार विचारधारा का न तो कोई संदर्भ हो और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों का लेशमात्र भी आग्रह;

एक बार फिर भारत में बैठे वे लोग नाराज़ होंगे जो मानते हैं कि देश को आजादी 2014 में मिली है; या पहले मिली भी है तो वह 99 साल की लीज़ वाली थी।बहरहाल, राहुल गांधी कुछ भी कहें, इसका जवाब या स्पष्टीकरण जहां से आना चाहिये वहां से नहीं आता बल्कि उन लोगों की ओर से आता है जिन्हें न तो इसके लिये अधिकृत किया जाता है और न ही वह पार्टी का मान्यताप्राप्त बयान होता है। हिमंता बिस्वा सरमा, अनुराग ठाकुर, निशिकांत दुबे, स्मृति ईरानी, कंगना रनौत या गिरिराज सिंह जैसे कुछ लोग हैं जो बार-बार एक जैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उनका दुर्भाग्य यही है कि वे राहुल के लिये कोई नया आलोचना शास्त्र नहीं लिख पाये हैं। वह उन्हीं मानदण्डों पर है जो 2014 के आसपास बनाया गया था और जिस हांडी पर एक बार खिचड़ी पकाई जा चुकी है। यह उनके समर्थकों का भी दुर्भाग्य है कि वे उन्हीं की कही बातों पर भरोसा कर रहे हैं जबकि थोड़े बहुत जो समझदार लोग भाजपा या सरकार में हैं, वे सारे राहुल की आलोचना से किनारा कर चुके हैं।अब गिरिराज की ही बात करें तो वे पुरानी बातें ही कह रहे हैं- मसलन, विदेशी धरती पर भारत की आलोचना, भारत की बदनामी, दुश्मन देशों को प्रोत्साहन आदि। इन्हीं जैसों में से किसी की बात का सिरा थामकर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह कह देंगे कि पता नहीं कांग्रेस को देश से क्या दुश्मनी है या उन्हें देश की इज़्ज़त प्यारी नहीं आदि। ये सारी बातें मोदी के जुमलों की तरह की बासी हो चुकी हैं जिस पर पानी छिड़ककर वैसा ही ताज़ा किया जाता है जैसे कोई कुंजड़िन बासी सब्जियों पर पानी का छिड़काव कर उसे ताज़ी बनाये रखने की कोशिश करती है, ताकि वह उसे अगली सुबह बाज़ार में बेच सके। मजेदार यह है कि इस विचार और सब्जी के खरीदार अब भी हैं जबकि वे जान चुके हैं कि इस आलोचना में कोई तार्किकता रह नहीं गयी है। फिर भी, पहली बात वे यह समझ लें कि लोकतंत्र एक सार्वभौमिक और संयुक्त अवधारणा है। एक देश में लोकतंत्र को खतरा अन्य देशों की चिंता का विषय हो सकता है। जैसे पड़ोसी देशों में सैन्य सरकार की स्थापना अथवा निर्वाचित सरकार का तख़्तापलट कोई देश नज़रंदाज़ नहीं कर सकता।दूसरे, जिन लोगों के सामने राहुल ने यह बात कही है वे भारतीय ही हैं जिन्हें खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी %भारत का हिस्सा% बताते रहे हैं। वे वहां इसीलिये बस गये हैं क्योंकि उन्हें सुव्यवस्था और सुशासन दिखता है। साथ ही अवसरों की बहुलता दिखी है। इन सब बातों का भारत में अभाव ही तो उन्हें उस नयी दुनिया में ले गया। वहीं उन्हें विविधता का सम्मान करना आया, समतामूलक समाज के दर्शन हुए, धर्मनिरपेक्षता को उन्होंने जाना और लोकतंत्र का महत्व समझा। कुछ अपवादों को छोड़कर ये सारे भारत से गये वे लोग हैं जो साधन-सम्पन्न थे। कुछ समय वहां रहने के बाद देशज धारणाओं को त्यागकर उन्होंने अमेरिकी मूल्यों को अपनाया है। यह अलग बात है कि मोदी के कारण उन्होंने फिर से भारत को वैसा ही बनाना चाहा जो गैरबराबरी वाला हो, लोकतांत्रिक मूल्यों से विहीन हो, तानाशाही का पुट लिये हुए हो और बहुलतावादी वर्चस्व का हिमायती हो। हाउडी मोदी और अबकी बार ट्रम्प सरकार वाली भीड़ की जब आंखें खुलीं तो वह राहुल के लिये पलक पांवड़े बिछाने लगी। बकौल गिरिराज सिंह देश की बदनामी यहां से शुरू होती है।

प्रेस के बारे में तो सीधी बात है कि अंतरराष्ट्रीय प्रेस का कोई अपना देश नहीं होता। विशेषकर अमेरिका या सच्चे मायनों में किसी भी लोकतांत्रिक देश का प्रेस वैश्विक दृष्टिकोण से काम करता है- निष्पक्ष होकर। वह अमरीकी राष्ट्रपति को तक नहीं छोड़ता, तो उसके लिये भारत का प्रधानमंत्री खबरों के एक स्रोत से बढ़कर कोई अहमियत नहीं रखता। समर्थकों के लिये कोई नेता उनका भगवान हो सकता है लेकिन उस प्रेस बिरादरी के लिये सारे राष्ट्राध्यक्ष एक सरीखी अहमियत और स्थान रखते हैं। अंत में, वर्तमान डिजीटल युग में आप जहां भी बैठकर कुछ कहें वह वैश्विक प्रसार पा ही जाता है। विदेशी धरती पर जाकर देश की आलोचना करने की शिकायत वे ही करते हैं जो बेहद पुराने कालखंड में जी रहे हैं।

भाजपा समर्थकों को इस बात से भी परेशानी है कि राहुल ने वहां चीन की इस बात को लेकर तारीफ़ की है कि उसने रोजगार की समस्या पर काबू पाया है। अगर यह सच है कि चीन ने ऐसा किया है तो उसका उल्लेख करने में क्या परेशानी है? अगर लगता है कि यह गलत बयानी है तो मोदी अपनी आसन्न यात्रा में सही आंकड़े पेश कर राहुल का मुंह बन्द कर दें। इसका उल्लेख करने मात्र से कोई देशद्रोही और न करने से कोई देशभक्त नहीं बन जाता। यह पाठ भी भाजपा को अपने आलोचना शास्त्र से हटा देना चाहिये क्योंकि लोग जानते हैं कि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा कुछ एप पर प्रतिबन्ध और उनके समर्थकों द्वारा दीवाली की झालरों के बहिष्कार से बढ़कर कुछ नहीं किया गया है। भारत चीन को जितना निर्यात कर रहा है, उससे कई गुना अधिक आयात करता है। चीन ने कितनी भारत की जितनी जमीन हथियाई है और कितने गांवों के नाम बदल दिये हैं- इसे लेकर सरकार को बयान देना चाहिये और पहले की भौगोलिक स्थिति को बहाल करना चाहिये। यही लाल आंखें दिखाना है।दुनिया जिस तेजी से बदली है, उसे भाजपा पकड़ नहीं पा रही है। न ही मोदी समझ सके हैं। खासकर, 2019 की महामारी (कोरोना) और राहुल की दो यात्राओं के बाद लोगों की समझ में बड़ा फर्क आया है। पहले नागरिकों के मुकाबले राज्य को बलशाली बनाने की कोशिश की जा रही थी, पर लोगों को अंतत~ अपने आर्थिक सशक्तिकरण का महत्व समझ में आ गया। लोकसभा के चुनावी नतीजे यही बताते हैं। यदि भाजपा आज सरकार में है तो वह इसलिये कि कांग्रेस का चुनावी प्रबन्धन आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हो पाया था। उसे भीतरघात तो मिला ही, इंडिया गठबन्धन को नीतीश कुमार और जयंत चौधरी ने ऐन वक्त पर धोखा भी दिया। आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के साथ समझौते भी आधे-अधूरे रहे।राहुल के बयानों की आलोचना करने के लिये अब भाजपा को बदलती दुनिया के अनुरूप नये मानदण्ड बनाने होंगे। उसे अपने शब्दकोश के साथ ही खुद को समानता, स्वतंत्रता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों से स्वस्फूर्त सम्पन्न करना होगा। %लोकतंत्र% और %संविधान% की तरह नहीं, जिसका उल्लेख करना उसने तब शुरू किया था जब उसे चुनावी हार दिखने लगी थी। अपने नेतृत्व एवं काडर को उसे इन मूल्यों का महत्ता बतलानी होगी तब कहीं राहुल या कांग्रेस की उसकी आलोचना में वज़न पड़ेगा।

## संपादकीय

## मणिपुर में हिंसा की नयी लहर

पिछले साल मई महीने से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समुदायों के बीच बढ़ चुके संघर्ष में कम से कम 2 सौ लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हुए हैं। अशांति और हिंसा के इस माहौल में सामान्य जनजीवन पूरी तरह बर्बाद हो गया है और महिलाओं, बच्चों की जो दुर्दशा हुई है, वह कल्पना से परे है। अगर देश में मजबूत इरादों वाली सरकार होती तो अब तक मणिपुर में हालात संभालने के ठोस उपाय किए जा चुके होते। इन उपायों में राष्ट्रपति शासन से लेकर मुख्यमंत्री का इस्तीफा, सरकार की बर्खास्ती या खुद प्रधानमंत्री का मणिपुर जाकर स्थिति समझने की पहल करना शामिल हो सकता था।लेकिन अफसोस कि इनमें से एक भी उपाय नहीं किया गया और अगर केंद्र सरकार किन्हीं अन्य विकल्पों पर विचार कर रही है, तो इसकी जानकारी देश को नहीं है। फिलहाल यह नजर आ रहा है कि 16 महीने से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर केंद्र सरकार ने छोड़ दिया है। कहने को वहां राहत शिविर भी बनाए गए हैं, सैन्य बलों की तैनाती भी हुई है, पीड़ितों को मुआवजा भी दिया गया है, लेकिन इन सबके बावजूद जिस चीज की वहां सबसे अधिक जरूरत है, यानी शांति और आपसी सद्भाव की, वो सिरे से नदारद है। 2023 से 2024 आ चुका है, जिसके आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन मणिपुर में हिंसा की घटनाएं बीतने का नाम ही नहीं ले रही हैं। अभी फिर राज्य में हिंसा की नयी लहर उठी है, जिसमें सितंबर के 10 दिनों में 11 मौतों की खबर है। इन्हें मौत न कहकर हत्या कहें, तो शायद हालात की गंभीरता का अंदाजा लगे।

किसी भी संवेदनशील समाज में इस बात से रोंगटे खड़े हो सकते हैं कि एक राज्य में 10 दिन में 11 हत्याएं हो गईं, लेकिन राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार इस संवेदनशीलता से कोसों दूर दिखाई दे रही है। पिछले सप्ताह मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने छह महीनों के भीतर शांति लाने का दावा किया था, लेकिन मौजूदा हालात उनके दावों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जो काम पिछले एक साल में नहीं हुआ, वो अगले छह महीने में कैसे होता, इसका खुलासा मुख्यमंत्री ने नहीं किया। लेकिन हकीकत ये है कि सितंबर महीने में मणिपुर में ड्रोन और मिसाइल के हमले से लेकर हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी जैसी भयावह घटनाएं हुई हैं।

इस रविवार को ही कुकी समुदाय से आने वाले सेवानिवृत्त सैन्य जवान लिमखोलोई माटे की हत्या केवल इसलिए हो गई क्योंकि अपने दोस्त को लीमाखोंग छोड़ने गए और लौटते में वे कुकी और मैतेई इलाकों के बीच बफर जोन से गुजरे। इसी बात पर उन पर हमला कर दिया गया कि उन्होंने कुकी और मैतेई के बीच हो चुके भौगोलिक बंटवारे का उल्लंघन कर दिया। इस घटना से समझ आता है कि राज्य में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच नफरत की भावना कितनी बढ़ चुकी है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तथाकथित शांति प्रयासों में इस समस्या को लेकर कोई चिंता नहीं दिखाई पड़ती है।राज्य में हिंसा के ताजा दौर के बाद इंटरनेट पर पाबंदी और कर्फ्यू जैसे उपाय अपनाए गए हैं। इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिमी जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा है, वहीं 15 सितंबर तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। राज्य में अतिरिक्त सैन्य बल की तैनाती हो गई है और स्कूल-कॉलेज सब बंद हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 जून को संसद में अपने अभिभाषण के दौरान कहा था कि मेरी सरकार पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए निरंतर काम कर रही है। पिछले 10 साल में अनेक पुराने विवादों को हल किया गया है।अब श्रीमती मुर्मू को देश को यह भी बता देना चाहिए कि उनकी सरकार के मुताबिक स्थायी शांति की परिभाषा क्या है और इसके मानक क्या हैं। क्या दो समुदायों के बीच अपने सुविधा के हिसाब से भौगोलिक सीमाएं बनाकर एक का दूसरे में प्रवेश वर्जित करना शांति के दायरे में आता है। क्या इंटरनेट प्रतिबंध और कर्फ्यू शांति काल की पहचान हैं। राज्य के हजारों बच्चों को पढ़ने के अवसर नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि शैक्षणिक संस्थान बंद हैं।व्यापारिक प्रतिष्ठानों के काम में अड़चनें आ रही हैं। दैनंदिन जीवन सैन्य निगरानी के साए में बीत रहा है। क्या ये सब पुराने विवादों के हल होने की निशानी है या विवादों को चुपचाप भड़कने देने की कायरता है।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ कांग्रेस उत्साहित

**अंकगणित ही कांग्रेस की जीत तय करेगा। साथ ही, इंडिया गठबंधन की एकता भी जरूरी है। अगर किस्मत अच्छी रही तो भाजपा सम्मानजनक संख्या में सीटें हासिल करके नुकसान को कम कर सकती है, जिससे एक मजबूत विपक्ष बन सकता है।**



अंकगणित ही कांग्रेस की जीत तय करेगा। साथ ही, इंडिया गठबंधन की एकता भी जरूरी है। अगर किस्मत अच्छी रही तो भाजपा सम्मानजनक संख्या में सीटें हासिल करके नुकसान को कम कर सकती है, जिससे एक मजबूत विपक्ष बन सकता है। कांग्रेस को गलतियों से बचना चाहिए और सबको साथ लेकर चलना चाहिए।

हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनाव में कौन विजयी होगा? क्या सत्तारूढ़ भाजपा राज्य में अपना कब्जा बरकरार रखेगी या फिर कांग्रेस जीत का मौका भुनायेगी? देश की निगाहें महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू और कश्मीर में आसन्न चुनावों के नतीजों पर भी टिकी हैं, जो इन राज्यों के भविष्य को आकार देंगे और राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेंगे।हरियाणा 90 सीटों के साथ एक विविधतापूर्ण बहुकोणीय मुकाबले के लिए तैयार है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। फिर भी, आप, समाजवादी पार्टी, सीपीआई (एम), सीपीआई और हरियाणा लोकहित पार्टी जैसी अन्य पार्टिया भी मैदान में हैं, जो चुनावी गतिशीलता में विविधता ला रही हैं।जेजेपी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने दुष्यंत चौटाला को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इनेलो और बसपा ने अभय सिंह चौटाला को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मैदान में हैं। भाजपा की ओर से नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मैदान में हैं। दोनों ही पार्टियों में अंदरूनी समस्याएं हैं।भाजपा के मामले में मंत्री रणजीत सिंह चौटाला और विधायक लक्ष्मण दास नापा ने टिकट नहीं मिलने पर पार्टी छोड़ दी। अन्य प्रमुख हस्तियों और जिला नेताओं ने टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया। गठबंधन सहयोगी आप के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा के दौरान हुड्डा समेत हरियाणा के कांग्रेस नेता कुछ ही सीटें देने को तैयार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस दस साल के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी को लेकर आशावादी है। पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) और समाजवादी पार्टी को गठबंधन के लिए रणनीतिक रूप से लुभाने की कोशिश कर रही है।आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में शामिल होने के आरोप में अभी भी जेल में हैं। हरियाणा चुनाव अहम हैं। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आना चाहती है, जबकि कांग्रेस सत्ता हासिल करना चाहती है। अन्य क्षेत्रीय दल भी सत्ता में हिस्सेदारी के लिए होड़ में हैं।2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी दस सीटें जीती थीं। 2024 में उसे केवल पांच सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस ने बाकी पांच सीटें जीतीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से वंचित भाजपा ने जद(यू) और तेलुगु देशम की मदद से सरकार बनाई। 2014 से पहले हरियाणा में भाजपा एक छोटी खिलाड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद ही पार्टी ने गति पकड़ी। 2019 में भाजपा ने 40 सीटों के साथ सरकार बनायी, जो बहुमत से सिर्फ छह कम थी, दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने दस सीटें जीतकर भाजपा का समर्थन किया। हालांकि, जेजेपी ने हाल ही में भाजपा के साथ अपना गठबंधन समाप्त कर लिया है।हरियाणा में, भाजपा का वोट शेयर 2019 में 58.2प्रतिशत से घटकर 2024 में 46.11प्रतिशत हो गया। इसका मुख्य कारण किसानों द्वारा कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी की मांग करना था। 2024 में, क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने भाजपा के वोट शेयर को पीछे छोड़ दिया।मार्च में, भाजपा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया। नये मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को भरने का वायदा किया है और जाट मुद्दे का लाभ उठाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, भाजपा को जाटों का समर्थन नहीं है। साथ ही, सैनी के छह महीने के छोटे कार्यकाल ने उनके प्रभाव को सीमित कर दिया है।

2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी लोकसभा सीटों को दोगुना करने के बाद कांग्रेस उत्साहित है।कांग्रेस बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, किसानों के मुद्दों और विवादास्पद अग्निवीर योजना पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी जनता के सुझावों के आधार पर अपना घोषणापत्र तैयार कर रही है, जिसमें वृद्धों के लिए 6,000 रुपये पेंशन और 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। पार्टी को पहली बार मतदान करने वाले 452,000 मतदाताओं और 40 लाख युवा मतदाताओं पर भी भरोसा है। कांग्रेस का लक्ष्य विपक्षी वोटों को एकजुट करना है, जबकि भाजपा उन्हें रणनीतिक रूप से विभाजित करना चाहती है।

हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में आप का कुछ प्रभाव है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं। ताजा संकेतों के मुताबिक आप ने पांच सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जताई है। कांग्रेस में भी खटपट चल रही है। कांग्रेस गुटबाजी का सामना कर रही है। यह हुड्डा और कुमारी शैलजा के नेतृत्व में दो समूहों में विभाजित है। पार्टी दोनों गुटों को संतुष्ट करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हुड्डा मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पिछली भूमिका के कारण अधिक प्रभाव रखते हैं। कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची में दलबदलू और पूर्व मुख्यमंत्रियों के रिश्तेदार शामिल हैं।

हरियाणा में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि पार्टी की सीटें कम हो सकती हैं। भाजपा की कमज़ोरियां हैं राज्य स्तर पर मज़बूत नेतृत्व की कमी और विपक्ष के आरोपों के जवाब में किसी दमदार बात का न होना। पार्टी के अभियान का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी तक किसी भी चुनावी रैली को संबोधित नहीं किया है।कांग्रेस को आत्मसंतुष्टि, आंतरिक संघर्षों को दूर करके संगठन को मज़बूत करना चाहिए। उम्मीदवारों की सूची घोषित होने के बाद भाजपा को विद्रोह का सामना करना पड़ा और कुछ प्रभावशाली नेताओं ने पार्टी के लिए अपनी रणनीति बदली।रंजीत जैसे लोगों ने पार्टी छोड़ दी। टिकट के लिए बहुत सारे दावेदार पार्टी की संभावनाओं को कम कर सकते हैं।

अंतत~, अंकगणित ही कांग्रेस की जीत तय करेगा। साथ ही, इंडिया गठबंधन की एकता भी जरूरी है। अगर किस्मत अच्छी रही तो भाजपा सम्मानजनक संख्या में सीटें हासिल करके नुकसान को कम कर सकती है, जिससे एक मजबूत विपक्ष बन सकता है। कांग्रेस को गलतियों से बचना चाहिए और सबको साथ लेकर चलना चाहिए। अन्यथा, वह एक सुनहरा अवसर खो देगी।

# यादगार बन जाए त्योहारों का मौसम

सालों से त्योहारों का मतलब आपके लिए सजना-संवरना, दोस्तों-रिश्तेदारों से मिलना, स्वादिष्ट चीजें खाना और भरपूर मौज-मस्ती करना रहा है। पर, इस साल चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। अब आपको किसी के साथ मिलकर त्योहार सेलिब्रेट करना होगा क्योंकि आपकी शादी हो चुकी है। शादी के बाद त्योहारों के इस पहले मौके को कैसे यादगार बनाएं, बता रहे हैं



## किनसे मिलना है ज्यादा जरूरी

आप दोनों के दोस्त अलग-अलग हैं। अपना-अपना ग्रुप है। रिश्तेदारों से भी इस मौके पर मिलना-जुलना होगा ही। अब सवाल यह है कि त्योहारों के मौके पर आप किन-किन लोगों से मिलेंगे। हमेशा दोनों साथ-साथ लोगों से मिलने जाएं। यह बात तय मानिए कि आप अपने सभी दोस्तों-रिश्तेदारों से मिल नहीं सकतीं। बेहतर होगा कि अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें। अगर आपका मायका और ससुराल दोनों एक ही शहर में है तो पहले इन दोनों जगह पर जाने की योजना बनाएं। इसके बाद ही कहीं और जाने के बारे में सोचें। अगर आप घर से दूर रह रहे हैं, तो त्योहार के मौके पर दोस्तों से मिलने से बेहतर और क्या हो सकता है!

## बजट तय कर लें

त्योहारों का मौसम यानी खर्चों का मौसम। कपड़े, गिफ्ट, सजावट का सामान, मिठाई..लिस्ट ऐसी जो खत्म होने का नाम न ले। अपने त्योहारों का बजट पहले से तय कर लें ताकि जब त्योहार बीत जाए तो आपका बैंक बैलेंस बिल्कुल खत्म न हो जाए। इस बात को अनदेखा ना करें कि पैसे से जुड़ी परेशानियां आपके रिश्ते में भी खटास ला सकती हैं। शान-शौकत से शादी के बाद का पहला त्योहार मनाने के चक्कर में अपने रिश्ते पर आंच न आने दें।


## सोच-समझकर खरीदें उपहार

पूजा-पाठ के साथ-साथ त्योहारों के मौसम का एक अहम पक्ष है उपहार। आप यह बात तो अच्छे से जानती हैं कि अपने परिवार के सदस्यों को उपहार में कौन-सी चीजें दी जाएं या उनकी पसंद-नापसंद क्या है। पर, आपके ससुराल के लोगों को क्या पसंद आएगा और क्या नहीं, यह आपको मालूम नहीं। अपने ससुराल वालों और अपने पति के दोस्तों के लिए उपहार सोच-समझकर चुनें। इस बात को ध्यान में रखें कि सामने वाले की पसंद के अनुसार खरीदा गया उपहार, किसी महंगे उपहार की तुलना में ज्यादा मायने रखता है।

## घर पर करें आयोजन

हर किसी से मिलने उनके घर पर जाने से बेहतर है कि आप अपने घर पर एक समारोह का आयोजन करें और अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को अपने घर बुलाएं। दरअसल, यह मौका आपके मायके और ससुराल दोनों जगह के लोगों को एक-दूसरे का जानने का मौका भी देगा। साथ ही आप इस पशोपेश से भी बच पाएंगी कि कहां जाएं और कहां नहीं। एक साथ त्योहार मनाने का यह आपका पहला मौका है। इस मौके का उपयोग अपने रिश्तेदारों को बेहतर तरीके से जानने में करें। अपने ससुराल के लोगों से मिलें और उनसे सही मायने में जुड़ने की कोशिश करें। अपने रिश्तेदारों को नजदीक से जानने का यह बेहतर मौका साबित हो सकता है।





# घर भी खुशी से गुनगुनाएगा

कुर्सी पापा के दिल के करीब है, तो मम्मी को लगता है कि 15 साल पुरानी साड़ी पहनने का मौका कभी तो आएगा ही। पर, इन सबके बावजूद अगर यह सारा सामान इस्तेमाल में न आ रहा हो, यों ही स्टोर रूम में पड़ा हो तो... तो मान लीजिए गंदगी का एक और ठिकाना तैयार है। इस साल त्योहारों के मौसम में जब घर की सफाई करें, तो इन सारे सामानों को उनके असल ठिकाने पर जरूर पहुंचा दें। घर की साफ-सफाई के दौरान उसे व्यवस्थित करें और एक नया रूप दें

घर का स्टोर रूम खचाखच भरा है। इसके अलावा आधी छत का भी यही हाल है। इतना ही नहीं, वो पीछे वाला कमरा, घर के दीवान, अलमारियां भी मुंह तक भरी हैं। श्वेता जब 10 साल पहले शादी करके इस घर में आई, तब उसकी सासू मां ने घर के बारे में यही कहा था। पर स्थिति में आज भी कोई सुधार नहीं हुआ है। ऐसा हाल सिर्फ श्वेता का नहीं है। 'आज नहीं तो कल यह चीज इस्तेमाल में आ ही जाएगी' वाला रवैया हम सभी के घरों में ढेरों सामान इकट्ठा करा देता है। यादों से जुड़ाव भी इसकी एक वजह बनती है। परिणाम यह होता है कि घर में सामान इकट्ठा होता चला जाता है और गंदगी इकट्ठा होती है, सो अलग। इस दीवाली घर की साफ-सफाई के साथ-साथ घर में जमा हुए ढेरों सामानों का काम तमाम जरूर कीजिए। फेंकना समझदारी नहीं होगी, क्योंकि इनमें से कई सारी चीजें सही स्थिति में होती हैं। इसलिए या तो उन्हें किसी जरूरतमंद को दे दें या फिर कुछ ऐसा करें कि वह दोबारा इस्तेमाल में आ जाएं।



## अभी तक नहीं किया, तो अब कीजिए मदद

हम सबको पता है कि पुराने और न इस्तेमाल होने वाले कपड़ों की सही जगह जरूरतमंदों के पास है। आप अपने यहां काम करने वाले लोगों, सड़क चलते भिखारियों या फिर अनाथालयों में इन कपड़ों को दान दे सकती हैं। पर सवाल यह है कि हम और आप ऐसा कितनी बार करते हैं? अब तक आपने ऐसा नहीं किया है तो इस साल से इस काम का शुभारंभ कर ही दीजिए। खंगाल डालिए सारी अलमारियां, पुराने सूटकेस और उन सभी कपड़ों को थमा दीजिए उन्हें, जिन्हें इनकी जरूरत है।

## कपड़ों के हो सकते हैं ढेरों इस्तेमाल

वो सिल्क टॉप, वो कॉटन की साड़ी और वो पति की दाग वाली शर्ट। अगर ऐसे कपड़े आपके पास भी हैं, जिनको पहना नहीं जा सकता तो इनको दूसरे तरीके से इस्तेमाल में लाइए। जैसे सिल्क के टॉप से बैग बन सकता है या फिर कॉटन की साड़ी पर थोड़ी कसीदाकारी के बाद टेबल कवर। इन्हीं बेकार कपड़ों में वो ड्रेस भी है जिसका रंग फीका हो गया था, पर पहनी एक-दो बार ही थी। ऐसी ड्रेस को सहेज कर रखने से क्या होगा? अगर संभव है तो इसको नए रंग में डाई करा लीजिए और अपनी वॉर्डरोब में शामिल कर लीजिए। और पुरानी जींस से केप्री बनाने का आइडिया तो आपको पता ही है। इतना ही नहीं, इन्हीं पुरानी ड्रेस में से कोई ऐसा पैचवर्क या फिर कटआउट भी मिल सकता है जिसे फ्रेम करवाकर ड्रॉइंगरूम की शोभा बढ़ाई जा सकती है।

## बेकार फर्नीचर हो जाएगा नया

छत पर पड़े पुराने फर्नीचर से क्यों न कुछ नए फर्नीचर बनवा लिए जाएं। आपको सिर्फ फर्नीचर के नए स्टाइल से रू-ब-रू होना है। इंटरनेट पर देख लीजिए या फिर शोरूम में। फर्नीचर का ऐसा स्टाइल तलाशें, जिसका इस्तेमाल आप नए तरीके से कर सकें। सोफा कम बेड, चेस्टर सोफा, हैंगिंग टेबल आदि। इतना ही नहीं, आप पुराने बेकार फर्नीचर से छोटे-छोटे स्टूल भी बनवा सकती हैं।

## किताबों का इंतजाम भी कीजिए

किताबें पढ़ने की शौकीन हैं, इसलिए 10 साल पहले जो किताब खरीदी वो भी वहीं रखी है, जहां परसों खरीदी किताब रखी हुई है। ढेरों किताबें स्टोर रूम में भी पड़ी हैं। त्योहारों के इस मौसम में घर की साफ-सफाई के साथ-साथ अपनी किताबों की भी सुध लीजिए। जो किताबें आपके दिल के करीब नहीं हैं, उन्हें अलमारी से निकलिए और न इस्तेमाल होने वाली साड़ी में बांध कर रख दीजिए स्टोर में। बुकशेल्फ खाली होगी तो नई किताबों को जगह मिलेगी और साफ भी लगेगी वो अलग। आप चाहें तो कुछ किताबों को अपने घर के पास वाली लाइब्रेरी में भी दान दे सकती हैं। इसके अलावा फटी हुई किताबों की मरम्मत भी करा लीजिए। शेल्फ जरा और अच्छी लगेगी।

## एक्सचेंज ऑफर भी तो है

फेस्टिव सीजन है तो मार्केट में एक्सचेंज ऑफर का फलसफा अब तक आप के कानों में पड़ ही चुका होगा। पुरानी चीजों में से उन-उन को छांटिए जो अब आपके काम की नहीं, लेकिन काम में आ सकने लायक हैं। इन सामानों को साथ लेकर निकल पड़िए बाजार की ओर। इसमें बरतन, होम अप्लाइंसेस, टेलीविजन, टेपरिकॉर्डर जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं। इन सबके बदले आपको कई उपयोगी चीजें मिल सकती हैं। जैसे पुराने गैस बर्नर को सालों से संभाल कर रखा है, पर नए के आगे इसकी रंगत फीकी लगती है, तो इसको बदलकर इंडक्शन कुक टॉप ले आइए। इस्तेमाल में न आने वाली चीजों को इकट्ठा करने से बेहतर है कि उनके बदले काम की चीज घर आ जाए।

## कबाड़ भी निकालिए

कबाड़ वाला अकसर गली से निकलता है, पर महीनों से उसे बुलाकर बेकार सामान बेचने का समय नहीं मिला। इस बार पूरी साफ-सफाई के बाद जरा कबाड़ी को बुलाने का समय निकाल ही लीजिए। घर साफ-सुथरा दिखेगा और सकारात्मक ऊर्जा को घर आने का मौका भी मिलेगा।

## घर को व्यवस्थित करने का फॉर्मूला

सबसे पहले एक-एक सामान कमरे से बाहर निकाल लें। अब उन सामानों को चुनें, जो इस कमरे में सबसे ज्यादा काम आने वाले हैं। इस्तेमाल की सभी चीजें निकालने के बाद बचे सामान में से सभी को दान में देने और कूड़े में डालने के दो हिस्सों में बांट लें। दान और कूड़े दोनों के ही आइटम अपनी-अपनी जगह पहुंचा दें। घर पर कूड़ा इकट्ठा न करें। अब इस्तेमाल के लिए रखी गई चीजों से कमरा सजाएं।

## कुछ और सुझाव

पुराने सीडी कैस का इस्तेमाल आप बिना इस्तेमाल के रखे वायर को रखने में कर सकती हैं। पुराने फोटो फ्रेम्स को थोड़ा-सा पेंट करके उसे सर्विंग ट्रे के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। सफाई में निकले पुराने बल्ब अगर इस्तेमाल करने लायक नहीं हैं तो इनमें सॉकिट की ओर से छेद करके उसका इस्तेमाल फ्लावर वास के रूप में कर सकती हैं। पुरानी चम्मचें जिनका इस्तेमाल अब आप नहीं करती हैं उन्हें एक तरफ से दीवार पर चिपका दें और दूसरी ओर से इसे थोड़ा ऊपर कर दें। यह खूंटी का काम करेगा।

## पहले वॉर्डरोब, आखिर में सोफा कवर्स

जी हां, इस दिवाली जब घर की सफाई करें, तो कहीं से भी शुरुआत न करके वॉर्डरोब से काम आगे बढ़ाइए

**वॉर्डरोब** - दरअसल वॉर्डरोब की सफाई आसान होने के साथ जल्दी भी होती है। ध्यान यह रखना है कि कपड़ों से अपने लगाव को कम करते हुए, कम इस्तेमाल वाले कपड़ों को अलमारी से बाहर तो निकाल ही दीजिए। और फिर बाद में इसका जो भी इस्तेमाल करना हो, कीजिए। सफाई करते वक्त छोटे कपड़ों को ड्राअर में रखें। रोज इस्तेमाल में आने वाले कपड़ों को एक ओर, और खास मौके पर पहने जाने वाले कपड़ों को दूसरी ओर रखें।

**पंखे और लाइट्स** - वैसे तो पंखे और लाइट्स को हर दो-तीन महीनों में साफ करते रहना चाहिए। इससे पंखे की स्पीड भी बनी रहती है और बल्ब वगैरह भी खूब रोशनी देते हैं। पर दीवाली के वक्त इनकी सफाई खासतौर पर की जाती है।

**किचन** - सबसे ज्यादा समय और परेशानी किचन की सफाई के लिए होती है। ढेरों कैबिनेट्स, डिब्बे, बरतन और एग्जॉस्ट फैन के साथ न जाने क्या-क्या। यहां की सफाई धीरे-धीरे कीजिए, एक दिन में न निपटा पाएं, तो दो दिन में कर लीजिए।

**परदे और सोफा कवर** - परदे और सोफा कवर की सफाई आखिरी में करने से होगा यह कि दिवाली के मौके तक यह साफ दिखेंगे, वहीं घर आए मेहमानों से पहला सामना इन्हीं का होगा जो आपकी इमेज बनाएगा।

# शॉपिंग में ना हो कन्फ्यूजन



शॉपिंग करते समय अगर आप साइज और कलर को लेकर कन्फ्यूज में हैं, तो हम आपको को कुछ टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप शॉपिंग कर सकती हैं

### ट्रायल रूम हो साफ

आपने अपने लिए ड्रेस चुन ली है, लेकिन ट्रायल रूम बहुत गंदा है। ऐसे में आप दूसरे ट्रायल रूम में कपड़े चेंज करें। ऐसे माहौल में ड्रेस ट्राई करने पर आपको खुद ही वह ड्रेस अच्छी नहीं लगेगी।

### डोर इन ट्रायल रूम

अगर आपके ट्रायल रूम में विंडो है और साथ वाले ट्रायल रूम में आपकी फ्रेंड है, तो अपनी फ्रेंड को ड्रेस दिखाकर पूछ सकती हैं कि उस पर ड्रेस कैसी लग रही है।

### अगर कोई नहीं है

आप ड्रेस लेने गई हैं, लेकिन वहां आपको कोई एडवाइज देने वाला नहीं है कि आप पर वह ड्रेस कैसी लग रही है, तब आप फोन पर अपने दोस्तों को ड्रेस की डिटेल बताकर पूछ सकती हैं कि वह आप पर कैसी लगेगी।

### साइज

आप जब भी शॉपिंग करने जाती हैं, तो साइज को लेकर हमेशा परेशान हो जाती हैं। दरअसल, आपको जो ड्रेस पसंद आती है। वह टाइट होती है या फिर लूज। ऐसे में अगर आपको कोई ड्रेस बहुत पसंद आती है, लेकिन वह आपके साइज की नहीं है, तो आप उसे ले लीजिए और टेलर से अपने साइज का करवा लीजिए।

### कलर

अगर आपको अपने साइज की ड्रेस मिल गई है, लेकिन आपको उसका कलर पसंद नहीं आ रहा है, तो आप उसे मत खरीदिए। हो सकता है कि वह कलर आप पर ना जंचे। सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप क्या पहनना चाहते हैं।

### नया ट्राई करें

अगर आपको कोई ड्रेस बहुत ही पसंद आती है, तो आप उसे ट्राई करें। आप उसे खरीद लें, अगर घर में ट्राई करने पर किसी को आप पर वह अच्छी नहीं लगती है, तो आप उसे वापस कर सकती हैं।

### क्यूट जींस

आप शॉपिंग कर रही है, तभी आपकी नजर जींस पर पड़ती है। वह देखने में बहुत क्यूट है, लेकिन उसकी पॉकेट पर बहुत ही वियर्ड डिजाइन बने हैं। ऐसे में आप उसे खरीद सकती हैं और टेलर से उन पॉकेट की जगह कुछ अच्छा-सा पैच लगा सकती हैं।

# कम बजट में उम्दा खरीदारी

सीजन है त्योहारों का। शॉपिंग का बुखार जोर पकड रहा है। बाजार में रौनक भी बढने लगी है। फायदेमंद शॉपिंग के लिए जरूरी है कि शॉपिंग की फेहरिस्त तैयार करने से पहले ही उसका बजट तैयार कर लिया जाए। तो आइए जानते हैं स्मार्ट शॉपिंग के नायाब तरीके।

## योजना बनाएं

शॉपिंग पर निकलने से पहले सामान की सूची तैयार करें कि आपको किसके लिए, क्या और कितनी चीज खरीदनी है। सूची तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखें कि इन चीजों को प्राथमिकता देते हुए लिखें, ताकि सही समय पर सही चीज खरीदी जा सके। चीजों पर कितना खर्च होगा, उसे जोड़ें और अब 15-20 फीसदी कम कर दें। सीजन में जहां भी सेल लगी हो उसका ध्यान रखें और अपने बजट व पसंद के मुताबिक खरीदारी भी करें। बाजार की चकाचौंध और सेल के चक्कर में बजट से बाहर न जाएं, इसके लिए अपनी लिस्ट को बार-बार चेक करती रहें।

## क्रेडिट कार्ड के बजाय नगद

फेस्टिवल शॉपिंग करने के लिए हमेशा नगद राशि का इस्तेमाल करें। क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग न करें, क्योंकि ज्यादा खरीदारी पर आपको कंपाउंड इंट्रेस्ट देना पड़ता है। साथ ही अगर किसी कारणवश खरीदे गए सामान को बदलना हो तो आपको नगदी वापस नहीं मिलेगी। सीमित स्टॉक में से ही आपको अपना सामान बदलना होगा।

## छूट का खयाल रखें

फेस्टिव सीजन के दौरान कई चीजों पर छूट भी मिलती है। छूट के बारे में पूछते समय संकोच न करें। एक ही जगह कीमत पूछकर खरीदारी न करें। किसी दूसरी शॉप से भी उस चीज का मूल्य जांच लें।

## इंटरनेट से मदद लें

जो सामान खरीदना चाहती हैं, उसकी जानकारी इंटरनेट से लें। इंटरनेट पर आपको अलग-अलग ब्रैंड्स के प्रोडक्ट्स की कीमत भी पता चल जाएगी। साथ ही उन पर मिलने वाली छूट के बारे में भी अंदाजा हो जाएगा। इसे तुलनात्मक खरीदारी कहा जाता है। इंटरनेट पर कीमत की पहले से जानकारी लेना आपकी जेब को हलका नहीं होने देगा।

## जगह तय करें

शॉपिंग से पहले यह तय करें कि आपको सब सामान कहां से खरीदना है। ऐसी जगह चुनें जहां आपकी सारी जरूरतें पूरी हो जाएं। इससे न सिर्फ समय, बल्कि पैसा भी बर्बाद होने से बचेगा। बेहतर होगा कि आप उन जगहों की सूची बना लें जहां आपकी पसंद का सामान सही दाम में मिलता हो।

## जरूर लें बिल

त्योहारों में जब भी शॉपिंग करें तो बिल लेना न भूलें। आमतौर पर शॉपिंग में भी बिल लेना जरूरी है, लेकिन इस सीजन में शॉपिंग के समय कई ऑफर होते हैं, जो सीमित समय के लिए होते हैं। बिल साथ होने पर बाद में कभी जरूरत पड़ने पर आप सामान/ चीज को बदल भी सकते हैं या किसी प्रकार की डैमेज होने पर उसकी रिपेयरिंग करवा सकते हैं।

## जब हो फेस्टिव सेल


सोच-समझकर ही सेल पर उपलब्ध सामान खरीदें। इसके दो कारण हैं, एक तो सेल में निकाला गया सामान पुराना होता है, दूसरे सेल खत्म होने पर वह वापस नहीं होता।



# कुछ मीठा हो जाए!

त्योहारों के मौसम में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों में मिलावट की शिकायतें भी बढ़ने लगती है। पर, खास त्योहार वाले दिन मिठाई बनाने का वक्त भी नहीं होता। तो क्यों न इस बार त्योहार से दो-तीन दिन पहले ही कुछ ऐसी मिठाई बना ली जाए, जिसे आप स्टोर करके कुछ दिन रख सकती हैं।


## चॉकलेट-नारियल लड्डू



**सामग्री** - कद्दूकस किया चॉकलेट- 1 कप, कद्दूकस किया नारियल- 2 1/2 कप, कटा बादाम- 1/2 कप, अखरोट के टुकड़े- 1/4 कप, दरदरा पिस्ता- 1/4 कप, मिल्क पाउडर- 3 चम्मच

**विधि** - दो कप नारियल, अखरोट, बादाम और पिस्ता को एक बाउल में डालें और अच्छी तरह से मिलाकर एक ओर रख दें। चॉकलेट पिघलाएं और उसे अच्छी तरह से फेंटें। चॉकलेट में नारियल वाला मिश्रण डालें और मिलाएं। मिल्क पाउडर डालकर मिश्रण को फिर से मिलाएं। मिश्रण से छोटे-छोटे लड्डू बना लें और उन पर बचा हुआ नारियल छिड़क दें। लड्डू को अच्छी तरह से ठंडा होने दें और एयरटाइट डिब्बे में रखकर फ्रिज में स्टोर करें।

## पिस्ता बर्फी



**सामग्री** - कटा हुआ पिस्ता- 10 चम्मच, खोया- 5 कप, मिल्क पाउडर- 5 चम्मच, चीनी- 10 चम्मच, सिल्वर फॉइल- 10 शीट, इलायची पाउडर- 1 चम्मच

**विधि** - खोया और चीनी को एक पैन में डालकर मध्यम आंच पर लगातार चलाते हुए पकाएं। लगभग पांच मिनट तक पकाएं और उसके बाद उसमें इलायची पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को एक प्लेट में डालकर फैला दें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो उसमें मिल्क पाउडर डालकर अच्छी तरह से गूंदें। मिश्रण की छोटी-छोटी लोई काटें और उसे ट्यूब के आकार में रोल करें। हर रोल में सिल्वर फॉइल को बेहद सावधानी से लपेटें। हर रोल को दो इंच लंबे टुकड़े में काटें और एयरटाइट डिब्बे में रखें। अगर आपको रोल बनाने में परेशानी हो रही है तो आप इस मिश्रण से बर्फी बना सकती हैं। पिस्ता बर्फी बनाने के लिए मिश्रण को प्लेट पर फैलाएं और ठंडा होने दें। मिश्रण को डायमंड शेप में काट लें। आपकी पिस्ता बर्फी तैयार है।

## मणिपुर में युद्ध जैसे हालात, चुप बैठे हैं प्रधानमंत्री और गृह मंत्री : संजय राउत

एजेंसी

**मुंबई** । शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछा। संजय राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा,देश के गृह मंत्री यहां-वहां घूम रहे हैं, लेकिन मणिपुर के जो हालात हैं, उससे सभी वाकिफ हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, मणिपुर में जो हालात हैं, उससे निपटने का काम गृह मंत्री का होता है। मगर वो तो मुंबई में राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। वह यहां लालबाग के राजा के दर्शन के लिए गए, चुनावी बैठक की। मगर उनके लिए मणिपुर की आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह से खत्म हो गई है। वहां रॉकेट और ड्रोन से हमले हो रहे, युद्ध की स्थिति है। ऐसे में देश का गृह मंत्रालय और एनएसए कहां गायब हैं?उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास का युद्ध खत्म करने के लिए पीएम मोदी वहां जाएंगे और तस्वीरें खिचवाएंगे। लेकिन, वह मणिपुर की सड़कों पर भी जाकर दिखाएं। वहां खुलेआम गोलीबारी, रॉकेट और ड्रोन से हमले हो रहे हैं, मगर देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चुप बैठे हैं। इन घटनाओं के लिए नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जिम्मेदार हैं, जिन्होंने देश की कमान ऐसे लोगों को दे दी है, जो एकदम खामोश बैठे हैं।

## ग्रामीण विकास को बढ़ावा, बिहार को मिला 1170 करोड़ : सम्राट चौधरी

**पटना**। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार बिहार की मदद कर रही है। इसी कड़ी में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार केंद्र सरकार ने बिहार के ग्रामीण स्थानीय निकायों के विकास के लिए बंधित अनुदान के रूप में 1,170 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि यह राशि वित्तीय वर्ष 2024 -25 में मिलने वाले केंद्रीय अनुदान की पहली किस्त है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। केंद्र की इस अनुदान राशि का उपयोग स्थानीय निकायों द्वारा दो तरह की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जाएगा। पहला, घरेलू अपशिष्ट, मानव मल, मल कीचड़ प्रबंधन और उपचार सहित खुले में शौच से मुक्ति दिलाने वाले कार्य कराए जाएंगे , जिससे गांव में स्वच्छता बढेगी।

चौधरी ने बताया कि बंधित अनुदान की राशि से जो दूसरे काम होंगे, उनमें पीने के पानी की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर पंचायत जहां तक संभव हो, इन दोनों महत्वपूर्ण सेवाओं में से प्रत्येक के लिए इन अनुदानों का आधा हिस्सा खर्च करेगी। लेकिन, जिस पंचायत ने एक श्रेणी की जरूरतों को पूरा कर लिया है, वह दूसरी श्रेणी के लिए भी उस धन का उपयोग कर सकती है।

## बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंः रावत

**जोधपुर**। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में जल संसाधन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा कर अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा बजट घोषणाओं सहित सभी परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बेहतर गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

**विभिन्न परियोजनाओं की हुई समीक्षा**

बैठक में सेई नदी पर बांध निर्माण कार्य,सालगांव बांध निर्माण, बिलिया आरडब्लूआर एवं बतीसा नाला एमआईपी, राजीकावास बांध परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई।साथ ही जंवाई बांध से जोधपुर फीडर नहर जीर्णोद्धार, जोजड़ी नदी पुनरुद्धार की डीपीआर,गुढ़ामालानी नहरी तंत्र के सुदृढ़ीकरण,अरणियाली लिफ्ट माइनर एवं फूटिया बांध जीर्णोधार सहित बजट घोषणाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा हुई।

## राहुल गांधी का लक्ष्य देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है : सीएम योगी

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का लक्ष्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज रोपने का प्रयास निंदनीय है। उन्हें इसके लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,'कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की ओर अग्रसर हैं। उनका एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है। राष्ट्र विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करने वाली और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर उसका बड़ा हिस्सा मुसलमानों को सौंपने वाली कांग्रेस के युवराज अब देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे हैं। किंतु, राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए कि इस देश में जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता है, उनकी यह विभाजनकारी मंशा सफल नहीं हो पाएगी।

## हरियाणा चुनाव : कांग्रेस ने 40 और उम्मीदवारों की सूची जारी की

एजेंसी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार देर रात 40 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। इसमें पंचकुला से चंद्रमोहन, अम्बाला शहर से चौधरी निर्मल सिंह, मुलाना (एससी) से पूजा चौधरी, जगाधरी से अकरम खान और यमुनानगर से रमन त्यागी को टिकट दिया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी ने पहोवा से मनदीप सिंह चट्ठा, गुहला (एससी) से देविंदर हंस, कलायत से विकास सहारण, कैथल से आदित्य सुरजेवाला, पूंडरी से सुल्तान सिंह जडौला, इंद्री से राकेश कुमार कंबोज, करनाल से सुमिता विर्क और घरौंडा से वीरेंद्र सिंह राठौड़ को उम्मीदवार बनाया है।

पानीपत शहर से वरिंदर कुमार शाह, राई से जय भगवान अंतिल, जींद से महाबीर गुप्ता, फतेहाबाद से बलवान सिंह दौलतपुरिया, रतिया से जरनैल सिंह, सिरसा से गोकुल सेतिया और ऐलनाबाद से भरत सिंह बेनीवाल को टिकट दिया है।

आदमपुर से चंद्र प्रकाश, हांसी से राहुल मक्कड़, बरवाला से रामनिवास घोड़ेला, हिसार से रामनिवास राड़ा, नलवा से अनिल मान, लोहारू से राजबीर सिंह फरतिया, बाढड़ा से सोमबीर सिंह (श्योराण), दादरी से डॉ. मनीषा सांगवान, बवानीखेड़ा (एससी) से प्रदीप नरवाल, अटेली से अनिता यादव, नारनौल से राव नरिंदर सिंह, बावल (एससी) से डॉ. एम.एल. रंगा और कोसली से जगदीश यादव को पार्टी ने मैदान में उतारा है।

पटौदी (एससी) से पर्ल चौधरी, हथीन से मोहम्मद इजराइल, पलवल से करण दलाल, पृथला से रघुबीर तेवतिया, बड़खल से विजय प्रताप, बल्लभगढ़ से पराग शर्मा और फरीदाबाद से लखन कुमार सिंगला कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे।

कांग्रेस ने पहली सूची में 32 और दूसरी सूची में नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार अब तक वह 90 में से 81 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। राज्य में 5 अक्टूबर को एक चरण में मतदान होना है। नामांकन का 12 सितंबर को आखिरी दिन है। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

## देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी की आदत बन गई : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना उनकी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है।

अमित शाह ने इसके साथ ही आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।

अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जेकेएनसी के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है।



उन्होंने आगे कहा , भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए अमित शाह ने आगे कहा, राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।

## अतिवृष्टि और बाढ़ से हुए फसली नुकसान से किसान तबाह, सरकार जल्द दे मुआवजाः अशोक गहलोत

एजेंसी

**जयपुर**। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण फसलों को हुए भारी नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। गहलोत ने कहा कि इस आपदा के कारण फसल की उपज पर निर्भर रहने वाले किसानों के सामने अब आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। गहलोत ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह जल्द से जल्द विशेष गिरदावरी (भूमि सर्वेक्षण) पूरा कर किसानों को मुआवजा वितरण शुरू करे, ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें और अपनी आजीविका को पुनः स्थापित कर सकें।

उन्होंने कहा, अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, और अब उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजे का वितरण प्रारंभ करे। इसके अतिरिक्त, गहलोत ने राज्य में डीएपी की उपलब्धता की कमी पर भी चिंता जताई।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीएपी की उपलब्धता किसानों को पूरी तरह से नहीं हो पा रही है, जिससे उनकी फसल की वृद्धि और गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। गहलोत ने राज्य सरकार से इस समस्या का संज्ञान लेने और सुनिश्चित करने की अपील की कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध हो।

गहलोत ने कहा, राज्य सरकार को इस संकट की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। किसानों की समस्याओं का समाधान और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने से ही प्रदेश की कृषि क्षेत्र की स्थिरता और विकास संभव होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आपदा प्रभावित किसानों के संकट को समझे और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करे, ताकि वे खेती के लिए पुनः उत्साहित हो सकें और अपनी आजीविका को पुनः संवार सकें।

## कांग्रेस के युवराज अमेरिका में बैठकर ज्ञान दे रहे हैं – बिप्लब कुमार देब

एजेंसी

**पंचकूला** । अमेरिका दौरे पर अपने बयानों को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर भाजपा के निशाने पर हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी के सह प्रभारी बिप्लव देव ने उन पर विदेश जाकर, और लोकसभा के अंदर भी, 'झूठा ज्ञान' देने का आरोप लगाया है। पंचकूला से भाजपा उम्मीदवार ज्ञानचंद गुप्ता के नामांकन के मौके पर एक सवाल के जवाब में बिप्लब देब ने कहा, 'कांग्रेस के 'युवराज' राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका में बैठकर ज्ञान दे रहे हैं। लोकसभा में भी वह झूठा ज्ञान ही देते हैं।' एसडीएम कार्यालय में नामांकन के दौरान बिप्लब देब के अलावा कई भाजपा नेता मौजूद थे। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री देब ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी चल रही है। उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं होता है, लेकिन नामांकन दाखिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नायब सैनी की सरकार विकास के कार्य कर रही है। ज्ञानचंद गुप्ता पंचकूला से उम्मीदवार बनाए गए हैं। उन्होंने हरियाणा तीसरी बार नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।'



विधानसभा में स्पीकर की भूमिका बहुत अच्छे से निभाई। यहां की जनता उन्हें फिर से मौका देगी। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा, 'आज मैंने पंचकूला से नामांकन दाखिल किया है। मुझ पर तीसरी बार भरोसा दिखाने के लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं। मैंने बीते 10 साल में पंचकूला विधानसभा में जो विकास के कार्य किए, उनके आधार पर मैं जनता के बीच में जाऊंगा। मुझे विश्वास है कि यहां की जनता मुझे तीसरी बार विधानसभा जरूर भेजेगी। साथ ही साथ प्रदेश में

पंचकूला से अभी तक कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। इस सवाल के जवाब में गुप्ता ने कहा, 'समझना यह जरूरी है कि कौन सी वाली कांग्रेस का उम्मीदवार यहां आएगा। क्या भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस का उम्मीदवार होगा, कुमारी शैलजा की कांग्रेस का उम्मीदवार होगा या रणदीप सुरजेवाला की कांग्रेस का उम्मीदवार होगा। कितने उम्मीदवार पंचकूला के लिए आएंगे, किसी को यह भी पता नहीं है।

## राहुल गांधी का आरक्षण समाप्त करने वाला बयान कांग्रेस और महागठबंधन का असली चरित्र : उपेंद्र कुशवाहा

एजेंसी

**पटना** । पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने के बयान पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी का बयान कांग्रेस और महागठबंधन के असली चरित्र और मानसिकता को उजागर करता है।

उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आरक्षण समाप्त करने संबंधी विदेश की धरती पर दिया गया बयान कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन के असली चरित्र और मानसिकता को उजागर करता है।

आरक्षण नौकरी का जरिया नहीं,



बल्कि देश की आबादी के बड़े हिस्से (शोषितों, पीड़ितों, वंचितों, दलितों, आदिवासीयों, पिछड़ों और महिलाओं) को सत्ता व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का विशेष संवैधानिक अवसर है जिससे उनको कालांतर में समानता मिल सके। ऐसी स्थिति की स्थापना के प्रति हम सभी की नैतिक व संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। कांग्रेस पार्टी के नेता द्वारा आरक्षण समाप्त करने की बात हमारे संविधान का भी अपमान है।

उन्होंने आगे लिखा कि इंतजार है ऐसे किसी भी बयान पर हाय-तौबा मचाने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव कांग्रेस को कब रगड़ेंगे..! एक तरफ हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान ÷दुनिया की कोई ताकत आरक्षण को समाप्त नहीं कर सकती' और दूसरी ओर महागठबंधन का बयान 'समाप्त कर देंगे आरक्षण'....जनता सब देख व सुन रही है।

बता दें कि मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत के दौरान एक छात्र ने राहुल गांधी से पूछा कि क्या जाति आधारित आरक्षण के अलावा जमीनी स्तर पर संस्थानों को मजबूत करने के और भी बेहतर तरीके हैं। तब राहुल गांधी ने इस सवाल के जवाब में आरक्षण को लेकर बयान दिया था।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में जारी मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

एजेंसी

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए।अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन द्वारा ली गई फुटेज में तीन शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं।सुरक्षाबलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस को पहले बसंतगढ़ इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने अभियान शुरू किया।एक अधिकारी ने कहा, जब सुरक्षाबल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मारे गए तीन आतंकवादियों के शव अब तक बरामद नहीं हुए हैं, क्योंकि तलाशी दल पर बचे हुए आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी की गई। इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं और आतंकवादियों पर नजर रखने के लिए हवाई साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि चिनाब घाटी में डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की 16 सीटों पर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 18 सितंबर को मतदान होगा।

## राहुल गांधी का बयान बहुत ही दुखदायी है : शोभा करंदलाजे

**रांची**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों पर देशभर में चर्चा है। इस पर केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, वो देश के विपक्ष के नेता नहीं हैं। भारत में भले ही भाजपा और कांग्रेस समेत कई विपक्षी पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ी हैं, लेकिन देश के बाहर जाकर हम एक हैं। राहुल गांधी को ये चीज समझ में नहीं आ रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि राहुल गांधी को समझ में आना चाहिए कि चुनाव में हम अलग-अलग भले ही लड़े, लेकिन विकास के लिए हमें साथ आना चाहिए।

## राजस्थान में निवेशकों को सरकारी दफ्तरों में नहीं खाने होंगे धक्के, सिंगल विंडो क्लियरेंस मिलेगीः कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

एजेंसी

**जयपुर**। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत राजस्थान आने वाले निवेशकों को अब अपनी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। क्योंकि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सभी तरह की क्लियरेंस होंगी। इसके अलावा उनके साथ समन्वय के लिए 25 से ज्यादा आईएएस अधिकारियों को लगाया गया है। ये अधिकारी उनके कांटैक्ट में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगे। उद्योग वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मीडिया कर्मियों को यह जानकारी दी। इस दौरान उद्योग आयुक्त रोहित गुप्ता भी मौजूद रहे। राठौड़ ने कहा कि पिछली सरकार के समय हुए इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान खराब अनुभवों को लेकर गए उद्योगपतियों को पुनः राजस्थान में लाना बड़ी




चुनौती है। लेकिन, हम कोशिश कर रहे हैं कि राजस्थान को व्यापार के लिए अनुकूल बनाया जाए। इसके लिए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक सुधार किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यवसाय करने की लागत में कमी लाना और लालफीताशाही को करने का प्रयास किया जा रहा है। इसका प्रमाण यह है कि अधिकांश एमओयू ऑनलाइन हो रहे हैं। इसके लिए मोबाइल एप भी बनाया गया है। इंडस्ट्री के लिए जमीन और राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं आदि की जानकारियां ऑनलाइन ही उपलब्ध हैं। निवेशक https://rajnivesh.rajasthan.gov.in पर जाकर सारी जानकारी देख सकता है। राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही स्विटजरलैंड के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है। इसका भारत को बहुत बड़ा लाभ मिलने वाला है। इसी कड़ी में हम 9 देशों में जाकर इंवेस्टर्स मीट कर रहे हैं ताकि वहां के निवेशकों को राजस्थान लाया जा सके। राठौड़ ने कहाकि पिछली सरकार ने अपने चौथे साल में इंवेस्टमेंट समिट किया था। उस पर 100 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए। लेकिन, राजस्थान को कोई फायदा नहीं मिला। अधिकांश एमओयू फाइलों में हैं। जबकि हम सभी एमओयू को धरातल पर लाने का काम कर रहे हैं।

## हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे : तेजस्वी यादव

एजेंसी

**समस्तीपुर** । बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने समस्तीपुर में कहा कि डबल इंजन सरकार होने एवं एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है।



तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहा कि वे जहां भी जा रहे हैं लोग इसकी शिकायत कर रहे हैं। हमारी सरकार बनी तो हम 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता महंगे बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है। हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। हमारी चिंता बिहार की है, बिहार की तरक्की की है। विरोधी क्या बोलते हैं उससे हमें कोई लेना देना नहीं है।

नीति आयोग की रिपोर्ट देखें तो साफ है कि बिहार में सबसे ज्यादा गरीबी है। प्रति व्यक्ति आय कम है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ फैलाने का काम करती है।

राहुल गांधी कई बार आरक्षण के पक्ष में और जाति आधारित जनगणना कराने को लेकर बयान दे चुके हैं। जो आज उनको लेकर बयान दे रहे हैं, वे लोग संविधान विरोधी हैं और आरक्षण में क्रीमी लेयर की बात करते हैं।

तेजस्वी यादव ने अपनी इस यात्रा की शुरुआत मंगलवार को समस्तीपुर से की है। इस कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम में वे सीधे कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे हैं और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन कर रहे हैं।

कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का पहला चरण 10 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान तेजस्वी यादव समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

## ऊंची कूद में गोल्ड जीतने वाले यूपी के पैरालंपियन ने की सीएम योगी से मुलाकात

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा**। पेरिस पैरालंपिक 2024 में ऊंची कूद के स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उन्हें जीत की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के हर कोने में रहने वाले भारतीयों के लिए गर्व की बात है कि जेवर के प्रवीण कुमार ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता है।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि और किसान परिवार में जन्मे प्रवीण कुमार ने अपनी मेहनत से सफलता के शिखर को छूकर जेवर क्षेत्र का मान पूरे विश्व में बढ़ाया है।

सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी इस मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, पेरिस पैरालम्पिक-2024



की ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी प्रवीण कुमार ने ग्रेटर नोएडा में अपने माता-पिता व कोच के साथ भेंट की। आपकी यह अद्वितीय उपलब्धि उत्तर प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। आपके उज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं।

प्रवीण कुमार ने कहा कि देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, ÷यह जीत उन सभी के लिए है जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे उम्मीद है कि यह कई लोगों को उनके सपनों को पूर करने के लिए प्रेरित करेगा।

प्रवीण कुमार के साथ उनके कोच सतपाल सिंह, पिता अमरपाल सिंह, माता निर्दोष देवी, मुकेश सिंह प्रधान, अंकुर कुमार और सुधीर त्यागी उपस्थित थे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी इस मौके पर उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नोएडा के 21 वर्षीय प्रवीण पैरालंपिक में पुरुष ऊंची कूद में मरियप्पन थंगवेलु के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पैरा एथलीट हैं। अमेरिका के डेरेक लोसिडेंट ने 2.06 मीटर के साथ रजत और उजबेकिस्तान के तेमरबेक जियाजोव ने 2.03 मीटर की जम्प के साथ कांस्य पदक जीता था।



# वेडिंग फंक्शन्स में आपको स्टाइलिश दिखाएंगे ये टिप्स

वेडिंग में कई फंक्शन्स होते हैं, जिनके लिए अलग-अलग ड्रेसेस पहनने का मजा ही कुछ और है। इनमें हल्दी फंक्शन का क्रेज लड़कियों के बीच खूब देखा जाता है। हल्दी के दौरान पीले कपड़े पहनने से न सिर्फ फैशन के नजरिए से कॉम्बिनेशन काफी अच्छा लगता है बल्कि पीले रंग के साथ ज्यादातर ज्वैलरी भी अच्छी लगती हैं। आप भी अगर अपनी हल्दी पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये टिप्स आपके काम आएंगे।

### हल्दी सेरेमनी पीले रंग के कपड़े क्यों पहनें

हल्दी छुड़ाना काफी मुश्किल हो सकता है, इसलिए क्यों न इस दिन पीली ड्रेस ही पहनी जाए। पीले के अलग–अलग शेड्स में से आप चुन सकती हैं। मस्टर्ड येलो, ऐंबर येलो, लेमन येलो में से आप चुन सकती हैं। यदि आपको येलो नहीं पहनना हो, तो आप क्रीम या कोई और लाइट कलर पहन सकती हैं।

### हल्दी सेरेमनी के लिए टिप्स


- अगर आपकी हल्दी सेरेमनी है, तो ऐसे में आप स्लीव्स कट सिंपल और प्लेन लहंगा–चोली पहनें, जिसके किनारे पर गोल्डन या सिल्वर कलर का बॉर्डर हो।
- हल्दी सेरेमनी पर पटियाला सलवार के साथ शार्ट कॉटन कुर्ती भी बेहद स्टाइलिश लगेगी। पटियाला सूट के साथ आप अपनी पसंदानुसार एम्ब्रॉयडरी जैकेट या फिर  कोई लाइट दुपट्टा कैरी करना अच्छा ऑप्शन रहेगा।
- आपको अगर साड़ी पहननी है, तो पीले रंग की सिम्पल साड़ी पहनें या फिर लाल, नारंगी रंग की साड़ी भी काफी अच्छी लगेगा। इसके साथ मैचिंग पर्ल ज्वैलरी या फूलों की ज्वैलरी भी काफी ट्रेडिंग लगेगी।

### हैवी दुपट्टा

हल्दी के मौके पर दुपट्टा आपके लिए आफत बन सकता है, इसलिए लाइट स्टोल या स्कॉर्फ तक ठीक है लेकिन हैवी दुपट्टा लेने से बचें।

### स्टोन, हैवी ज्वैलरी

स्टोन या हैवी ज्वैलरी पर अगर हल्दी लग गई, तो आपके लिए खासी दिक्कत हो जाएगी।





# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं। आइए जानते हैं दमकती त्वचा पाने के लिए कैसे करें फलों के छिलकों का इस्तेमाल।

### पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धो लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला का इस्तेमाल करें।

### संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग–धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

### नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।

### केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

### आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।



कई लोग अपनी हाइट से नाखुश रहते है, उन्हें लगता हैं कि वे थोड़े और लंबे होते तो अच्छा होता। लेकिन अगर कम व अवरेज हाइट होने पर भी सही ड्रस व कपड़ों का चयन करें तो छोटी हाइट को भी लंबा दिखा सकते हैं। आइए, हम आपको कपड़ों के चयन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो छोटी हाइट को लंबा दिखाने में कारगर साबित होंगी -

# छोटी हाइट होने पर कैसे करें कपड़ों का चयन

- ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें पैर दिखें तो आप लंबी नजर आएंगी जैसे ऐसी कोई शॉर्ट ड्रेस, जो घुटने तक या उससे ऊपर हो। इस तरह की ड्रेस पहनकर छोटे कद को लंबा दिखाया जा सकता है।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप हाई वेस्ट की जींस पहन सकती हैं। इस जींस में आपके पैर लंबे नजर आएंगे जिससे देखने वालों को आपकी लंबाई अधिक होने का एहसास होगा।
- छोटे कद को लंबा दिखाने के लिए ऐसे कपड़ों का चयन करें जो वी नेक के हो, जैसे वी–नेक वाली शर्ट, टी–शर्ट, कुर्ती व ड्रेस आदि। गोल गले के कपड़े पहनने से आपको बचना चाहिए।
- कद को लंबा दिखाने के लिए सर से पैर तक एक ही रंग के कपड़ें पहनें, जैसे टॉप और बॉटम दोनों का एक ही रंग होने पर आपका कद लंबा नजर आएगा। वैसे छोटे कद पर गहरे रंग के कपड़ें भी देखने वालों को लंबा होने का एहसास देते है।
- गाउन पहनकर भी आप लंबी नजर आ सकती हैं।
- कपड़ों के अलावा हाई हील्स पहनकर भी आप हाइट को बढ़ा हुआ दिखा सकती हैं।

### ट्रेंडी हैं को-ऑर्ड्स इस समर शॉपिंग लिस्ट में करें शामिल

गर्मियों में कम्फर्टेबल आउटफिट्स खरीदना चाहती हैं तो को–ऑर्ड्स ट्राई करें। ये आउटफिट गर्मियों के लिए फिट होने के साथ बेहद स्टाइलिश भी है। गर्मी के मौसम में को–ऑर्ड्स फैशन जबरदस्त ट्रेंड में है। इसको पहनने के कई फायदे हैं। इन्हें पहनने में झंझट नहीं होता, गर्मियों के हिसाब से कम्फर्टेबल है वहीं स्टाइल के मामले में भी नंबर वन। इन टू–पीस सेट्स के साथ आपको ज्यादा अक्सेसरीज भी कैरी करने की जरूरत नहीं। अगर आप अभी भी इस फैशन को ट्राई करने में झिझक रहे हैं तो बॉलिवुड सिलेब्स से आइडिया ले सकते हैं।

# बच्चों की मजबूत इम्युनिटी के लिए जन्म के पांच साल के अंदर जरूरी है ये वैक्सीनेशन

कहते हैं हेल्थ एक प्रोसेस है। आप एक दिन में हेल्दी नहीं होते। कई छोटी-छोटी चीजें आपको मजबूत बनाती हैं। यही बात इम्युनिटी पर भी लागू होती है। मजबूत इम्युनिटी हमारे बचपन के खान-पान पर भी निर्भर करती है। वहीं, बचपन में कुछ ऐसे टीके होते हैं, जिनके लगने से गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। आज हम आपको ऐसे टीके बता रहे हैं, जिन्हें पांच साल के अंदर बच्चों को लगवाना बहुत जरूरी है।

### ये टीके हैं बेहद जरूरी

- गर्भवती महिला एंव गर्भ मे पल रहे शिशु को टिटेनस की बीमारी से बचाने के लियेटिटेनसटाक्साइड 1 / बूस्टर टीका और दूसरा टीका एक महिने के अंतर में लगवाएं। अगर पिछले तीन वर्ष मे दो टीके लगे हों तो केवल एक टीका लगवा लेना ही काफी होता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस के संक्रमण से लीवर की सूजन आ जाती है, पीलिया हो जाता है और लंबे समय तक संक्रमण के बाद लीवर कैंसर का भी खतरा हो सकता है। यह टीका बेहद जरूरी है जो हिपेटाइटिस बी के संक्रमण से बचाव करता है।
- डीपीटी टीकों की एक श्रेणी होती है, जो इंसानो को होने वाले तीन संक्रामक बीमारियों डिफ्थीरिया, पर्टुसिस ( काली खांसी ) और टिटनेस से बचाव के लिए दिए जाते हैं।
- पोलियो का टीका पोलियो नामक बीमारी जिसमें बच्चे अपंग हो जाते हैं, से सुरक्षा प्रदान करता है। यह  टीका भी बच्चों को जरूर लगवाना चाहिए।
- बच्चे को टीबी से बचाने के लिए अनिवार्य रूप से बी सी जी का टीका लगवा दें। बीसीजी का टीका लग जाने पर शिशु को टीबी की बीमारी से बचाया जा सकता है।
- हिब वेक्सीन का टीका बच्चों को डिफ्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, हेपेटाइटिस–बी और एच इन्फलांजी–बी से सुरक्षित रखता है। हिब बेक्टीरिया के संक्रमण से न्यूमोनिया एवं मष्तिष्क ज्वर ( मेनिनजाइटिस ) जैसी गंभीर बीमारी हो सकती हैं।





# बच्चों से लालच देकर कोई काम न कराएं

‘आप अगर खाना नही खाओगे, तो रात में भूत आ जाएगा।’ क्या आपने भी अपने बच्चे को खाना खिलाने के लिए ऐसा ही कोई बहाना बनाया है? आपका जवाब अगर हां है, तो आपको यह बात समझने की जरूरत है कि कभी-कभी हम बच्चों को अच्छी बातें सिखाने के लिए कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिससे कि उनके मन में कई डर घर कर जाते हैं। इसके अलावा बच्चे अनजाने में ही कई गलत आदतें सीख जाते हैं। इस कारण आपको कुछ बातें याद रखनी चाहिए-

आमतौर अपनी बात मनवाने के लिए माता–पिता बच्चे को कोई लालच देते हैं। जैसे होमवर्क पूरा करने या बाहर न जाने के बदले उसे आइसक्रीम या खिलौने का लालच। ऐसा करना बेहद गलत है क्योंकि इसके बाद भी बच्ची सही बर्ताव करने के बदले आपसे अपनी डिमांड को पूरा करवाने की कोशिश करेगा।

### किसी के सामने कोई एक्टिंग करने के लिए कहना

आमतौर पर माता–पिता बच्चों को कोई डांस या एक्टिंग करने के लिए कहते हैं। ऐसा करना शायद एंटरटेनिंग लगे, लेकिन इससे बच्चों के दिमाग पर गलत असर पड़ता है। बार–बार ऐसा कहने पर बच्चे को लगने लगता है कि अगर वह ये सब नहीं करेगा, तो उसके मम्मी–पापा उसे प्यार नहीं करेंगे या फिर मारेंगे।

### किसी के सामने बच्चों पर न चिल्लाएं

अधिकतर माता–पिता बच्चों को किसी मॉल में, पब्लिक प्लेस में या फिर किसी पार्क में ही डांटना शुरू कर देते हैं। इस दौरान बच्चा आपकी बातें न सुनकर वो इस बात पर ध्यान देने लगता है कि आसपास के लोग सुन रहे हैं इसलिए हमेशा बच्चे को एकांत में उसके व्यवहार के बारे में बताएं ताकि वे अपने बुरे व्यवहार को छोड़ सके।



### दूसरे बच्चों से तुलना

अपना बच्चा सभी को प्यारा लगता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपने बच्चे को फील गुड कराने के लिए उसकी तुलना दूसरों बच्चों से करेंगे। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे को मोटिवेट करने के लिए माता–पिता किसी बच्चे को बुरा बताते हुए अपने बच्चे की तुलना करते हैं। ऐसा करने से आपका बच्चा उस दूसरे बच्चे के लिए मन में नेगेटिव इमेज बना लेगा। आगे चलकर यह नेगेटिव चीज उसकी पर्सनैलिटी का हिस्सा भी बन सकती है।

### गलती करने पर गुस्सा करना

कभी–कभी मां–बाप अपने ऑफिस का गुस्सा या किसी और बात का गुस्सा अपने बच्चों पर निकाल देते हैं। साथ ही माता–पिता गुस्से में अपने बच्चे को उस गलती की सजा दे देते हैं, जिसे नजरअंदाज किया जा सकता था। बच्चे को अनुशासन सिखाते वक्त अपनी दूसरी समस्याओं और गुस्से को अलग रखें।

## राजौरी के गंभीर मुगलान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

एजेंसी

**राजौरी।** राजौरी के गंभीर मुगलान के सुदूर क्षेत्र में भारतीय सेना द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें भारतीय सेना की सामुदायिक सहभागिता और खेल भावना के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। दस दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में विभिन्न गांवों से टीमों ने हिस्सा लिया और उत्साही युवाओं के बीच टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम किया। मैच प्रतिस्पर्धी भावना और सौहार्द के माहौल में आयोजित किए गए जिसमें टीमों ने अपने कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। हट्टा सेरी और गुलाठी के बीच हुए फाइनल मैच में स्थानीय निवासियों, भारतीय सेना के जवानों और गणमान्य लोगों की उत्साही भीड़ देखी गई। इस कार्यक्रम में एक उच्च-ऊर्जा खेल दिखाया गया जिसका समापन हाई स्कूल हट्टा सेरी के चैंपियन बनने के साथ हुआ। उन्हें भारतीय सेना द्वारा ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए जिन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और खेल भावना की प्रशंसा की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सामुदायिक संबंध बनाने और अनुशासन को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर जोर दिया। यह टूर्नामेंट सेना की व्यापक पहल का हिस्सा था जो दूरदराज के इलाकों में स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए था जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिला। टूर्नामेंट का सफल समापन भारतीय सेना के सामुदायिक संबंधों को बढ़ाने और दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के चल रहे प्रयासों का प्रमाण था।

## पेरिस ओलंपिक में कोकीन खरीदने के प्रयास के कारण ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**नई दिल्ली।** फील्ड हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक में कोकीन खरीदने का प्रयास करने के कारण खेल की ऑस्ट्रेलियाई शासी संस्था द्वारा 12 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। क्रेग को 7 अगस्त को पेरिस में ओलंपिक अभियान समाप्त होने के बाद रात में बाहर घूमने के दौरान ड्रग खरीदने की कोशिश करने के बाद गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बिना किसी आरोप के रिहा कर दिया गया था। फ्रांसीसी अभियोजकों ने एक बयान जारी करके पुष्टि की कि अब 29 वर्षीय ओलंपियन (तीन साल पहले टोक्यो में रजत पदक विजेता) को आपराधिक चेतावनी दी गई थी और एक रात हिरासत में बिताने के बाद रिहा कर दिया गया था। हॉकी ऑस्ट्रेलिया के बयान में कहा गया, पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों में राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम के एथलीट टॉम क्रेग की गिरफ्तारी की जांच के बाद, हॉकी ऑस्ट्रेलिया की इंटीग्रिटी यूनिट ने 12 महीने का निलंबन लगाया है। इस निलंबन के छह महीने पूरी तरह से पूरे किए जाएँगे, जबकि शेष छह महीने पूरी तरह से निलंबित रहेंगे, जो आचरण और व्यवहार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने पर निर्भर करेगा।

## नेशनल ताइक्वांडो में हुसैन मेहदी ने जीता स्वर्ण

**लखनऊ।** यूनिटी कालेज के कक्षा 12 के छात्र हुसैन मेहदी ने कोयम्बटूर स्थित पोताची के दिशा ए लाइफ स्कूल में सात से 11 सितम्बर तक आयोजित सीआईएससीई नेशनल ताइक्वांडो के सीनियर हैवी वेट में स्वर्ण पदक जीता है। मेहदी चौक स्टेडियम में कोच विकास यादव के नेतृत्व में करीब आठ वर्षों से ताइक्वांडो के गुर सीख रहे हैं। स्वर्ण पदक जीतने पर कोच विकास ने फोन पर हुसैन मेहदी, उनके परिवार और स्कूल प्रशासन को बधाई दी। सीआईएससीई नेशनल ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीतने और एसजीएफआई में खुद के नाम का एलान होने के बाद हुसैन मेहदी ने अपनी जीत का श्रेय कोच विकास तिवारी, माता-पिता और यूनिटी कालेज प्रशासन को दिया। गौरतलब है कि हैवी वेट के खिलाड़ी हुसैन मेहदी ने नेशनल ताइक्वांडो की पहली फाइट में पंजाब के फाइटर को एकतरफा मुकाबले में 12-0 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में दस्तक दी। सेमीफाइनल में उन्हें पहले राउंड में गुजरात से अंक कम होने की वजह से शिकस्त देखनी पड़ी। हालांकि दूसरे राउंड में प्रतिद्वंद्वी पर आक्रामक खेल खेलते हुए 6-1 और तीसरे राउंड में 7-1 अंको से जीत दर्ज कर खिताबी दौर में पहुंच गये। जहां उनका मुकाबला बिहार-झारखण्ड से हुआ। खिताबी फाइट के चंद पल ही गुजरे थे कि हुसैन मेहदी ने प्रतिद्वंद्वी को नॉकआउट मारकर खिताब जीत लिया।

## पंजाब एफसी ने 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**मोहाली।** पंजाब एफसी नेआगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीज़न के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम 15 सितंबर को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी जबकि 20 सितंबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी। हेड कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने बताया कि उन्होने युवा और अनुभव का संतुलन रखते हुए टीम चुनी है। लुका माजसिन, मुसागा बकेंगा, इज़ेकियल विडाल, इवान नोवोसेलेक, अस्मीर सुल्जिक और फिलिप मर्ज्लाक टीम के विदेशी खिलाड़ी हैं जबकि भारतीयों में विनीत राय, निन्थोइंगनबा मीतेई, मुहीत शबीर, निहाल सुदेश और लिकमाबम राकेश सिंह शामिल हैं। अकादमी से मोहम्मद सुहैल एफ. और शामी सिंगमायुम को सीनियर टीम में प्रमोट किया गया है।

## अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट : ग्रेटर नोएडा में लगातार बारिश के कारण चौथे दिन का खेल भी रद्द



एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में लगातार बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट का चौथा दिन भी गुरुवार को रद्द कर दिया गया।

अब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द होने की संभावना है, आईसीसी मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने निर्णय लेने से पहले शुक्रवार सुबह तक इंतजार करने का फैसला किया है। रात भर भारी बारिश होने के कारण मैदान के कुछ हिस्सों में पानी भरा रहा। कोई भी टीम आयोजन स्थल पर नहीं आई, हालांकि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ अधिकारियों को ग्राउंड स्टाफ के साथ लंबी चर्चा करते देखा गया, जो भारी बारिश के कारण निराश दिख रहे थे।

यह स्थान, जो अपने पहले टेस्ट की मेजबानी कर रहा है, सुविधाओं और बुनियादी जल निकासी की कमी के कारण जांच के दायरे में आ गया है। धूप होने के बावजूद पहले कुछ दिनों तक कोई खेल नहीं होने के कारण आलोचना झेलने के बाद, स्टेडियम के अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम से कवर मंगवाए, जबकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने सुपर सॉपर्स भेजे। एसीबी के एक अधिकारी ने एक बार फिर यहां टेस्ट मैच की मेजबानी के बोर्ड के फैसले का बचाव करते हुए कहा, हमने चीजों को वापस पटरी पर लाने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन मौसम ने हमारी परेशानियां बढ़ा दीं। अफगानिस्तान ने 2017 से इस स्थल पर कई टी20आई और वनडे मैचों की मेजबानी की है।

## खालिद महमूद ने बीसीबी निदेशक पद से दिया इस्तीफा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान खालिद महमूद ने बुधवार (11 सितंबर) को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज के अनुसार, 2013 में गाजी अशरफ हुसैन के खिलाफ चुनाव जीतने वाले महमूद ने तीन बार बीसीबी निदेशक के रूप में कार्य किया, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति नजमुल हसन के पद छोड़ने के बाद देश में हुए राजनीतिक बदलाव के कारण उन्हें अपना नवीनतम कार्यकाल पूरा करने से पहले इस्तीफा देना पड़ा, जिसका बोर्ड के मामलों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। महमूद ने पहले कई वर्षों तक बीसीबी के खेल विकास अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश अंडर -19 टीम ने 2020 में आईसीसी अंडर -19 टूर्नामेंट जीता। इसके अलावा उन्होंने बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अंतरिम मुख्य कोच के साथ-साथ विभिन्न अवसरों पर टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया।

महमूद और नजमुल के अलावा कई अन्य बोर्ड निदेशकों ने भी पद छोड़ने का फैसला किया, जिनमें जलाल यूनुस, शफीउल आलम चौधरी और नईमुर रहमान शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट चोटिल,वनडे के लिए ड्वारशुइस कवर के रूप में टीम में शामिल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट साउथेम्प्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में चोटिल हो गए हैं, उन्हें साइड स्ट्रेन चोट लगी है, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया को अपने यूके दौरे से एक और तेज गेंदबाज को खोने की संभावना का सामना करना पड़ रहा है। यदि, जैसा कि संभव है, बार्टलेट चोट के कारण चल रहे इंग्लैंड दौरे से बाहर होते हैं तो इससे स्पेंसर जॉनसन (साइड) और नाथन एलिस (हैमस्ट्रिंग) के साथ बाहर होने वाले वो तीसरे गेंदबाज होंगे।

रिले मेरेडिथ, जिन्हें जोश हेज़लवुड की पिंडली की चोट के बाद स्कॉटलैंड श्रृंखला के लिए बुलाया गया था, एलिस के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैचों के लिए बरकरार रखा गया था, बार्टलेट की चोट के कारण शुक्रवार को कार्डिफ़ में होने वाले दूसरे टी-20 मैच के लिए टीम में आ सकते हैं। ऑलराउंडर आरोन हार्डी और कूपर कोनोली अन्य विकल्प हैं। न्यू साउथ वेल्स के बाएं हाथ के बेन ड्वारशुइस वनडे से पहले उड़ान भरेंगे, हालांकि वर्तमान में वह कवर प्रदान करने के लिए वहां मौजूद हैं और उन्हें आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल नहीं किया गया है। ड्वारशुइस को वनडे में कोई अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने तीन टी20 मैच खेले हैं।

## डेविस कप- अल्कराज और बॉतिस्ता ने स्पेन को दिलाई विजयी शुरुआत




एजेंसी

**वालेंसिया।** कार्लोस अल्कराज और रॉबर्टो बॉतिस्ता के एकल मैच जीतने के बाद डेविस कप ग्रुप के शुरुआती मुकाबले में स्पेन ने चेक गणराज्य को 3-0 से हरा दिया।

अल्कराज अपने मैच का शुरुआती सेट टाई-ब्रेक के बाद टॉमस मचाक के खिलाफ 6-7 (3-7) से हार गए थे,लेकिन माचाक को दूसरे सेट में चोट लगने लगी, जिसके बाद अल्काराज ने दूसरा सेट 6-1 से जीत लिया और बराबरी हासिल ली, हालंकि इसके बाद माचाक रिटायर हो गए और अल्कराज को विजेता घोषित कर दिया गया।दूसरी तरफ बॉतिस्ता ने डेविस कप में अपनी वापसी का जश्न जिरी लेहेका के खिलाफ 7-6(1), 6-4 से जीत के साथ मनाया, जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं और स्पैनियार्ड से कई स्थान ऊपर हैं। अपनी जीत के बाद बॉतिस्ता ने अपने गृहनगर कास्टेलोन डे ला प्लाना के करीब शहर में अपनी सफलता का जश्न मनाया। उन्होने कहा, मैंने इस प्रतियोगिता में अपने करियर में अपने जीवन की सबसे अच्छी चीजों का अनुभव किया है, और वालेंसिया में खेलना बहुत खास है। मैं स्पेन को पहला अंक दिलाकर बहुत खुश हूं। युगल मैच में अल्कराज और मार्सेल ग्रेनोलर्स ने जैकब मेन्सिक और एडम पावलसेक को 6-7(2), 6-3, 7-6(2) से हराया और स्पेन को 3-0 से जीत दिला दी।

## मणिपुर के टी.जी. इंग्लिश स्कूल ने जीता 63वें सुब्रतो कप जूनियर ब्वॉयज का खिताब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मणिपुर के टी.जी. इंग्लिश स्कूल ने मेघालय के म्यंगकन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 4-3 से हराकर 63वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के जूनियर ब्वॉयज खिताब पर कब्जा जमाया। दोनों टीमें निर्धारित समय में 1-1 की बराबरी पर थीं, जिसके बाद टाई-ब्रेकर के जरिए परिणाम निकाला गया। नंदिगोंग ने पहले हाफ के 32वें मिनट में मणिपुर को बढ़त दिलाई, लेकिन बानप्लिबोक खोंगजोह ने खेल के 64वें मिनट में पेनल्टी के जरिए स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेघालय के गोलकीपर वानप्ली मलंग सडन डेथ टाई-ब्रेकर के पहले स्पॉट-किक में चूक गये जिससे मणिपुर को 43 साल बाद खिताब जीत हासिल हुई। मणिपुर की टीम ने लगभग 20 मिनट तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए यह खिताब जीता।

मेघालय की टीम ने पूरे खेल में दबदबा बनाए रखा और वह अधिक संगठित और रचनात्मक दिखी, लेकिन वे फिनिशिंग में पिछड़ गए। दूसरी ओर, मणिपुर के खिलाड़ियों ने डिफेंस में मजबूती दिखाते हुए जीत अपने नाम की। मेघालय की टीम का अटैक मुख्य रूप से उनके रचनात्मक सेंट्रल मिडफील्डर बानप्लिबोक द्वारा संचालित था, जिन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। उनकी टीम के राइट विंगर बांगानसों नोंगल्हांग ने इस टूर्नामेंट में तीन हैट्रिक लगाई हैं।

मेघालय ने कई मौके गंवाए, लेकिन मणिपुर ने खेल के प्रवाह के खिलाफ जाकर पहला गोल किया। नंदिगोंग ने छः गज बॉक्स में एक लम्बे थ्रो के बाद गोल किया। मणिपुर की टीम ने दूसरे हाफ में मरून से लाइट ब्लू रंग की जर्सी बदलकर मैदान में कदम रखा और अपनी बढ़त को बनाए रखने का प्रयास किया।मेघालय को हाफ के 16वें मिनट में पहला पेनल्टी मिला, लेकिन अलीसेस्टर थांगकिव ने पोस्ट पर गेंद मारी, जबकि गोलकीपर




रानीदास ने गलत दिशा में छलांग लगाई। यह तब हुआ जब मणिपुर के हीरोबा को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे उनकी टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। अंत में, 10 मिनट शेष रहते श्यल्ला की शॉट पर नेस्तनबॉय के हाथ लगने से मेघालय को दूसरा पेनल्टी मिला, जिसे बानप्लिबोक ने आसानी से गोल में बदला।

70 मिनट बाद दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। मणिपुर के लिए एलेक्स और नंदिगोग ने स्कोर किया, जबकि मेघालय के रिचबोर्न और पिन्शैलांग चूक गए। हालांकि, योहेंबा और मणिपुर के कप्तान मनीमतुम के मिस से मेघालय ने वापसी की। अंततः सडन डेथ में, फॉनिस ने मणिपुर के लिए गोल किया जबकि वानप्ली नगोल गोल करने से चूक गये। भारतीय वायुसेना प्रमुख और सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी (एसएमईएस) के चेयरमैन, एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर 2022 एशियाई खेलों की डबल सिल्वर मेडलिस्ट हरमिलन बैंस विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं। पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने कहा, ÷सुब्रतो कप के 63वें संस्करण का समापन एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। इस टूर्नामेंट ने एक बार फिर युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक शानदार मंच साबित किया है। इस साल हमने कई होनहार एथलीटों का उदय देखा है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इनमें से कुछ भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैं न केवल जूनियर ब्वॉयज श्रेणी के विजेताओं बल्कि जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर बॉयज श्रेणियों के चैंपियनों को भी बधाई देता हूं। हर खिलाड़ी ने अपार समर्पण दिखाया है, और हम अगले साल के सुब्रतो कप को और बड़ा और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मिलकर भारत में जमीनी स्तर के फुटबॉल के मानकों को ऊंचा उठाते रहेंगे।÷

हरमिलन बैंस ने मैच के बाद कहा, ÷सुब्रतो कप के फाइनल में इन युवा खिलाड़ियों की उत्कृष्ट प्रतिभा और खेल भावना को देखना अद्भुत रहा। एक एथलीट के रूप में, मैं समझती हूं कि इस तरह के मंच एक खिलाड़ी के भविष्य को आकार देने में कितने महत्वपूर्ण होते हैं।

## मैकाबी तेल अवीव बेलग्रेड में यूरोपा फुटबॉल लीग मैचों की मेजबानी करेगा

**जेरूसलम।** इजरायली चैंपियन मैकाबी तेल अवीव की टीम अपने चार यूरोपा लीग घरेलू मैच बेलग्रेड के पार्टिज़न स्टेडियम में खेलेगी, मैकाबी ने एक बयान में घोषणा की। मैकाबी घरेलू मैच सर्बिया में खेलेंगे क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आयोजन निकायों ने 7 अक्टूबर, 2023 से इज़राइल में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैचों की मेजबानी पर रोक लगा दी है। लीग चरण में, जो सितंबर के अंत से जनवरी के अंत तक चलेगा, मैकाबी का सामना बेलग्रेड में मिडटजिलैंड, रियल सोसिदाद, आरएफएस रीगा और पोर्टो से होगा, साथ ही ब्रागा, अजाक्स एम्स्टर्डम, बेसिकटास और बोडो/ग्लिम्ट के खिलाफ मैच भी होंगे। मैकाबी के बयान के अनुसार, इसमें शामिल सभी पक्ष प्रशंसकों को बेलग्रेड में मैचों में भाग लेने की अनुमति देने पर सहमत हुए।

## यूएस सॉकर मेन्स नेशनल टीम के कोच नियुक्त हुए चेल्सी के पूर्व प्रबंधक मौरिसियो पोचेतीनो

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** चेल्सी के पूर्व मैनेजर मौरिसियो पोचेतीनो को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) पुरुष टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। यूएस सॉकर ने एक बयान में उक्त घोषणा की।

पोचेतीनो, जो एक सत्र तक इंग्लिश प्रीमियर लीग की टीम चेल्सी की कमान संभालने के बाद मई में इससे अलग हो गए थे, 2026 विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसकी संयुक्त मेजबानी मैक्सिको, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा की जाएगी। पेरिस सेंट-जर्मेन और टोटेनहम हॉटस्पर के पूर्व मैनेजर अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने कहा कि यूएस सॉकर में शामिल होने का उनका फैसला सिर्फ फुटबॉल के बारे में नहीं था, बल्कि देश की यात्रा के बारे में था और वह इस



अवसर को नहीं छोड़ सकते थे। उन्होंने एक बयान में कहा, ऊर्जा, जुनून और यहां कुछ सचमुच ऐतिहासिक हासिल करने की भूख - यही वो चीजें हैं जिन्होंने मुझे प्रेरित किया। मैं प्रतिभा और क्षमता से भरे खिलाड़ियों के एक समूह को देखता हूं, और साथ मिलकर हम कुछ ऐसा खास बनाने जा रहे हैं जिस पर पूरा देश गर्व कर सके। यूएस सॉकर स्पोर्टिंग डायरेक्टर मैट क्रॉकर ने कहा कि पोचेतीनो खिलाड़ियों को विकसित करने के गहरे जुनून के साथ लगातार विजेता रहे हैं। उनका ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है, और मुझे पूरा भरोसा है कि वह हमारी प्रतिभाशाली टीम की अपार क्षमता का दोहन करने के लिए सही विकल्प हैं। वैश्विक मंच पर सफलता प्राप्त करने के इस रोमांचक सफर पर निकलते समय मौरिसियो को टीम में शामिल करने पर हमें बेहद खुशी है।जुलाई में घरेलू धरती पर कोपा अमेरिका से अपमानजनक ढंग से बाहर होने के बाद से यूएसए कोई स्थायी कोच के बिना है, जिसके परिणामस्वरूप मुख्य कोच के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के बाद ग्रेग बरहाल्टर को बर्खास्त कर दिया गया था। एक नए कोच के लिए यूएस सॉकर की खोज तब शुरू हुई जब बेरहेल्टर का अनुबंध 2022 के अंत में समाप्त हो गया और इसमें कनाडा के कोच जेसी मार्स्च जैसे नाम शामिल थे, लेकिन उन्होंने अंततः पिछले साल जून में खिलाड़ियों के पूर्ण समर्थन के साथ बेरहल्टर को फिर से नियुक्त किया। हालांकि, यह असफल साबित हुआ क्योंकि अमेरिका पनामा से 2-1 और उरुग्वे से 1-0 से हारने के बाद कोपा अमेरिका के समूह चरणों से आगे बढ़ने में विफल रहा।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** युवा स्ट्राइकर राज कुमार पाल की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। यह टूर्नामेंट में भारत की लगातार तीसरी जीत थी। राज कुमार (तीसरे, 25वें और 33वें मिनट) के अलावा, अरिजीत सिंह हुंदल (छठे और 39वें मिनट), जुगराज सिंह (सातवें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वें मिनट) और उत्तम सिंह (40वें मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे। मलेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनवार (34वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत फिलहाल तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 17 सितंबर को फाइनल होगा।



भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था, उसके बाद उसने जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत गुरुवार को कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच खेलेगा।

इन दोनों टीमों के बीच आखिरी मैच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल था, जहां हाफ-टाइम तक भारत 1-3 से पीछे था। उस मैच में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी की और 4-3 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।आज खेले गए मैच में भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पांच फील्ड गोल और तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए, जिन्हें जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने गोल में बदला।

मलेशिया के खिलाफ, भारतीयों ने पहले क्वार्टर में लगातार हमलों के साथ आगे बढ़ना शुरू किया। और राज कुमार ने भारत को बढ़त दिलाने में देर नहीं लगाई, उन्होंने एक गोल किया, अविश्वसनीय स्टिकवर्क दिखाया और इस तरह मलेशियाई बैक-लाइन का मजाक उड़ाया।

तीन मिनट बाद, अरिजीत ने मलेशियाई पोस्ट के कोने को ढूंढकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। एक मिनट बाद, जुगराज ने एक शक्तिशाली ड्रैग-फ्लिक के साथ पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन गोल करके बढ़त को और मजबूत कर दिया। टीम पहले क्वार्टर में 3-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ी। तीन गोल से पिछड़ने के बाद मलेशिया ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति मज़बूत रही।

भारत ने 22वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग-फ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने शानदार फ्लिक के साथ मलेशियाई गोल में गेंद को डाला और बढ़त को और आगे बढ़ाया।कुछ मिनट बाद, राज कुमार ने अपना दूसरा गोल किया, जिसे अरिजीत और उत्तम ने सेट किया था और भारत ने हाफ-टाइम में 5-0 की बढ़त हासिल की। अंत में बदलाव के तीन मिनट बाद, राज कुमार ने सीनियर स्तर पर अपनी पहली हैट्रिक बनाई और भारत को 6-0 से आगे कर दिया। मैच के 34वें मिनट में अखिमुल्लाह ने गोल कर मलेशिया का खाता खोला और स्कोर 6-1 हो गया।

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया

एजेंसी

**मोकी (चीन)।** पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराकर हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की।चीन के हुलुन बुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेले गये मैच में अहमद नदीम (10फीसदी) और सुफियान खान (21फीसदी) ने गोल किए जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल रायकी फुजीशिमा (28फीसदी) ने किया। इस जीत के साथ, पाकिस्तान पूल स्टैंडिंग में शीर्ष पर भारत से पांच अंक पीछे दूसरे स्थान पर है।

मलेशिया के खिलाफ 2-2 और कोरिया के खिलाफ 2-2 के ड्रा के साथ




पाक अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहा हैं, लेकिन खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत थी। स्ट्राइकिंग सर्कल में तीन शुरुआती आक्रमण करके पाकिस्तान के इरादे को प्रदर्शित किया, लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा के आगे उनकी नहीं चली। कुछ शुरुआती प्रयासों के बाद, पाकिस्तान आखिरकार अहमद नदीम के शानदार फील्ड गोल किया। दूसरे क्वार्टर में गति बरकरार रखते हुए 21वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर हासिल कर पाक ने अपनी बढ़त 2-0 कर ली। मैच के 27वें मिनट में जापान को पेनाल्टी कार्नर मिला मगर पाकिस्तानी की डिफेंस ने उसे विफल कर दिया मगर अगले ही मिनट में एक और फ़ुट फ़ाउल के कारण उन्हें एक और पेनाल्टी कार्नर मिला और कप्तान रायकी फुजीशिमा ने गेंद को पाकिस्तान के गोलकीपर इश्तियाक अब्दुल्ला खान के पास पहुंचा दिया।

आधे समय के ब्रेक के बाद, दोनों टीमों ने गोल के लिए कई बार कोशिश की मगर रक्षकों के चौकन्ना रहने से कोई गोल नहीं कर सका।अंतिम छह मिनट तनावपूर्ण रहे, जापान ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा, लेकिन पाकिस्तान ने बढ़त बनाए रखने के लिए कड़ा संघर्ष किया और तीन अंकों के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

# शहजादा धामी के बाद अब प्रतीक्षा होनमुखे ने तोड़ी चुप्पी, डेटिंग को लेकर कही ये बात





स्टार प्लस के टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में रुही का किरदार निभाने वालीं प्रतीक्षा होन्मुखे को शो के प्रोड्यूसर राजन शाही ने टर्मिनेट कर दिया था. सिर्फ प्रतीक्षा ही नहीं बल्कि उनके को-स्टार शहजादा धामी को भी शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. कहा जा रहा था कि इन दोनों की बढ़ती नजदीकयों के चलते प्रतीक्षा और शहजादा को शो से टर्मिनेट किया गया है.हालांकि टर्मिनेट होने के बाद न तो प्रतीक्षा ने इस बारे में किसी मीडिया पोर्टल से बात की थी, न ही उन्होंने सोशल मीडिया पर फैन्स के सामने अपना पक्ष रखने की कोशिश की. लेकिन अब एक नया शो मिलने के बाद प्रतीक्षा ने इस पूरे मामले पर बात की है.

प्रतीक्षा जल्द ज़ी टीवी के नए शो 'कैसे मुझे तुम मिल गई' में एंट्री करने वाली हैं. टेली टॉक इंडिया के साथ की बातचीत में प्रतीक्षा ने शो के प्रोड्यूसर राजन शाही के लगाए इल्जामों पर सफाई देते हुए कहा, इस इंडस्ट्री में हम, हमारे खिलाफ बोलने वालों का मुंह तो बंद नहीं कर सकते. आज ये लोग मेरे एक दोस्त के साथ मेरा नाम जोड़ रहे हैं. कल अगर मेरी और किसी के साथ दोस्ती हो जाएगी, तब ये लोग हमारे रिश्ते को लेकर भी बात करेंगे. दोस्ती का मतलब प्यार नहीं होता. मुझे लगता है कि ऐसे लोगों को नजरअंदाज करना चाहिए. मैं भी अपने काम पर ध्यान देना चाहती हूं. और रही बात मेरी सच्चाई की, तो भगवान सब देख रहे हैं. और वो अच्छी तरह से जानते हैं कि कौन सही है और कौन गलत है.

**शहजादा के साथ रिश्ते को लेकर बोलीं प्रतीक्षा**

इस दौरान प्रतीक्षा ने शहजादा के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी बात की. प्रतीक्षा ने कहा,शहजादा और मैं, हम दोनों एक दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त हैं. दोस्ती के अलावा हमारे बीच और कुछ भी नहीं है. हम इस सीरियल के सेट पर मिले, उन्होंने मेरी बहुत मदद की. वो उस सीरियल के सेट पर बने मेरे पहले दोस्त थे. हम दोनों ने गलत चीजों के खिलाफ बात की. शूटिंग के दौरान जिस तरह से शहजादा मेरी मदद के लिए आगे आते थे, उस वजह से हमारे बीच की दोस्ती और पक्की हुई. हमारा एक बॉन्ड बन गया. आज भी मैं कहती हूं कि वो मेरा अच्छा दोस्त था, है और रहेगा. लेकिन डेटिंग की खबरें पूरी तरह से झूठ हैं.

# सलमान खान के बिग बॉस से इन 5 मामलों में अलग होगा अनिल कपूर का शो!

तीन दिन बाद यानी 21 जून 2024 से 'बिग बॉस ओटीटी' के सीजन 3 की शुरुआत होने जा रही है. अनिल कपूर इस शो से रियलिटी शो की दुनिया में अपना डेब्यू कर रहे हैं. बॉलीवुड के इस 'झकास कपूर' ने 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' के होस्ट सलमान खान को रिप्लेस किया है. क्या अनिल कपूर ऑडियंस को 'बिग बॉस ओटीटी' के इस नए सीजन की तरफ आकर्षित कर पाएंगे या नहीं, ये देखने के लिए हर कोई उत्सुक हैं. तो आइये जानते हैं, सलमान खान के 'बिग बॉस' से अनिल कपूर का ये रियलिटी शो कितना अलग होगा.



**खर्च करने पड़ेंगे पैसे**

अब तक 'बिग बॉस' के 17 सीजन और ओटीटी के 2 सीजन ऑडियंस के लिए पूरी तरह से फ्री रहे हैं. न तो दर्शकों ने सलमान खान का कलर्स टीवी पर ऑन एयर होने वाला शो देखने के लिए पैसे खर्च किए थे, न ही एल्विश यादव का 'बिग बॉस ओटीटी 2'. लेकिन अनिल कपूर का 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखने के लिए ऑडियंस को पैसे खर्च करने पड़ेंगे.

**सभी के लिए नहीं खुली रहेंगी वोटिंग लाइन**

'बिग बॉस' देखने वाले सभी ऑडियंस को मेकर्स ने वोट करने का अधिकार दिया था. और पिछले कुछ सालों से ये वोटिंग प्रक्रिया पूरी तरह से फ्री हो गई थी. लेकिन 'बिग बॉस ओटीटी 3' में सिर्फ जियो का प्रीमियर सब्सक्रिप्शन खरीदने वाली ऑडियंस को ही कंटेस्टेंट को वोट करने का अधिकार दिया जाने वाला है.

**नजर आएगा अनिल कपूर का अलग अंदाज**

बिग बॉस की ऑडियंस को सलमान खान, करण जौहर और फराह खान की आदत हो गई है. वो जानते हैं कि जब सलमान खान आते हैं, तब जो चीजें उन्हें पसंद नहीं आती, उनके बारे में वो सीधे बात करते हैं. कई बार कंटेस्टेंट को उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ता है. करण जौहर की बात करें तो कंटेस्टेंट की क्लास लगाते हुए उन्हें डांटने की जगह अक्सर करण उन पर तंज कसते हुए नजर आते हैं. तो फराह खान अपने मजेदार अंदाज में कंटेस्टेंट को ज्यादातर समझाते हुए नजर आती हैं. अब मेकर्स अनिल कपूर को इन तीनों से पूरी तरह से अलग अंदाज में ऑडियंस के सामने पेश करने जा रहे हैं. उनका स्टाइल थोड़ा अनफिल्टर होगा, और साथ ही वो अपना देसी स्वैग भी ओटीटी के मंच पर दिखाते हुए नजर आने वाले हैं.

**सेट**

हमेशा की तरह बिग बॉस के सेट पर भी मशहूर निर्देशक और सेट डिजाइनर उमंग कुमार और उनकी टीम काम कर रही है. सूत्रों की मानें तो 'बिग बॉस सीजन 17' और 'बिग बॉस ओटीटी के सीजन 2' से 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का सेट पूरी तरह से ग्रैंड और अलग होने वाला है.

**प्रीमियम कंटेस्टेंट**

शुरुआत से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' की क्रिएटिव टीम इस कोशिश में जुट गई थी कि वो कुछ ऐसे कंटेस्टेंट इस शो में लेकर आए, जिन्हें देखने के लिए ऑडियंस पैसे खर्च करने के लिए तैयार हो. हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि अनिल कपूर के इस शो से जुड़ने के बाद कई सेलिब्रिटीज ने इस शो से बैकआउट भी किया था, हालांकि इस बात को लेकर किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. लेकिन बताया जा रहा है कि इस सीजन में ऑडियंस को प्रीमियम कैटगरी के सेलिब्रिटी देखने मिलने वाले हैं.

# इतनी बार ऑनस्क्रीन शादी कर चुकी हूं कि अब असल जिंदगी में....22 साल की अवनीत कौर का खुलासा



अवनीत कौर और सनी सिंह की फिल्म 'लव की अरेंज मैरिज' ओटीटी प्लेटफार्म ZEE5 पर स्ट्रीम हो रही है. इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में अवनीत एक मजेदार अंदाज में नजर आ रही हैं. वैसे तो अवनीत ने अपने करियर में रानी मुखर्जी से लेकर इरफान खान तक कई बड़े सितारों के साथ काम किया है. लेकिन पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' के साथ उन्होंने बतौर लीड बॉलीवुड में एंट्री की.फिल्मों में अपनी पहचान बना रही अवनीत अब तक 10 से ज्यादा टीवी शो में काम कर चुकी हैं. अवनीत की फिल्म 'लव की अरेंज मैरिज' एक शादी की कहानी है. हाल ही में 22 साल की इस एक्ट्रेस की शादी की खबरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही थीं. टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की एक्सक्लूसिव बातचीत में अवनीत ने शादी की खबरों को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है.अवनीत कौर ने कहा, अब तक फिल्म और टीवी सीरियल में इतनी बार मेरी शादी हो चुकी है कि असल जिंदगी में शादी करने का मेरा बिलकुल भी मन नहीं करता. मजाक कर रही हूं. दरअसल मैंने शादी के बारे में सोचा ही नहीं है. फिलहाल मैं मेरे काम में व्यस्त हूं. मैं उम्र के इस पड़ाव पर हूं जहां मुझे मेरा नाम बनाना है, खुद की एक अलग पहचान बनानी है. और शादी के लिए फिलहाल तो बहुत टाइम है. रही बात 'लव की अरेंज मैरिज' की, तो इस फिल्म में तो इतनी अतरंगी और ट्विस्ट वाली शादी आपको देखने को मिलेगी, जो आपने पहले कभी कहीं देखी नहीं होगी.

**रियलिटी शो से की थी करियर की शुरुआत**

अवनीत ने रेमो डिसूजा के रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर' से बतौर कंटेस्टेंट अपने करियर की शुरुआत की थी. उनके कमाल के एक्सप्रेशन देखकर एसवीएम एंटरटेनमेंट के श्रीकांत मेहता और महेंद्र सोनी ने उन्हें अपने सीरियल 'मेरी मां' के लिए कास्ट किया. अपने आखिरी सीरियल 'अलादीन ङ्क नाम तो सुना होगा' में अवनीत प्रिंसेस यास्मीन बनी थीं.

# 'मैं कुछ भी सुन नहीं पा रही...', अल्का याग्निक को हुआ ये रेयर डिसऑर्डर, सोनू निगम ने किया रिएक्ट



बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक एक रेयर न्यूरो डिसऑर्डर का शिकार हो गई हैं. सिंगर ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी साझा की है जिसके बाद से फैन्स काफी चिंतित हो गए हैं. सिंगर ने बताया कि एक दिन फ्लाइट से बाहर आते वक्त उन्हें अचानक इस बात का आभास हुआ कि वे सुन नहीं पा रही हैं. उन्हें ये समस्या एक वायरल अटैक के बाद हुई है. सिंगर ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी साझा की है जिसके बाद से फैन्स उनकी रिकवरी की दुआएं कर रहे हैं. बॉलीवुड की नामी हस्तियां भी इस खबर से शॉक्ड हैं. कुछ लोग तो सिंगर को ये सलाह भी दे रहे हैं कि उन्हें लाउड म्यूजिक से दूर रहना चाहिए.सिगंर ने इंस्टा पर अपनी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा- अपने सभी चाहनेवालों, दोस्तों और शुभचिंतकों से मैं कहना चाहती हूं कि कुछ हफ्ते पहले मैं जब फ्लाइट से बाहर निकली तो मुझे इस बात का एहसास हुआ कि मैं कुछ सुन नहीं पा रही हूं. अब कई दिन बाद मैं ये बात आप लोगों से कहने ही हिम्मत जुटा पाई हूं. जो लोग मुझसे पूछ रहे थे कि मैं इतने दिन से कहां थी उन्हें मैं बताना चाहती हूं कि मुझे एक रेयर सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस नाम का डिसऑर्डर हो गया है. ऐसा वायरल अटैक की वजह से हुआ है.

अचानक हुई इस घटना से मैं स्तब्ध हूं. जब तक मैं ठीक नहीं हो जाती हूं तब तक मेरे लिए दुआएं करिए. मैं अपने फैन्स और युवा साथियों से ये कहना चाहूंगी कि आप ज्यादा भड़ीकले और लाउड म्यूजिक से दूर रहिए, साथ ही हेडफोन्स से भी दूरी बनाकर रखिए. एक दिन मैं आप सभी से इस बारे में विस्तार से बात करूंगी और अपनी प्रोफेशनल लाइफ के खतरों के बारे में बताऊंगी. मुझे उम्मीद है कि मैं आप लोगों के प्यार और समर्थन से जल्द ठीक हो जाऊंगी और वापिसी करूंगी. इस मुश्किल वक्त में आप लोगों का साथ मेरे लिए सबकुछ है.

**सोनू निगम का आया रिएक्शन**

इस पोस्ट पर कई सारे लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं. फैन्स इस बात से चिंतित दिख रहे हैं. सोनू निगम, ईला अरुण और पूनम ढिल्लो जैसे कलाकारों ने इसपर रिएक्ट किया. कई फिल्मों में अल्का के साथ गाना गा चुके सिंगर सोनू निगम ने लिखा- मुझे लग ही रहा था कि कुछ गड़बड़ है. मैं वापस आकर आपसे मिलता हूं. आप जल्द ठीक हो जाएं इसकी कामना करता हूं.